CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 08°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 13 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 332 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार देने वाला बनाना : कपिल देव अग्रवाल पेज 2



महिला पहलवान विनेश फोगाट ने संन्यास वापस लिया खेल टाइम्स



सर्दियों में बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम सम्पादकीय



पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर कसेगा शिकंजा! पेज 12

# 2027 में होगी डिजिटल जनगणना

## केंद्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला एक नागरिक की जनगणना पर खर्च होंगे 97 रुपये

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में 2027 में पहली बार जनगणना डिजिटली होगी। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कैबिनेट मीटिंग में इसके लिए 11,718.24 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इसके मुताबिक एक व्यक्ति की जनगणना पर सरकार के करीब 97 रुपये खर्च होंगे।

दरअसल 2011 की जनगणना में भारत की आबादी लगभग 121 करोड़ थी। अगर इसे आधार माना जाए, तो एक व्यक्ति की गणना करने में करीब 97 रुपये खर्चा (11,718.24 करोड़ रुपये/121 करोड़ आबादी) आएगा। अगर 150 करोड़ अनुमानित जनसंख्या मानी जाए, तो प्रति व्यक्ति 78 रुपये खर्च होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 30 लाख कर्मचारी डिजिटल जनगणना पूरी करेंगे। यह सीएएएस सॉफ्टवेयर से होगी। इसका डिजाइन डेटा सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जनगणना दो फेज में होगी। फेज-1 (अप्रैल-सितम्बर 2026) में घरों की लिस्टिंग और गिनती होगी। फेज-2 (फरवरी 2027) में आबादी की गिनती होगी। केंद्र सरकार 19 साल पुरानी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' करने की तैयारी कर रही है। सरकार जल्द ही इसका ऐलान कर सकती है। केंद्र सरकार ने इंश्योरेंस सेक्टर में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) की लिमिट 100 फीसदी करने का बिल पास कर दिया है। पहले यह 74 फीसदी था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट ने गुरुवार को इंश्योरेंस अमेंडमेंट बिल को -शेष पृष्ठ दो पर

**केंद्र ने जनगणना 2027 के लिए 11,718 करोड़ मंजूर किए, पहली बार डिजिटली होगा सेंसस**

**केंद्र सरकार मनरेगा योजना का नाम बदलेगी, इंश्योरेंस सेक्टर में एफडीआई 100 प्रतिशत तक होगी**

**कोयले का निर्यात करने की मंजूरी, कोल सेतु नामक एक नई विंडो बनाई गई**



## 2026 सीजन के लिए नारियल के MSP में इजाफा

**नई दिल्ली।** केंद्र की आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 2026 सीजन के लिए नारियल के दोनों प्रकारों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में इजाफा कर दिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

श्री वैष्णव ने बताया कि किसानों को लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 2026 सीजन के लिए नारियल गिरी मिलिंग ग्रेड के एमएसपी में 400 रुपये की और नारियल गोला के एमएसपी में 445 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद नारियल गिरी मिलिंग ग्रेड का नया एमएसपी 12027 प्रति कुंतल और नारियल गोला का नया एमएसपी 12500 प्रति कुंतल हो गया है। बढ़ा हुआ एमएसपी न केवल नारियल किसानों को बेहतर लाभकारी रिटर्न सुनिश्चित करेगा बल्कि किसानों को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नारियल उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भी प्रोत्साहित करेगा।

**■ मिलिंग ग्रेड में 400, तो गोला के दाम 445 रुपये प्रति कुंतल बढ़े**

# इंडिगो पर एक्शन, चार फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर सस्पेंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो संकट मामले में चार फ्लाइट ऑपरेशन्स इंस्पेक्टर (एफओआई) पर कार्रवाई करते हुए उन्हें बर्खास्त कर दिया है।

डीजीसीए के 11 दिसम्बर को जारी आदेश में कहा गया है कि ये अधिकारी तत्काल प्रभाव से डीजीसीए की सेवा से मुक्त कर दिए गए हैं और अपने मूल संगठनों में वापस चले जाएंगे। जिन अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। उनमें कंसल्टेंट (डिप्टी चीफ एफओआई) ऋषिराज चटर्जी, सीनियर एफओआई सीमा झमनानी, कंसल्टेंट (एफओआई) अनिल कुमार पोखरियाल और कंसल्टेंट (एफओआई) प्रियम कौशिक शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर के पहले सप्ताह में हजारों की संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द की गईं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का समाना करना पड़ा है।



### इंडिगो को 58.75 करोड़ का कर नोटिस

**नई दिल्ली।** दिसम्बर के पहले सप्ताह में हजारों की संख्या में उड़ानें रद्द करके लाखों यात्रियों की परेशानी का सबब बनी विमान सेवा कंपनी इंडिगो की मुश्किलें और बढ़ गई हैं, उसे सीजीएसटी से जुड़े एक मामले में 58.75 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया गया है। इंडिगो ने शेयर बाजार को बताया कि उसे कर विभाग के दक्षिणी दिल्ली कमीशनरेट के अतिरिक्त सीजीएसटी आयुक्त से गुरुवार 11 दिसम्बर को यह नोटिस प्राप्त हुआ है।

### इंडिगो संकट की जांच करेगी अमेरिकी कंपनी

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने पिछले सप्ताह बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने और उससे पहले बड़े पैमाने पर देरी के कारणों की जांच की जिम्मेदारी एक अमेरिकी कंपनी को सौंपी है। इंडिगो ने बताया कि निदेशक मंडल ने अमेरिकी कंपनी चीफ एविएशन एडवाइजर्स को तकनीकी जांच का जिम्मा सौंपने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। यह जांच विमानन संरक्षा से जुड़े दिग्गज कैप्टन जॉन इलसन के नेतृत्व में होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल का निधन

**लातूर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार को 90 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने लातूर में सुबह 6.30 बजे अंतिम सांस ली। शिवराज पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। लातूर में उनके घर देवघर में उनका इलाज चल रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाटिल का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। शिवराज के परिवार में उनके बेटे शैलेश, बहू अर्चना और दो पोतियां हैं।

### यूपी में विशेष पर्व पर 1 घंटे ज्यादा खुलेंगी मदिरा की दुकानें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी विभाग ने क्रिसमस और नववर्ष के मद्देनजर प्रदेशभर की सभी आबकारी फुटकर दुकानों का खोलने का समय बढ़ाने का निर्णय लिया है। आबकारी आयुक्त कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार 24 और 25 दिसम्बर को क्रिसमस पर्व तथा 30 और 31 दिसम्बर को नववर्ष उत्सव के दौरान दुकानों के संचालन का समय सुबह 10 बजे से रात 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। इससे पूर्व या आम दिनों में आबकारी की फुटकर दुकानें सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक खुलती थी।

### दिव्यांग के लिए पसंदीदा परीक्षा केंद्रों की सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने दिसम्बर 2025 से सभी दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए पसंदीदा परीक्षा केंद्रों की सुविधा की शुरुआत की है, जिसके तहत वे अपनी पसंद के परीक्षा केंद्र चुन सकेंगे। आयोग ने इन उम्मीदवारों की अक्सर लॉजिस्टिक चुनौतियों और खास जरूरतों को देखते हुए फैसला लिया है कि हर दिव्यांग अभ्यर्थी को वही परीक्षा केंद्र दिया जाए, जिसे उन्होंने आवेदन प्रपत्र में अपनी पसंद के तौर पर बताया है।

# करूर भगदड़ की निष्पक्ष जांच होना जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

## सुपरवाइजरी कमेटी में तमिलनाडु का कोई व्यक्ति शामिल नहीं होगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को करूर भगदड़ मामले में पहले दिए गए अपने निर्देश को बदलने से इन्कार कर दिया। अदालत ने निर्देश दोहराते हुए कहा कि सीबीआई जांच की निगरानी करने वाले सुपरवाइजरी कमेटी के सदस्य तमिलनाडु के मूल निवासी नहीं होंगे।

**कहा: इस फैसले को नहीं बदलेगी अदालत**

मामले की सुनवाई जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने की। विजय की पार्टी टीवीके की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने सीबीआई जांच के आदेश पर आपत्ति जताई थी, लेकिन कोर्ट ने कोई बदलाव नहीं किया। सुनवाई के दौरान जस्टिस माहेश्वरी ने कहा कि हम चाहते हैं कि सब कुछ निष्पक्ष हो। सुप्रीम कोर्ट ने 13 अक्टूबर के अपने फैसले को याद किया और बताया कि यह कमेटी जांच को पूरी तरह निष्पक्ष बनाने के लिए बनाई गई थी।

## भूकंप के खतरों पर दिशा निर्देश नहीं दे सकते

### बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा: क्या सबको चांद पर भेज दें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देशभर में भूकंप से जुड़े खतरों को कम करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि यह मामला सरकार की नीति से जुड़ा है और कोर्ट इसमें दखल नहीं दे सकता। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने याचिका की सुनवाई की।



याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि पहले सिर्फ दिल्ली को उच्च भूकंप का हाई-रिस्क जोन माना जाता था, लेकिन अब नए आकलन के अनुसार देश की 75 फीसदी आबादी हाई-रिस्क जोन में रहती है। इसके जवाब में जस्टिस नाथ ने कहा, तो क्या हम सबको चांद पर भेज दें? वहीं जब याचिकाकर्ता ने जापान में आए हालिया भूकंप का हवाला दिया, तो कोर्ट ने कहा कि पहले हमें भारत में ज्वालामुखी लाने होंगे, तभी जापान से तुलना हो सकती है। याचिकाकर्ता ने कहा कि सरकार को भूकंप से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। अदालत ने यह बात मानने से इन्कार कर दिया और कहा कि यह सरकार का काम है, कोर्ट नहीं कर सकता।

### गोवा अग्निकांड: क्लब मालिकों को भारत लाया जा रहा

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन आग मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड से भारत लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। थाईलैंड पुलिस ने गुरुवार (11 दिसम्बर) को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया था। थाई पुलिस अब दोनों को बैंकॉक के सुवर्णभूमि एयरपोर्ट ले गई है। यहां दोनों को भारतीय एजेंसियां अपनी कस्टडी में लेंगी। इसके बाद उन्हें सुआन फू इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर ले जाया जाएगा। पासपोर्ट रद्द होने के कारण भारतीय दूतावास इनके लिए इमरजेंसी ट्रैवल सर्टिफिकेट जारी करेगा। चूंकि, थाईलैंड से गोवा के लिए सीधी उड़ान नहीं है, इसलिए लूथरा ब्रदर्स को बैंकॉक से पहले दिल्ली, फिर गोवा ले जाया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में करीब 4 दिन लगेंगे। सोमवार तक दोनों भाइयों के दिल्ली पहुंचने की संभावना है। दिल्ली पहुंचते ही गोवा पुलिस दोनों को हिरासत में लेगी। इधर, लूथरा ब्रदर्स को लेकर एक नया खुलासा हुआ है

# संसद में सत्ता पक्ष की हमने धज्जियां उड़ा दीं: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि संसद में वंदे मातरम और मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस तथा विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने जिस तरह सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं और इससे भाजपा तथा उसके नेताओं की जो स्थिति थी वह देखकर उन्हें बहुत अच्छा लगा है।

श्री गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवालों पर कहा कि विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने इन दोनों मुद्दों पर हुई चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं और गृह मंत्री अमित शाह इससे मानसिक रूप से बहुत परेशान थे।

### राहुल ने पार्टी के लोकसभा सदस्यों के साथ बैठक की

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले यहां पार्टी के लोकसभा सांसदों की बैठक बुलाकर सदन में कांग्रेस की रणनीति को लेकर चर्चा की। श्री गांधी ने पार्टी के लोकसभा सांसदों की यह बैठक संसद भवन एनेक्सी के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित की।

### जुबीन गर्ग केस: 3500 पेज की चार्जशीट दाखिल

**गुवाहाटी।** असम के सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने शुक्रवार को गुवाहाटी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। वकीलों के मुताबिक चार्जशीट में नार्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत, सिद्धार्थ शर्मा, शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रवा महंत पर जुबीन की हत्या का आरोप लगाया गया है। वहीं जुबीन गर्ग के चचेरे भाई और सस्पेंड पुलिस अधिकारी संदीपन गर्ग पर गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया गया है। करीब 3,500 पेज की चार्जशीट और उससे जुड़े सबूत चार ट्रंक में भरकर कोर्ट लाए गए। नौ सदस्यीय एसआईटी छह गाड़ियों के काफिले में कोर्ट पहुंची। इस मामले में अब तक 7 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जुबीन गर्ग की 19 सितम्बर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय रहस्यमय हालात में मौत हुई थी।


# 18.79 लाख भारतीयों ने त्यागी नागरिकता

## 2022 में सर्वाधिक 2,25,620 भारतीयों ने छोड़ी नागरिकता, 13 वर्षों में हुई रिकॉर्ड बढ़ोतरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/काशीपुर।** पिछले 13 वर्षों में भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ती गई है और अब यह आंकड़ा 18.79 लाख तक पहुंच चुका है। वर्ष 2011 से 2023 के बीच कुल 18,79,699 भारतीयों ने स्वेच्छा से अपनी नागरिकता त्यागकर 135 देशों की नागरिकता अपनाई है।

यह खुलासा उत्तराखंड के काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) को विदेश मंत्रालय की ओर से उपलब्ध कराई गई सूचना से हुआ है। नदीम उद्दीन ने विदेश मंत्रालय से यह जानकारी मांगी थी कि वर्ष 2011 से अब तक कितने भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी है। इसके उत्तर में विदेश मंत्रालय के जन सूचना अधिकारी/अवर सचिव तरुण कुमार ने राज्यसभा में सांसद कपिल सिब्बल और डा. जोहान बिट्स द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर का इंटरनेट लिंक उपलब्ध कराया। लिंक से दस्तावेज डाउनलोड करने पर 13 वर्षों का विस्तृत डेटा सामने आया। 2022 और 2023 में सबसे अधिक नागरिकता छोड़ने के मामले सामने आए हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 2022 और 2023 नागरिकता त्यागने के मामले में सबसे अधिक रहे। 2022 में सर्वाधिक 2,25,620 भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी, जो 13 वर्षों में सबसे बड़ा आंकड़ा है। 2023 में 2,16,219 लोगों ने भारतीय नागरिकता त्यागी, जो 2022 के बाद दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। वहीं कोविड काल वाले साल 2020 में सबसे कम 85,256 लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ी।



### वर्षवार नागरिकता छोड़ने का पूरा ब्योरा

(2011-2023) 2011-1,22,819 2012- 1,20,923 2013- 1,31,405 2014- 1,29,328 2015- 1,31,489 2016- 1,41,603 2017- 1,33,049 2018- 1,34,561 2019- 1,44,017 2020- 85,256 2021- 1,63,370 2022- 2,25,620 2023- 2,16,219

### 135 देशों की नागरिकता अपनाई

भारतीयों ने दुनिया के 135 देशों की नागरिकता ग्रहण की है। इसमें पड़ोसी देशों से लेकर विकसित और आर्थिक रूप से समृद्ध देशों तक शामिल हैं। बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, अमेरिका, ब्रिटेन रूस, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली,जापान, सऊदी अरब, कतर, ओमान, तुर्की, इराक, ईरान, यमन, मलेशिया, मालदीव, केन्या, जम्बिया, कज़ाकस्तान, साउथ अफ्रीका व सूडान आदि की नागरिकता ली है।

### नागरिकता छोड़ने का बढ़ता रुझान चिंता या अवसर?

विशेषज्ञों के अनुसार, बड़ी संख्या में भारतीयों का विदेशी नागरिकता अपनाना बेहतर अवसरों, शिक्षा, जीवनशैली और आर्थिक संभावनाओं की खोज से जुड़ा हुआ है। हालांकि यह भी एक तथ्य है कि लगातार बढ़ती यह संख्या देश में 'ब्रेन ड्रेन' और प्रतिभा पलायन को लेकर चिंताएं भी बढ़ाती है।

# अवैध कफ सिरप मामले में ईडी के तीन राज्यों में 25 ठिकानों पर छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कथित अवैध कफ सिरप के निर्माता से जुड़े धन शोधन के मामले में तीन राज्यों के 25 ठिकानों पर छापे मारे। ये छापे शुक्रवार सुबह 7:30 बजे शुरू हुए और मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल, उसके सहयोगी आलोक सिंह और अमित सिंह, तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु अग्रवाल से संबंधित परिसरों पर कार्रवाई की गई।

ईडी उन आरोपी कफ सिरप निर्माताओं के ठिकानों पर भी कार्रवाई कर रही है जिन पर धोखाधड़ी करके कफ सिरप की आपूर्ति की और इसके अवैध व्यापार को बढ़ावा दिया। ये छापे उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी, जौनपुर, सहारनपुर तथा पड़ोसी राज्य झारखंड की राजधानी रांची तथा गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में मारे गए।

**■ मुख्य आरोपी शुभम व उसके सहयोगियों पर कार्रवाई**

सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीमें इन विभिन्न स्थानों पर वित्तीय लेनदेन से संबंधित दस्तावेजों, डिजिटल रिकॉर्ड और कई अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों की जांच कर रही हैं। गौरतलब है कि ईडी ने पिछले दो महीनों में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों लखनऊ, वाराणसी, सोनभद्र, सहारनपुर और गाजियाबाद में दर्ज 30 से अधिक प्राथमिकियों के आधार पर यह मामला दर्ज किया है। ये मामले कोडीन-आधारित कफ सिरप के अवैध भंडारण, परिवहन, व्यापार और सीमा पार तस्करी से संबंधित हैं। इस काले व्यापार से करीब एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की आय होने का अंदाजा लगाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विदेशी मुद्रा भंडार बढकर 687.26 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** सोने का भंडार बढ़ने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 05 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में 1.033 अरब डॉलर बढ़कर 687.26 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले लगातार दो सप्ताह इसमें गिरावट देखी गई थी। गत 28 नवंबर को समाप्त सप्ताह में यह 1.877 अरब डॉलर घटकर 686.227 अरब डॉलर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बताया कि 05 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 1.188 अरब डॉलर बढ़कर 106.984 अरब डॉलर हो गया। यह सात सप्ताह का उच्चतम स्तर है। वहीं, विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति आलोच्य सप्ताह में 15.1 करोड़ डॉलर घटकर 556.88 अरब डॉलर रह गई। इनमें अमेरिकी डॉलर के साथ ब्रितानी पाउंड, यूरो और जापानी येन भी शामिल हैं। इनका मूल्य डॉलर के मुकाबले इनकी संदर्भ दर के आधार पर तय होता है।

### मोदी, खड़गे-राहुल व प्रियंका ने पाटिल के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र से कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपने शोक संदेश में लिखा, श्री शिवराज पाटिल जी के निधन से दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परि. जनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। खड़गे ने कहा कि वे मेरे सम्मानित वरिष्ठ सहयोगी थे, जिनके साथ मेरे घनिष्ठ संबंध रहे और कई यादगार पल हैं।

# यूपी भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष के निर्वाचन की आधिकारिक घोषणा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 16 दिसम्बर से पहले चुन लिया जाएगा प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी में संगठनात्मक चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया अब आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। परिस्थितियां बयां कर रही हैं कि 16 दिसम्बर खरमास से पहले भाजपा अपना प्रदेश अध्यक्ष चुन लेगी।

पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र नाथ पांडेय ने बताया कि 13 दिसम्बर को प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किए जाएंगे। नामांकन प्रक्रिया दोपहर एक बजे से दो बजे तक भाजपा के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित होगी। केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक विनोद तावड़े की मौजूदगी में नामांकन पत्र लिए जाएंगे। वहीं, केंद्रीय चुनाव अधिकारी पीयूष गोयल 14 दिसम्बर को निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराएंगे। उसी दिन प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की औपचारिक घोषणा भी कर दी जाएगी। भाजपा के भीतर लंबे समय से चल रही अध्यक्ष चयन प्रक्रिया अब निर्णायक चरण में पहुंच गई है, और पार्टी नेतृत्व 2027 विधानसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए नए अध्यक्ष के नाम को अंतिम रूप देने जा रहा है। गौरतलब है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनने की संवैधानिक प्रक्रिया के तहत सबसे पहले प्रांतीय परिषद के सदस्य तय किए जाते हैं। 403 विधानसभा क्षेत्रों से एक-एक सदस्य चुना जाता है। हालांकि यह वहीं से चुने जाते हैं जहां के जिलाध्यक्ष घोषित हो चुके होते हैं। भाजपा ने 98 जिलों में प्रदेश को बांटा हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए केवल 50 प्रतिशत से अधिक जिलाध्यक्षों का चयन जरूरी था, जबकि वर्तमान में 86 प्रतिशत जिलाध्यक्षों का चयन हो चुका है। इसी प्रकार 1918 मंडलों में से 1600 से अधिक में चुनाव संपन्न हो चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष के नामांकन में प्रस्तावक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और संगठन के प्रमुख नेता शामिल हो सकते हैं।

## यूपी सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार देने वाला बनाना : कपिलदेव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लिए युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, ड्रोन तथा अन्य भविष्यगत तकनीकों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार पाने वाला ही नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाना है। इसी उद्देश्य से आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों में बाजार की मांग के अनुसार नए कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। शुक्रवार को योजना भवन, लखनऊ में राज्य स्तरीय विचार-मंथन सम्मेलन आयोजित किया गया। राज्य मंत्री ने कहा कि इन प्रयासों से भारत को 6 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने में गति मिलेगी और यूपी विकसित भारत की रीढ़ बनेगा। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि विकसित भारत के विजन में उत्तर प्रदेश की भूमिका केंद्रीय है, इसलिए मानव पूंजी को मजबूत बनाने तथा उच्च स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में बजट की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। जेएन सिंह ने आईटीआई पॉलिटेक्निक को विकसित उत्तर प्रदेश 2047 की नींव बताया।

# बढ़ती जनसंख्या से देश मजदूर राष्ट्र न बन जाए: राकेश टिकैत

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने देश में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत को तेजी से बढ़ती आबादी की चुनौती को गंभीरता से लेना होगा, वरना आने वाले दशकों में हालात मुश्किल हो सकते हैं। टिकैत का कहना है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून बनना चाहिए और सरकार को इस पर तुरंत कदम उठाना चाहिए।

टिकैत ने कहा कि देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किया जाना चाहिए, नहीं तो अगले 100 वर्षों में देश की क्या स्थिति होगी? क्या यह मजदूर देश बन जाएगा? सरकारों ने अपने कर्तव्यों की उपेक्षा की है। टिकैत का मानना है कि आबादी जिस तेजी से बढ़ रही है, उससे संसाधनों पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी से लेकर रोजमर्रा की जरूरतों तक हर क्षेत्र में जनसंख्या का असर साफ दिख रहा है। उनकी दलील है कि अगर अभी कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई, तो आने वाले समय में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जमीन जैसे बुनियादी मुद्दे और गंभीर हो जाएंगे।

# यूपी पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से कराने को याचिका

प्रयागराज, वार्ता

■ मजिस्ट्रेट कोर्ट में तैनात पेशकार ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की

त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में नोटा लागू करने और बैलेट पेपर पर प्रत्याशी का नाम छापने की मांग वाली जनहित याचिका हाईकोर्ट में दाखिल हुई। इसमें ग्रामीण मतदाताओं की सुविधा का हवाला दिया गया है। याचिका में दो प्रमुख मांगें रखी गई हैं। पंचायत चुनावों में नोटा का विकल्प लागू किया जाए और बैलेट पेपर पर चुनाव चिन्ह के साथ प्रत्याशी का नाम भी अनिवार्य रूप से छापा जाए।

मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेशकार नरेश कुमार मौर्य ने अधिवक्ताओं देवी प्रसाद त्रिपाठी और देवीशंकर पांडेय के माध्यम से हाईकोर्ट में यह जनहित याचिका दायर की है। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता सिर्फ चुनाव चिन्ह देखकर उम्मीदवार चुनने को मजबूर होते हैं, जिससे कई बार सही प्रत्याशी का चयन मुश्किल हो जाता है। यह भी दावा किया गया है कि बैलेट पेपर पर सिर्फ चुनाव चिन्ह होता है, नाम नहीं। अधिवक्ताओं का कहना है कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में नोटा का विकल्प उपलब्ध है, लेकिन पंचायत चुनावों में यह सुविधा नहीं है। मामला न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला की खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध है, वहीं विस्तृत याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस दिवाकर प्रसाद सिंह और न्यायमूर्ति बृजेश सिंह की बेंच करेगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए करीब 60 करोड़ बैलेट पेपर की जरूरत पड़ेगी। आयोग का दावा है कि बैलेट पेपर पहले ही छप चुके हैं, दोबारा मतपत्र छपवाना संभव नहीं है और इससे चुनाव समय पर कराना कठिन हो जाएगा।

## कफ सिरप मामले में यूपी में 25 ठिकानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

# सहारनपुर समेत छह शहरों में ईडी ने मारी रेड

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ निलंबित एसटीएफ जवान आलोक प्रताप सिंह के आवास पर चलाया लंबा तलाशी अभियान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कोडीन आधारित कफ सिरप की अवैध तस्करी पर प्रहार करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को छह शहरों में एक साथ छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत की गई इस कार्रवाई में एजेंसी ने कुल 25 ठिकानों पर तलाशी ली और कई अहम दस्तावेज जब्त किए।

सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार तड़के ईडी की टीमें लखनऊ, वाराणसी, रांची, अहमदाबाद, जौनपुर और सहारनपुर में सक्रिय हुईं। लखनऊ में एजेंसी ने इस सिडिकेट से जुड़े माने जा रहे निलंबित एसटीएफ कांस्टेबल आलोक प्रताप सिंह के आलीशान आवास पर लंबी तलाशी ली। सुशांत गोल्फ सिटी स्थित घर से अधिकारी कई संदिग्ध दस्तावेज, बैंक लेनदेन रिकॉर्ड, डिजिटल डिवाइस और कथित हवाला कनेक्शन से जुड़े कागजात अपने कब्जे में ले गए। आलोक प्रताप सिंह इस समय एसटीएफ की हिरासत में है। उधर, इसी मामले में एक दिन पहले पुलिस ने भगोड़े चल रहे दीपक मनवानी के दो साथियों सूरज मिश्रा और प्रीतम सिंह को गिरफ्तार किया। मनवानी को 11 अक्टूबर को ड्रग विभाग और पुलिस की संयुक्त छापेमारी में बड़ी मात्रा में कोडीन सिरप, टैबलेट, कैप्सूल और इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया था। एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा ने बताया कि पूछताछ में मनवानी ने स्वीकार किया था कि अवैध दवाएं वह सूरज और प्रीतम से खरीदकर नशेड़ियों को बेचता था। उसका एक अन्य सहयोगी अरुष सक्सेना अभी भी फरार है। गुरुवार को पुलिस ने सूरज को वीआईपी रोड के पास बैकुंठ धाम से और प्रीतम को बाशाहनगर से दबोचा। सूरज, सीतापुर के अटरिया सदनपुर का रहने वाला है और 'न्यू मंगलम आयुर्वेदिक' नाम की दवा एजेंसी चलाता है। प्रीतम, बहराइच के बड़ी राजा गांव का निवासी है और पुरानिया स्थित पारिवारिक रेस्तरां में काम करता है। कोडीन आधारित दवाओं की अवैध सप्लाई चेन को ध्वस्त करने के लिए अभियान लगातार तेज हो रहा है। जांच एजेंसियों का कहना है कि यह नेटवर्क राज्य में तेजी से फैल रहा था, जिसे जड़ से खत्म करने के लिए समन्वित कार्रवाई जारी रहेगी।

## 50 करोड़ की ठगी करने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में पुलिस ने क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर 50 करोड़ की ठगी का पुलिस ने खुलासा करते हुए मास्टरमाइंड अजय को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार थाना साइबर में जब अजय पकड़ा गया, तो कई पीड़ित पहुंच गए। पुलिस ने बताया कि अजय और उसके साथियों ने क्रिप्टो करेंसी के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाई। अजय और उसके साथी बड़े बड़े होटलों में सेमिनार आयोजित किया करते थे। सेमिनार में लोगों को क्रिप्टो में निवेश करने पर रकम को कई गुना करने का झांसा देते थे इसके अलावा प्रत्येक व्यक्ति को प्रभावित करके अन्य लोगों को भी जोड़ने पर लालच दिया करते थे। अजय और उसके गैंग ने अब तक 1500 लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस के मुताबिक अजय अलीगढ़ का रहने वाला है और कोविड महामारी के बाद अजय और उसके साथियों ने पूरी योजना बनाई। नोएडा में संपर्क करके वेबसाइड बनाई। जो लोग क्रिप्टो में इन्वेस्ट करते थे उसका लेखा जोखा वेबसाइड पर दिखाई देता था। धीरे धीरे करके लोग जुड़ते गए और लाखों रुपये इन्वेस्ट करते गए। कुछ लोगों को लाभ के साथ रकम वापस की ताकि भरोसा कायम रह सके और लोगों में विश्वास जाग जाए।



सेंसेक्स 85267.00
निफ्टी 26046.95



सोना रु. 133967
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 200362
प्रति किलो



# शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़े

मुंबई, वार्ता



■ सेंसेक्स 85.267 अंक और निफ्टी 26046.95 अंक पर बंद हुआ

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 449.53 अंक (0.53) प्रतिशत की बढ़त में 85,267 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 148.40 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 26,046.95 अंक पर पहुंच गया। गुरुवार को भी सेंसेक्स 427 अंक और निफ्टी 141 अंक चढ़ गया था। मंझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशकों ने विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.09 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.94 फीसदी चढ़ा। एफएमसीजी और मीडिया को छोड़कर अन्य समूहों में लिवाली का जोर रहा। धातु, रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक ज्यादा चढ़े। एनएसई में कुल 3,195 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 2,071 के शेयरों में तेजी और 1,036 में गिरावट रही। अन्य 88 कंपनियों के शेयर अंतत: अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर 3.34 प्रतिशत चढ़ा। इटरनल में 2.37 फीसदी और अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.25 फीसदी की तेजी रही। एलएंडटी का शेयर 1.71 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.59, भारती एयरटेल का 1.47, अडानी पोर्ट्स का 1.28, बजाज फाइनेंस का 1.15, एक्सिस बैंक का 1.09 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व का 1.01 प्रतिशत चढ़ गया। टाइटन, टीसीएस, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ट्रेंट, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, बीईएल और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 1.89 फीसदी टूटा। सनफार्मा में 0.70 प्रतिशत, आईटीसी में 0.63 प्रतिशत और एशियन पेंट्स में 0.49 प्रतिशत की गिरावट रही। वैश्विक स्तर पर एशिया में हांगकांग का हैंगसेंग 1.75 प्रतिशत, जापान का निक्केई 1.37 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.41 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.35 फीसदी और जर्मनी का डैक्स 0.33 प्रतिशत ऊपर था।

## चांदी पहली बार दो लाख के पार सोना भी ऑल टाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने-चांदी ने एक बार फिर सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। एमसीएक्स पर 24 कैरेट गोल्ड 1.34 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया। जबकि चांदी पहली बार 2 लाख रुपए के पार पहुंच गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर 5 फरवरी 2026 एक्सपायरी वाला सोना शुक्रवार को 2.40 बजे के आसपास अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इसमें 1.06 फीसदी की बढ़त के साथ 1399 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज हुई और यह 1,33,868 रुपए पर ट्रेड करने लगा। ट्रेडिंग के दौरान यह 1,33,967 रुपए के साथ ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया, जबकि दिन का लो लेवल 1,32,275 रुपए रहा।

खबर लिखे जाने तक चांदी 2,00,250 रुपए पर ट्रेड कर रही थी। इस दौरान इसका हाई लेवल 2,00,362 और लो लेवल 1,96,956 रुपए रहा। जबकि पिछले दिन यह 1,98,942 रुपए पर क्लोज हुई थी। देश के महानगरों पटना में 24 कैरेट सोने का भाव 133,680 रुपये प्रति 19 ग्राम रहा, जबकि जयपुर में 133,740, कानपुर में 133,790, लखनऊ में 133,790, भोपाल में 133,900, इंदौर में 133,900 , चंडीगढ़ में 133,890 और रायपुर में 133,840 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। इंडिया बुलियन एंज ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) पर भी सोना-चांदी में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। आईबीजेए के रेट्स के मुताबिक शुक्रवार सुबह 24 कैरेट गोल्ड की कीमत में 2034 रुपए का उछाल आया और पिछले दिन के मुकाबले कीमत 1,30,569 रुपए हो गई।

## उप्र में अनुदान पर सोलर पंप प्राप्त करने के लिए 15 तक करें आवेदन

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र में ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ाने और सिचाई लागत कम करने के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा व उत्थान महाभियान द्धपीएम कुसुमत्र्' के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में प्रदेश के किसानों को 40,521 सोलर पंप अनुदान पर उपलब्ध कराने की घोषणा की है।

योजना का लाभ उठाने के इच्छुक किसान 15 दिसम्बर तक कृषि विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत केवल वही किसान पात्र होंगे, जिन्होंने पोर्टल पर पूर्व पंजीकरण कराया है। लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया ई-लॉटरी के माध्यम से की जाएगी। राज्य सरकार ने इस योजना के सुचारू संचालन के लिए 20227-50 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। सरकार का मानना है कि सोलर पंप ग्रामीण क्षेत्रों में सिचाई के लिए किफायती, पर्यावरण-अनुकूल और निर्बाध ऊर्जा का साधन प्रदान करेंगे, जिससे किसानों का उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि होगी। इस वर्ष उपलब्ध कराए जाने वाले सोलर पंपों पर केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा बड़े पैमाने पर अनुदान दिया जा रहा है। विभिन्न श्रेणियों के पंपों पर अनुमोदित अनुदान में 2 एचपी डीसी/एसी सरफेस पंप पर 98,593 तक का अनुदान, 2 एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप पर 1,00,215 का अनुदान, 2 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 99,947 का अनुदान, 3 एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप पर 1,33,621, 3 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 1,32,314 रुपये द्धराज्यांश 77,618 व केंद्रांश 54,696त्र्, 5 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 1,88,038 रुपये, 7-5 एचपी और 10 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर अधिकतम 2,54,983 रुपये का अनुदान द्धराज्यांश 1,40,780, केंद्रांश 1,14,203त्र् होगा। ऑनलाइन आवेदन के साथ किसानों को सोलर पंप की बुकिंग लिंक के माध्यम से करनी होगी। बुकिंग की पुष्टि के बाद पंजीकृत मोबाइल नंबर पर संदेश भेजा जाएगा, जिसके पश्चात किसान को अनुदान घटने के बाद शेष राशि ऑनलाइन जमा करनी होगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**2027 में होगी...**

मंजूरी दी। अब विदेशी कंपनियां पूरी तरह भारतीय इंश्योरेंस फर्म्स की मालिक बन सकेंगी। बिल विंटर सेशन में पेश होगा, जो 19 दिसम्बर को खत्म हो रहा है। वहीं सरकार ने कोयला क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों की श्रृंखला में एक और कड़ी जोड़ते हुए शुक्रवार को इसके निर्यात को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने कोयले के निर्बाध, कुशल और पारदर्शी उपयोग के लिए नीलामी नीति (कोल सेतु) को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 'कोल सेतु विंडो' नामक एक नई विंडो बनाई गई है, जिससे कोयले का उपयोग किसी भी औद्योगिक उपयोग और निर्यात के लिए किया जा सकेगा। यह नई नीति सरकार द्वारा कोयला क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों की श्रृंखला में एक और कड़ी जोड़ती है। उन्होंने कहा कि इस नीति के तहत औद्योगिक उपयोग और निर्यात के लिए दीर्घकालिक आधार पर नीलामी के लिए कोयला लिंकेज का आवंटन किया जाएगा। इसके लिए 2016 की गैर-विनियमित क्षेत्र (एनआरएस) लिंकेज नीलामी नीति में कोल सेतु नामक एक अलग विंडो जोड़ी गई है, जिसमें कोयले की आवश्यकता वाले कोई भी घरेलू खरीदार लिंकेज नीलामी में भाग ले सकते हैं। राष्ट्रीय संसाधन उद्योगों (एनआरएस) के लिए कोयला लिंकेज की नीलामी की मौजूदा नीति के तहत सीमेंट, इस्पात (कोकिंग), स्पंज आयरन, एल्युमीनियम और अन्य (उर्वरक (यूरिया) को छोड़कर) सहित सभी नए कोयला लिंकेज का आवंटन एनआरएस को नीलामी के आधार पर किया जाएगा। वर्तमान एनआरएस लिंकेज नीति के अनुसार, उप-क्षेत्र केवल निर्दिष्ट अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए हैं। उन्होंने कहा कि इस विंडो के तहत प्राप्त कोयला लिंकेज का उपयोग स्वयं के उपभोग, कोयले के निर्यात या देश में पुनर्विक्रय को छोड़कर किसी अन्य उद्देश्य (कोयले की धुलाई सहित) के लिए किया जा सकता है। कोयला लिंकेज धारक अपनी कोयला लिंकेज मात्रा के 50 प्रतिशत तक कोयले का निर्यात करने के पात्र होंगे। कोयला लिंकेज धारक इस विंडो के तहत प्राप्त कोयले का उपयोग अपनी समूह कंपनियों के बीच आवश्यकतानुसार लचीले ढंग से कर सकते हैं। भविष्य में धुले हुए कोयले की बढ़ती मांग को देखते हुए वाशरी संचालकों को दिए गए कोयला लिंकेज से देश में धुले हुए कोयले की उपलब्धता बढ़ेगी और परिणामस्वरूप आयात कम होगा। इसके अलावा, धुले हुए कोयले के खरीदार देश के बाहर भी मिलेंगे, इसलिए धुले हुए कोयले का उपयोग निर्यात के लिए भी किया जा सकता है।

# यूपी में 52 वेटलैंड्स पर पर्यटन सुविधाओं के विकास पर बनी सहमति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इको-टूरिज्म को नई दिशा देने के उद्देश्य से पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अरुण कुमार सक्सेना की संयुक्त बैठक शुक्रवार को पर्यटन निदेशालय में संपन्न हुई।

बैठक में प्रदेश के चारों टाइगर रिजर्व, 10 रामसर साइट्स और विभिन्न वेटलैंड्स को एकीकृत रूप से विकसित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रदेश को आगामी वर्षों में वाइल्ड लाइफ टूरिज्म हब के रूप में स्थापित करने के लिए रोडमैप पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। समग्र, जिम्मेदार और सतत पर्यटन विकास के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार समस्या नहीं, समाधान केंद्रित दृष्टिकोण के साथ इको-टूरिज्म विकास को विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप आगे बढ़ा रही है। बैठक में दुधवा, पीलीभीत, अमानगढ़ और रानीपुर टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश की 10 रामसर साइट्स नवाबगंज, पार्वती आर्गा, समान, समसपुर, सांडी, सरसई नावर, सूर सरोवर, ऊपरी गंगा, बखिरा तथा हैदरपुर वेटलैंड को आधुनिक इको-टूरिज्म मॉडल के रूप में विक. सित करने पर विशेष चर्चा हुई। इन स्थलों पर प्रवेश द्वार, नेचर ट्रेल, वॉच टावर, साइनेज, कॉटेज, कैंटीन, गजीबो, स्वागत कक्ष और आरओ सहित पर्यटक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु वित्तपोषण की आवश्यकता भी प्रस्तुत की गई। इको-टूरिज्म गाइड, ड्राइवर, हॉस्पिटैलिटी स्टाफ के प्रशिक्षण तथा वन विभाग की सहमति से कंसल्टेंट नियुक्त करने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 में इको-टूरिज्म को नई पहचान देने की तैयारी में है। बरेली के नगर वन और कन्नौज के लाख बहोसी पक्षी विहार को उन्नत रूप में विकसित करने की योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। बैठक में बर्ड सर्किट सूर सरोवर (आगरा), शेखा झील (अलीगढ़), रपड़ी वेटलैंड (फिरोजाबाद), सरसई नावर (इटावा) व लाख बहोसी वेटलैंड (कन्नौज) के समग्र विकास पर भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे गए। वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि प्रदेश की प्राकृतिक धरोहर को सुरक्षित रखते हुए उसे वैश्विक पर्यटन आकर्षण के रूप में विकसित करना सरकार का लक्ष्य है। इको-टूरिज्म स्थानीय समुदायों को रोजगार प्रदान करने के साथ प्रकृति संरक्षण की भावना को भी सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि टाइगर रिजर्व और रामसर साइट्स पर चल रहे विकास कार्यों से उत्तर प्रदेश 'नेचर-बेस्ड टूरिज्म' का राष्ट्रीय मॉडल बनेगा।

# देशभर में 3 लाख 55 हजार वक्फ संपत्तियां गायब:पीडीपी



■ जेएंडके की पूर्व सीएम का आरोप

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने आरोप लगाया है कि नए उम्मीद डेटाबेस के अनुसार देश भर में 3.55 लाख वक्फ प्रॉपर्टी गायब हैं।

महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि पूरे देश में 3.55 लाख से ज्यादा वक्फ प्रॉपर्टी गायब हैं, अकेले जेएंडके में नए उम्मीद डेटाबेस में 7,240 एंट्री गायब हो गई हैं। ये कमियां वक्फ एसेट्स की ट्रांसपेरेंसी और सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाती हैं। हिंसा, तोड़फोड़ और वोट न मिलने के पैटर्न के साथ वक्फ जमीन का कटाव मुसलमानों के खिलाफ सबसे नया झटका लगता है, यह कहां खत्म होगा? उन्होंने नए उम्मीद डेटाबेस का एक स्क्रीनशॉट भी अटैच किया, जो 9 दिसंबर, 2024 और 6 दिसंबर, 2025 को पोस्ट किए गए आंकड़ों के बीच का अंतर दिखाता है। मुफ्ती द्वारा पोस्ट किए गए स्क्रीनशॉट के अनुसार महाराष्ट्र, अंडमान और निकोबार आइलैंड, दिल्ली, बिहार और तेलंगाना को छोड़कर, जहां पिछले साल की तुलना में वक्फ प्रॉपर्टीज में बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही बाकी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नेगेटिव अंतर दिखा है, जिससे यह इंप्रेशन मिलता है कि एक साल में वक्फ प्रॉपर्टीज में भारी कमी आई है।

# घने कोहरे में हादसा, किसान की मौत

**चरथावल क्षेत्र में हुई घटना, परिवार में मचा कोहराम**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल थाना क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम हरनाकी निवासी जय कुमार पुत्र विजेन्द्र किसान था। शुक्रवार की सवेरे किसान जय कुमार किसी काम से बाहर गए थे और वह वापस लौट रहे थे। इस समय क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था और दूर-दूर तक कोई दिखाई नहीं पड रहा था। जैसे ही वह अपने गांव की ओर चले तो अचानक अज्ञात वाहन ने उनको अपनी चपेट में ले लिया। अज्ञात वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि किसान जय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मार्ग से गुजर रहे लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जहां घायल को थानाभवन अस्पताल पहुंचाया गया इस दौरान पुलिस की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच चुके थे बताया जाता है कि इलाज के कुछ देर बाद ही चिकित्सकों ने किसान जय कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। किसान की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया इसके बाद पुलिस ने कार्यवाही के लिए परिजनों से तहरीर ली और अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दे कि घना कोहरा पडते ही हाईवे व गांव की सडकों पर भी आए दिन हादसे हो रहे है कुछ दिनो में ही कई लोगों की मौत हो चुकी है और दर्जन भर लोग गंभीर रूप से घायल हुए है।

## रातभर बेटे की करते रहे तलाश, सवेरे शव मोर्चरी में मिला

**मुजफ्फरनगर।** परिजन दिल्ली नौकरी के लिए गए बेटे की रातभर खोजबीन करते रहे और उससे सम्पर्क करने के लिए बार-बार फोन मिलाते रहे, लेकिन जब सम्पर्क हुआ तो उनका पुलिस से हुआ और यह सूचना मिली कि उनके बेटे की ट्रेन हादसे में मौत हो गई है।

बताया जाता है कि नई मंडीकोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला आदर्श कॉलौनी निवासी 45 वर्षीय अभिषेक कुमार पुत्र देवेन्द्र कुमार ने एम कॉम की थी और उन्होने काफी समय तक दिल्ली की एक मारूती शोरूम में सेल्समैन का काम किया। कुछ दिन पूर्व किसी कारण से वह अपने घर लौट आए थे। बताया जाता है कि विगत दिवस एक कम्पनी ने अभिषेक को नौकरी के ऑफर दी। विगत दिवस वह अपने परिवार से कह कर दिल्ली नौकरी के लिए चला गया था। गुरूवार की शाम ढलने के बाद जब अभिषेक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने फोन पर सम्पर्क करना शुरू किया, लेकिन बात नहीं हो सकी। इसके बाद अभिषेक के पिता देवेन्द्र व भाई ने सभी रिश्तेदारी व परिचितों से सम्पर्क करना शुरू किया, लेकिन अभिषेक का कहीं पता नहीं चला। रातभर उसकी तलाश चलती रही,लेकिन परिजनों को अभिषेक की कोई जानकारी नही मिली। अभिषेक की पत्नी भी अपने रिश्तेदारों में जानकारी लेती रही, लेकिन उसका कहीपता नहीं चला। शुक्रवार की सवेरे जीआरपी पुलिस ने किसी तरह उसके पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान की तो इसकी जानकारी परिजनों तक पहुंची। बताया जाता है कि 13-14 घंटे तक अभिषेक का शव मोर्चरी में अज्ञात में ही पडा रहा। जब बेटे की मौत की खबर मिली तो देवेन्द्र और उसका परिवार रोने बिलखने लगा और तुरंत ही वह मोर्चरी पहुंचे और अभिषेक की पहचान की। अभिषेक का बेटा कक्षा ग्यारह का छात्र है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। इस घटना ने पूरे परिवार को शोक में डाल दिया।

# कपड़ा व्यापारी के घर में घुसकर लूटपाट

## बेटे को आतंकित कर की घटना, बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद

**एसपी सिटी ने जल्द गिरफ्तारी का दिया आश्वासन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद पुलिस अपराधियों के प्रति सख्त कार्यवाही कर रही है, लेकिन इसके बाद भी बदमाश संगीन घटना करने से पीछे नहीं हट रहे। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांधी कॉलौनी में देर रात बदमाशों ने कपडा व्यापारी के घर मे घुसकर बेटे को आतंकित करते हुए यहां से नगदी व जेवर लूट लिए। लूटपाट के बाद बदमाश जब फरार हो गए तो सूचने मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी केमरे खंगाले। बदमाश सीसीटीवी कैमरों मे कैद हो गए और घटना के समय परिवार के कुछ सदस्य हरिद्वार शादी में गए हुए थे। इस घटना से आस-पास के लोगो में भी दहशत देखी गई।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मौहल्लागांधी कॉलौनी निवासी विकास डिंगरा उर्फ विक्की कपडे के व्यापारी है। कपडा व्यापारी बुधवार को परिवार के कुछ सदस्यों के साथ उत्तराखंड के जनपद हरिद्वार में एक शादी समारोह में गए थे। घर पर कपडा व्यापारी का बेटा था। रात के समय व्यापारी का बेटा मकान को बंद कर खाना खाने के लिए गया हुआ था।

रात्रि के समय वह घर पहुंचा इस समये रात के करीब पौने दस बजे थे। सीसीटीवी कैमरो को देखा जाए तो यहां एक युवक घर में जाता हुआ दिखाई पड रहा है। दस बजे व्यापार ीका बेटा वापस लौटा और कमरे में चला गया। कुछ ही देर बाद बदमाश ने व्यापारी के बेटे को अपने कब्जे में करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और आतंकित करने के बाद उसको टायलेट मे बंद कर दिया। इसके बाद बदमाश ने घर में रखा सामान खुदबुर्द किया और यहां रखे जेवर और नगदी को अपने कब्जे में कर लिया। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गया।

यह सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है और बदमाश करीब ग्यारह बजे सामान समेटने के बाद बाहर जाता हुआ दिखाई पड रहा है। कुछ ही देर में इसकी सूचना आस पास के लोगों मे फैल गई और गांधी कॉलौनी हाउसिंग सोसायटी के सभापति पवन छाबडा व अन्य लोग मौके पर पहुंचे और इसकी जानकाी पुलिस को दी।

कपडा व्यापारी विकास डिंगरा भी सवेरे के समय अपने घर पहुंचे। सूचना के कुछ देर बाद ही मंडी पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और व्यापारी के बेटे से मामले की जानकारी लेकर सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में ली।

पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे में कैद बदमाश जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगे और एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने भी पीडित को आश्वासन दिया कि बदमाशों की जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी।



मुजफ्फरनगर: कपड़ा व्यापारी के घर घटना के बाद बिखरा पड़ा सामान व खौफजदा परिजन।

## गंग नहर मे वृद्धा के शव की तलाश जारी

**भोपा।** गुरुवार की सुबह बेलड़ा गंग नहर पुल से वृद्ध महिला ने नहर मे कूदकर आत्म हत्या कर ली थी। शुक्रवार को परिजनों द्वारा महिला के शव की तलाश की गयी।भोपा थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर निवासी 80 वर्षीय रामेश्वरी देवी ने बेलड़ा पुल से नहर मे कूदकर आत्म हत्या कर ली थी। शुक्रवार को परिजनों द्वारा महिला के शव की नहर मे तलाश पी, ए,सी , मेरठ वाहिनी के द्वारा बोट से तलाश कराई गयी।

गुरुवार की सुबह महिला ने जूतों व शॉल को पुल पर छोड़कर नहर मे छलांग लगा दी थी। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की महिला की तलाश नहर मे कराई जा रही है।

# दिव्यांगों के जीवन में रोशनी लाने को सरकार संकल्पबद्धः कश्यप



## दिव्यांगों बांटे उपकरण, छात्राएं सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण योजना के तहत उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

नुमाइश ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी, स्मार्ट केन, कान की मशीन सहित अन्य उपकरण वितरित कर दिव्यांगजन से संवाद किया और सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन हमारी प्रेरणा हैं। जीवन की चुनौतियों से जूझते हुए आगे बढ़ने की उनकी इच्छा शक्ति अद्भुत है। सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी दिव्यांगजन असुविधा के कारण पीछे न रह जाए। सहायक उपकरण उनके जीवन में नई रोशनी और आत्मनिर्भरता लाते हैं। उन्होने स्कूली छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए अलग-अलग स्कूली छात्राओं को सम्मानित भी किया। उन्होने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर पात्र व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचे। शिविर में पहुंचे लाभार्थियों की आवश्यकताओं का पहले परीक्षण किया गया और उसके बाद उन्हें आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए। वितरित उपकरणों में ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, वैशाखी, स्मार्ट केन, कान की मशीन, सहायक चलने वाले अन्य उपकरण शामिल रहे। शिविर में दिव्यांगजनों के चेहरों पर उपकरण प्राप्त कर खुशी झलक रही थी। कई लाभार्थियों ने बताया कि इन उपकरणों से उन्हें चलने-फिरने और दैनिक कार्यों में बड़ी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों और स्वयं सेवकों की टीम ने शिविर को सुव्यवस्थित बनाया। मौके पर पंजीकरण, जांच और वितरण की अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई, जिससे लाभार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# भैंस खरीदने के नाम पर ठगी के रूपये कराए वापस

**पीड़ित से एक लाख इक्कीस हजार रूपये की हुई थी ठगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शासन प्रशासन की चेतावनी और सतर्क करने के बाद भी लोग ठगी का शिकार हो रहे है। गत दिवस भी कस्बा जानसठ के गांव काटका का एक ग्रामीण लाखों रूपये की ठगी का शिकार हुआ, लेकिन थाना साइबर क्राइम की पुलिस ने एसपी क्राइम के निर्देशन में छानबीन कर पीड़ित के 78000 रूपये वापस कराए है।

बताया जाता है कि तीन दिसम्बर 2025 को जानसठ के गांव काटका निवासी मेहरबान पुत्र सत्तार ने थाना साइबर क्राइम को लिखित तहरीर देकर अवगत कराया था कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाटसएप के माध्यम से भैंस बेचने के नाम पर उससे एक लाख इक्कीस हजार रूपये की ठगी की गई है।

पुलिस ने इस मामले में दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। पुलिस ने कई नम्बरों को खंगाला और पीड़ित के मोबाइल पर आई कॉल व मैसेज के आधार पर छानबीन शुरू की। पुलिस ने इस मामले में पीड़ित मेहरबान के 78000 रूपये की नगदी वापस कराई है। जनपद के पुलिस अधिकारी से लेकर शासन प्रशासन तक जनता को पूरी तरह जागरूक कर रहे है, लेकिन इसके बाद भी लोग लापरवाही के चलते ठगी का शिकार हो रहे है।

# लापता वोटरों को ढूंढना बीएलओ के लिए चुनौती

## स्पेशल इन्सेन्टिव रिवीजन रिपोर्ट से खुला राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** निर्वाचन आयोग के एसआईआर अभियान से विशेष पुनरीक्षण आंकड़े अभी तक बेहद चौंकाने वाले आए है। जिले की छह विधानसभाओं में 59443 मतदाता गायब मिले है, अब ऐसे लापता वोटरों को ढूंढना बीएलओ के लिए एक चुनौती हीं है क्योंकि लापता 59443 वोटरों में अधिकतर ऐसे वोटर हैं जिन्होंने पिछले चुनाव में वोट डाला था,लेकिन अब पुनरीक्षण अभियान में ये लापता बताए गए है। निर्वाचन आयोग के आदेश के अनुसार 26 दिसम्बर को बढ़ाए गए इस अभियान को लेकर पूरा प्रशासनिक अमला पारदर्शी तरीके से एसआईआर अभियान के लक्ष्य को पूरा करने में जुटा हुआ है। अभी तक की जो रिपोर्ट सामने आई है उसमें 52542 मृतक और एक लाख 28 हजार लोगों का शिफ्ट होना बताया गया है।

इतनी बड़ी संख्या में इन वोटरों के लापता पाए जाने पर सवाल उठ रहे हैं। बीएलओ द्वारा दी गई रिपोर्ट में सामने आया है कि इन मतदाताओं के बारे में आसपास के लोग भी जानकारी नहीं दे पा रहे हैं इसी के साथ अभियान में 52542 वोटर मृत पाए गए है, जबकि एक लाख 28 हजार मतदाता एक जगह से दूसरी जगह बस गए। हालांकि एसआईआर का काम अभी 26 दिसंबर तक प्रस्तावित है, जिसके बाद नाम जुड़ने पर तस्वीर साफ हो सकेगी।

### पुरकाजी में सर्वाधिक 19237 लोग गायब

अभियान में अब तक मिली रिपोर्ट के अनुसार बुढ़ाना विधानसभा में 10224, चरथावल में 9263, मुजफ्फरनगर में 10736, खतौली में 5535 और मीरापुर में 4448 वोट गायब पाए गए है। हैरत की बात यह है कि ये वोटर आखिर कहां गए, यह पता नहीं चल पा रहा है सत्यापन में आसपास के लोग भी इनके बारे में कोई जानकारी नहीं दे पा रहे हैं।

### बुढ़ाना में सबसे अधिक मृतक

विशेष पुनरीक्षण अभियान में अब तक जिले में 52542 वोटर मृतक पाए गए है। इनमें सबसे ज्यादा बुढ़ाना में 9568 और खतौली में सबसे कम 8706 वोटर मृत मिले है। इसके अलावा चरथावल में 9178, पुरकाजी में 7908, मुजफ्फरनगर में 9256 और मीरांपुर विधानसभा में 7926 मतदाताओं के नाम मृतकों में आए।चरथावल में 9178, पुरकाजी में 7908, मुजफ्फरनगर में 9256 और मीरांपुर विधानसभा में 7926 मतदाताओं के नाम मृतकों में आने के कारण काटे गए ।

### एक लाख 28 हजार मतदाता कर गए शिफ्ट

एसआईआर अभियान के तहत एक लाख 28 हजार मतदाता ऐसे पाए गए है, जो एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट हुए है। चुनाव आयोग ने अब एसआईआर अभियान को 26 दिसंबर तक बढ़ा दिया है। गए है। विशेष पुनरीक्षण अभियान में 1 लाख 28 हजार ऐसे मतदाता पाए गए है, जो एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट हुए है।

# लाउडस्पीकर मामले में मुतवल्ली को भेजा जेल

**वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर हुई कार्यवाही**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने लाउडस्पीकर हटाने के विवाद के मामले में दरोगा को धमकी देने के आरोप में मस्जिद के मुतवल्ली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ सिटी सिद्धार्थ के. मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले की वीडियो वायरल हुई थी इसी का संज्ञान लिया गया और इसी के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस का कहना है कि सिविल लाइन क्षेत्र के एक धर्मस्थल से लाउडस्पीकर हटवाने को लेकर मुतवल्ली के साथ अभद्रता और दुर्व्यवहार किया गया था ऐसा आरोप मस्जिद के मुतवल्ली ने पुलिस पर लगाया था इस मामले में जमीयत उलेमा और एआईएमआईएम पार्टी के पदाधिकारियों ने पुलिस अधिकारियों को मिलकर इस मामले की पूर्ण जानकारी देते हुए पुलिस के प्रति नाराजगी जताई थी। इस मामले का एक वीडियो भी वायरल हुआ। एसएसपी ने इस शिकायत को सुनते हुए दरोगा पर विभागीय कार्यवाही की थी और वहीं वायरल वीडियो का भी संज्ञान लिया गया। पुलिस का कहना है कि मुतवल्ली ने दरोगा को धमकी दी है और यह वायरल वीडियो में स्पष्ट हो रहा है।

इसी मामले में मुतवल्ली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। और साक्ष्यों के आधार पर ही कार्यवाही की जा रही है। शुक्रवार को पुलिस ने इस मामले में अग्रिम कार्यवाही करते हुए मस्जिद के मुतवल्ली इरफान पुत्र सुबेदिन निवासी महमूदनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## बेसहारों को आसरा देने सड़क पर उतरी चेयरपर्सन, परखी रैन बसेरा व्यवस्था

**मुजफ्फरनगर।** कडाके के पड रही ठंड और खुले आसमान के नीचे रहने वाले लोगों को सहारा देने के लिए रात्रि निरीक्षण करने निकली चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने अधिकारियों के साथ अस्थाई रैन बसेरों का औचक निरीक्षण करते हुए पालिका स्तर से की गई व्यवस्थाओं को परखने का काम किया। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने रेलवे स्टेशन पर स्थित पालिका के आश्रय स्थल का दौरा कर बेसहारा लोगों की स्थिति देखी और उनके लिए व्यवस्था के लिए निर्देश दिए। नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्पष्ट नीति है कि कोई भी निराश्रित और बेसहारा व्यक्ति सर्दी में सड़कों या खुले में रात गुजारने को विवश न हो। इसी दिशा में नगरपालिका ने रैन बसेरों में ठहरने की समुचित व्यवस्था और शहर में जगह-जगह अलाव की सुविधा सुनिश्चित की है। हमारी पूरी टीम अधिकारियों के साथ लगातार कार्यरत है, ताकि हर जरूरतमंद को सुरक्षित आश्रय और गर्माहट मिल सके। नगरपालिका द्वारा पहले से ही रैन बसेरों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आश्रय लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित, स्वच्छ और गर्म वातावरण उपलब्ध हो। निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह नगर पालिका का संकल्प है कि कोई भी व्यक्ति इस ठंड के मौसम में बिना सुविधा के न रहे। इस दौरान मुख्य रूप से ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही, अवर अभियंता निर्माण कपिल कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मीनाक्षी चौक पर फिर धंसी सड़क व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के अति व्यस्ततम चौराहों मीनाक्षी चौक पर सड़क धंसने से व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। शुक्रवार को चौराहे पर एक बार फिर घटना सामने आई। यातायात के दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की नजर सड़क के बीच अचानक उभरती धंसान पर पड़ी। स्थिति को गंभीर समझते हुए ट्रैफिक कर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए धंसे हुए स्थान के चारों ओर बैरियर लगवा दिए। कुछ माह पूर्व इसी चौराहे से लगभग 20 मीटर की दूरी पर सड़क अचानक बैठ गई थी। अब दोबारा सड़क धंसने से स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। यातायात व्यवस्था संभालते ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की नजर सड़क के बीच अचानक उभरती धंसान पर पड़ी। स्थिति को गंभीर समझते हुए ट्रैफिक कर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए धंसे हुए स्थान के चारों ओर बैरियर लगवा दिए। इस सक्रियता के कारण किसी बड़े हादसे से स्थिति को बचाया जा सका और वाहनों को सुरक्षित मार्ग से निकालना शुरू कर दिया गया। चौराहे पर कुछ ही महीनों में दूसरी बार सड़क धंसने से आसपास के व्यापारियों और राहगीरों में रोष देखा गया। लोगों का कहना है कि सड़क पर बार-बार धंसान आने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठते हैं। यह स्थान बेहद व्यस्त होने के कारण किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। जिम्मेदार विभागों को स्थायी समाधन की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। नगर निगम और संबंधित विभागों से मांग की जा रही है कि सड़क धंसने के मूल कारणों की तकनीकी जांच की जाए। आस-पास मौजूद भूमिगत पाइप लाइन या सीवर लाइन की स्थिति की विस्तृत पड़ताल हो।



मुजफ्फरनगर: रात्रि में रेन बसेरे का निरीक्षण करने निकलीं चेयरपर्सन टीम के साथ

# पुत्री बरामदगी को मंत्री के आवास पर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मिमलाना गांव की हिन्दू दलित समाज की नाबालिक युवती के अपरहण के मामले में आज संयुक्त हिन्दू मोर्चा के तत्वाधान में हिन्दू व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार के साथ राज्यमंत्री कपिल देव आवास पर धरने दिया। प्रदर्शकारियों ने लड़की की बरामदगी पीड़ित परिवार को धमकी देने वाले अबरार की गिरफ्तारी व युवती की सकुशल बरामदगी की मांग की। धरने पर पहुंचे शहर कोतवाल बबलू वर्मा के खिलाफ भी नारेबाजी हुई। पीड़ित परिवार की महिलाओं ने शहर कोतवाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए चूड़ियां भेंट की और यहां पहुंचे एएसपी संजय मिश्रा व सीओ मंडी राजू साव ने कार्यवाही काआश्वासन देकर धरना समाप्त करने की बात



कही, लेकिन भीड अपनी मांगो पर अडी रही। भीड़ ने कहा कि आरोपी अबरार की तुरंत गिरफ्तारी हो इसके बाद पुलिस ने अनन-फनन में आरोपी की गिरफ्तारी कर ली और 24 घंटे में लडकी की बरामदगी का आश्वासन दिया। पीड़ित परिवार की सुरक्षा में पुलिसकर्मी भी लगा दिए गए। पुलिस की उस कार्यवाही के बाद संयुक्त हिन्दू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी व विश्वहिंदू परिषद् अध्यक्ष ने इस कार्यवाही पर संतोष व्यक्त करते हुए धरना समाप्ति की घोषणा की ओर रविवार शाम तक समय प्रशासन को युवती की बरामदगी का समय दिया गया है, ओर कहा कि रविवार शाम तक इस विषय में अब कोई धरना प्रदर्शन नहीं किया जाएगा, धरने के दौरान लखनऊ में मौजूद राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने फोन पर बात कर बताया कि लखनऊ से लौटने पर सभी हिन्दू नेताओं से बात कर शहर कोतवाल के खि़लाफ़ अवश्य कार्यवाही की जाएगी,धरने पर मुख्य रूप से डॉक्टर योगेंद्र शर्मा प्रदेश महासचिव शिव सेना, राधेश्याम विश्वकर्मा विश्व हिंदू परिषद, बजेश अग्रवाल संयुक्त हिंदू महासंघ, शिव कुमार शर्मा अध्यक्ष कृष्ण सेना, क्रांतिकारी शालु सैनी अध्यक्ष साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट, अंकुर राणा हिंदू नेता, राजेश कश्यप मंडल महासचिव शिव सेना शैंकी शर्मा युवा जिला अध्यक्ष शिवसेना, सुमित बजरंगी संघटन मंत्री शिवाजी सेना, आशीष शर्मा युवा नगर अध्यक्ष, शिवसेना पंडित दीपक वत्स, अखिलेश पूरी जिला अध्यक्ष, संयुक्त हिंदू महासंघ वीरेंद्र त्यागी आदि रहे।

## दुर्घटना क्षेत्रों को पुलिस टीम ने किया चिन्हित

**मुजफ्फरनगर।** एसपी यातायात और सीओ सदर ने पीडब्लूडी विभाग के साथ मुजफ्फरनगर, थानाभवन व चरथावल रोहाना मार्ग का निरीक्षण कर मार्ग पर बने ब्लैक स्पॉट व दुर्घटनाओं के सम्भावित क्षेत्रों को चिन्हित किया। उन्होने संबंधित मार्गो पर सुरक्षात्मक उपाय व साइन बोर्ड लगाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बता दे कि हाईवे और गांव से लगे मुख्य मार्गो पर आए दिन दुर्घटनाओ में मौत हो रही है। इसी को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में पूरी टीम ने मार्गो का व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया और दोनो मार्गो पर स्थित ब्लैक स्पॉट, तिखे मोड, कम दिखने वाले हिस्से सड़क किनारे अवैध अवरोध का बारिकी से स्थलीय प्रशिक्षण किया गया।

# भारतीय ई-रिक्शा यूनियन कार्यालय का उद्घाटन

**भाकियू संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया शुभारंभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रूड़की रोड पर पाल धर्मशाला के सामने भारतीय ई-रिक्शा मजदूर यूनियन के कार्यालय का उद्घाटन भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय चौधरी शाह आलम ने किया। कार्यक्रम में यूनियन के जिलाध्यक्ष रमेश चंद प्रजापति ने कहा कि रिक्शा चालकों के अधिकारों की रक्षा के लिए तैयार है और इसी उद्देश्य से संगठन बनाया गया है। उन्होने कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने दिया जाएगा इस दौरान सुदेश गौतम, रमेश प्रजापति, गुलेशर, जिला महसचिव नरेश प्रजापति रहे।



# पुलिस ने एलआईयू टीम के साथ बांग्लादेशी व रोहिंग्या तलाशे

## फिलहाल पुलिस को नहीं मिली अभी तक कोई कामयाबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** स्थानीय खुफिया इकाई को साथ लेकर बुढाना पुलिस ने बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में कई स्थानों पर रोहिंग्या और बांग्लादेशी व्यक्तियों की खोज की लेकिन कोई भी ऐसा व्यक्ति टीम को नहीं मिला। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यालय जनपद से आई एलआईयू और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र के लगभग सभी कोल्हूओं और झोपडपटी भी खंगाली। इस टीम ने बंगलादेशी और रोहिंग्य व्यक्तियों की बारीकी से तलाश की लेकिन ऐसे लोगों की तलाश के दौरान बुढाना पुलिस और एलआईयू टीम के हाथ खाली ही रहे। बताया जाता है कि विगत दिवस नई दिल्ली में हुए विस्फोटों और एसआईआर कार्य को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुसार स्थानीय पुलिस और प्रशासन काफी सतर्क है। जिला मुख्यालय से आज शुक्रवार के दिन आई एलआईयू की टीम बुढ़ाना कस्बे में पहुंची। स्थानीय पुलिस को साथ लेकर एलआईयू की टीम ने क्षेत्र के सभी कोल्हूओं, ईंटों के भटों तथा झोपडपटी का भी निरीक्षण किया। फर्जी आधार कार्ड तथा एसआईआर को लेकर बुढाना पुलिस बांग्लादेशी और रोहिंग्यों की तलाश में लगी रही। इस क्षेत्र में इस टीम को कोई बांग्लादेशी व रोहिंग्या ढूंढे से नही मिला।?

## 22 दिसंबर की महापंचायत को लेकर की चर्चा

**बुढ़ाना।** आगामी 22 दिसम्बर को बुढ़ाना तहसील के परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की स्थानीय पुलिस और प्रशासन के खिलाफ होने जा रही महापंचायत को सफल बनाने के लिए आज शुक्रवार के दिन गांव वेल्ली में भाकियू तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार ने गांव के जिम्मेदार लोगों से चर्चा की। जिस पर सभी ग्रामीणों ने महापंचायत को सफल बनाने का वायदा किया और कहा कि महापंचायत में गांव में जितने भी ट्रेक्टर हैं वे सब के सब शामिल होंगे। इस बारे में भाकियू बुढ़ाना के तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार ने बतलाया कि आज कई गांवों में उनकी नुक्कड़ सभाएं और बैठकें थी लेकिन किसी कारणवश आज ये नुक्कड़ सभाएं नही हो सकी। शनिवार से जगह जगह बैठकें और नुक्कड़ सभाएं की जाएंगी और लोगों से 22 दिसम्बर की बुढ़ाना तहसील परिसर में होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए सहयोग मांगा जाएगा। संजीव पंवार ने बताया कि कुछ भ्रष्ट अधिकारी बेलगाम हो रहे हैं और वे किसानों के जायज कामों को भी नहीं कर रहे हैं। रिश्वत नही मिलने पर भोले भाले किसानों को तहसील के चक्कर कटाने का काम किया जाता है। जो अधिकारी किसानों को परेशान कर रहा है ऐसे अधिकारी भाकियू के रडार पर हैं। ऐसे अधिकारी बुढ़ाना क्षेत्र से बाहर होंगे जो किसानों का उत्पीडन करने में अपना मज़ा समझते हों।

# ब्रजकिशोर गुप्ता को व्यापार संगठन ने बनाया नगर प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजिस्टर्ड के जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी के कस्बा पुरकाजी स्थित पुराने गुप्ता भंडार बाईपास पर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी के सानिध्य में कस्बा पुरकाजी व्यापार संगठन का गठन किया गया जिसमें नगर प्रभारी ब्रजकिशोर गुप्ता निर्देश कटारिया मनोनीत किया गया अध्यक्ष अमित, गोयल कार्यकारी अध्यक्ष मनिंदर सिंह, महामंत्री अजय गोयल, कोषाध्यक्ष ऋषभ गुप्ता उपाध्यक्ष सुनील कुमार गुर्जर, रॉबिन गोयल, रजनीश कुमार, प्रेस प्रवक्ता अजीज अहमद, वरिष्ठ मंत्री तनवीर मलिक मंत्री, दीपक गुप्ता रजत गोयल



सलमान को जिला अध्यक्ष राक. ेश त्यागी द्वारा सभी पदाधिकारी को शपथ ग्रहण कराई गई

# ग्रामीण प्रतिभाओं को है संसाधनों की दरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** एक ज़माने मे खेल को मनोरंजन व सेहत के लिए खेला जाता था। खेल के रोजगार से जुड़ने के बाद आज अनेक युवा खेलो मे अपना भविष्य बना रहे हैं। मोरना क्षेत्र के अनेक युवक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं। क्षेत्र के अनेक युवक अपनी शारीरिक क्षमता को खेल के माध्यम से प्रदर्शित करना चाहते हैं। किन्तु ग्रामीण क्षेत्र मे संसाधनों की कमी राह मे बाधा बनी हुई है।



मोरना क्षेत्र की बात करें तो भोपा के फुटबाल खिलाडी नीशू कुमार अपनी लगन व महनत तथा कड़े संघर्ष के चलते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। वहीं भोकरहेड़ी के सूर्यवीर सहरावत, हर्षप्रीत सहरावत बॉकसिंग मे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं। इसके अलावा वॉलिबॉल,कुश्ती, कबढी,निशानेबा. जी,एथलेटिक्स आदि खेलो मे क्षेत्र के युवकों ने क्षेत्र को गोरान्वित किया है।ग्रामीण क्षेत्र के परम्परागत खेल कबढी मे बढ़ते आकर्षण ने युवाओं मे एक नये उत्साह का संचार किया है। वहीं अब क्षेत्र मे स्टेडियम व नियमित कोचिंग की मांग उठी है।

युवा भाजपा नेता अमित राठी ने बताया की शुकतीर्थ मे खेल एकेडमी खोली गयी है।युवक कुश्ती, कबढी वॉलिबॉल का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने बताया की क्षेत्र मे एक स्टेडियम व नियमित कोचिंग की सुविधा क्षेत्र वासियों को मिले इसके प्रयास जारी हैँ भोकरहेड़ी मे एक स्टेडियम प्रस्तावित है। भोकरहेड़ी निवासी सतीश सहरावत वर्षों से क्षेत्र मे स्टेडियम व प्रशिक्षण के लिए कोच की मांग करते रहे हैँ। सतीश सहरावत ने बताया की प्रत्येक इंटरकॉलिज मे खेल मैदान व खेल प्रशिक्षु की सुविधा होनी चाहिए इसके अलावा मोरना ब्लॉक् क्षेत्र मे बड़ी आबादी वाले ग्रामो मे स्टेडियम बनाये जाने चाहिए। साथ ही अनेक युवकों ने मोरना, भोपा, ककरौली क्षेत्र मे स्टेडियम स्थापना की मांग की है।

## खतौली में बसपा पदाधिकारियों का स्वागत

**खतौली।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती के निर्देश पर नवनियुक्त सहारनपुर मंडल प्रभारी और मुजफ्फरनगर जिला अध्यक्ष का खतौली विधानसभा पहुँचना पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह का विषय रहा। प्रथम आगमन पर बसपा पदा. धिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके उपरांत बसपा के पूर्व जिला महासचिव सुमित प्रजापति के प्रतिष्ठान पर खतौली विधानसभा व सेक्टर स्तरीय पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष पिंकू नोनिया ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ बसपा नेता बृजेश कुमार ने किया। बैठक में पदाधिकारियों को एस.ए.आर. द्धै।त्र्ञ से संबंधित बिंदुओं की विस्तृत जानक. ारी दी गई और संगठनात्मक कार्यों को प्राथमिकता देते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने का आ]वान किया गया। इस दौरान मंडल प्रभारी सतीश कुमार रवि, मंडल प्रभारी एडवोकेट इरशाद त्यागी, वरिष्ठ बसपा नेता सत्य प्रकाश सिंह, शेरपाल, सलाउद्दीन, आजाद मूवी, कुलदीप कुमार, सुनील बाल्मीकि, शिवकुमार, सत्य कुमार प्रजापति, निषाद राणा, दिलशाद कुरैशी, अर्जुन प्रजापति, रामपाल, बबलू, अमन प्रधान, राजेंद्र, रविंद्र प्रजापति, सोनू, अक्षय, समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नागरिक हाथ पैर तापकर ठंड को कर रहे हैं दूर



**बुढ़ाना।** शीतलहर से नगर व क्षेत्र में सभी लोग ठिठुरन महसूस कर रहे हैं वहीं 14 दिसम्बर को यूपी के कुछ भागों में हल्की फुल्की बारिश होने के कयास भी लगाए जा रहे हैं।

आगामी 48 घंटों में और भी ठंड बढ़ने की संभावना है। जहां हवा गुम हैं वहीं सुबह के समय और रात होते ही धुंध शुरु हो जाती है। शीतलहर व ठंड के कारण बाजार भी देरी से खुल रहे हैं और रात को दुकानें जल्दी ही बंद हो रही हैं। बाजारों में भी अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा लोग नहीं दिखे। इस बारे में दुकानदार केतन और मजीद ने कहा कि बढ़ती ठंड के बीच ग्राहक दुक. ानों पर कम ही आ रहे हैं। सिर्फ गर्म कपड़ों का व्यापार ही चल रहा है बाकि सभी में मंदी छाई हुई है। ठंड से बचने के लिए नगर में जगह जगह लोग अलाव जलाकर आग सेंकते भी दिखे। इस बारे में मजदूर मौहब्बत और चांद कस्सार ने बताया कि ठंड को दूर करने के लिए उनके पास एक ही उपाय है कि वो आग सेकें। मजदूर वर्ग की ओर से जहां आग जलाकर ठंड को दूर किया जा रहा है वहीं दूसरी और मध्यम वर्ग व उच्च वर्ग द्वारा घरों व दुकानों में हीटर का उपयोग किया जा रहा है। ठंड के चलते बाजारों में हीटरों की मांग भी बढ़ रही है।

## अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**चरथावल।** थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान चौकड़ा ने अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा है।उन्होंने इन दुर्घटनाओं से होने वाले जान-माल के नुकसान को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि चरथावल-थानाभवन मार्ग पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं का मुख्य कारण सड़क पर सांकेतिक बोर्ड और बैरियर का न होना है। इसके अलावा, सड़क पर स्पीड लिमिट का निर्धारण न होना भी एक बड़ी समस्या है।काला प्रधान ने बताया कि जग्गाहेड़ी टोल बचाने के लिए भारी वाहनों का इस मार्ग से अत्यधिक आवागमन होता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। सड़क पर हाइट गेज का न होना और हेलमेट व वाहनों का मानक के अनुरूप न होना भी दुर्घटनाओं की वजह बन रहा है।


**खोया सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं आलोक कुमार पुत्र श्री ब्रज भूषण कुमार निवासी 51/25 कम्बल वाला बाग मुजफ्फरनगर का सम्पति के बैनामा का एक पेज दिनांक 28/11/2025 को घर से तहसील जाते हुए रास्ते में गुम हो गया है विवरण बैनामा भूमि खसरा नं. 145 / बही न. 1/2574 पेज न. 211-230 क्रम सख्या न. 6287/30-6-2005 किसी को मिले तो मोबाइल नंबर 9927085901 पर सूचना देने का कष्ट करें।


# आशादीप बाल प्रशिक्षण संस्थान में कला प्रदर्शनी




**मुजफ्फरनगर।** आशादीप धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा संचालित आशादीप बाल प्रशिक्षण संस्थान एवं गुडविल सोसायटी मुजफ्फरनगर के संयुक्त सौजन्य से संस्थान परिसर में शिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे दिव्यांग बालक बालि. काओं द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा कला प्रदर्शनी भी लगाई गई तथा कार्यक्रम मे बच्चो को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम एक सफल आयोजन के रूप में संपन्न हुआ! कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिव्यांग एवं पिछड़ा वर्ग माननीय नरेंद्र कश्यप जी समारोह के मुख्य अतिथि रहे, संजीव जैन डायरेक्टर सिल्वर टोन इंडस्ट्री एवं रामकुमार कश्यप सदस्य पिछड़ा वर्ग बत्तोर विशिष्ट अतिथि पधारे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष इंजी लोकेश चंद्रा ने की, और इस समारोह की संपूर्ण व्यवस्था प्रबंधन संस्थान के संरक्षक एवं गुडविल सोसायटी के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने किया। दिव्यांग बालक बालिकाओं द्वारा निर्मित विभिन्न कलाकृति एवं जीवन उपयोगी वस्तुओं की कला प्रदर्शनी तथा लोक नृत्य से मुग्ध हुए मंत्री नरेंद्र कश्यप जी ने विद्यालय परिसर की सराहना करते हुए कहां की हमारे इस संस्थान के दिव्यांग बालक बालिकाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि शारीरिक रूप से दिव्यांग होते हुए भी बहुत कुछ कर दिखाने मे समक्ष हैं! संस्थान के सचिव आरके गोयल ने संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए संस्थान को राज्य सरकार द्वारा दिए गए पुरस्कार हेतु मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया। गुडविल सोसायटी के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने जहां मुख्य अतिथि सहित सभागार में उपस्थित जनसमूह का स्वागत सत्कार किया वहीं सचिव होती लाल शर्मा ने गुडविल सोसायटी के क्रियाकलापों पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम का संचालन यू.सी वर्मा ने किया। आशादीप संस्थान से श्री बी. आर शर्मा उपाध्यक्ष, रामबीर सिंह, अनुज महेश्वरी, पीके गुप्ता, के. के. शर्मा, बी बी गुप्ता, अरविंद सिंघल, श्यामलाल बंसल, बृजमोहन शर्मा द्धप्रधानाचार्यत्र्ञ शिवानी, रीना, मीना, शारदा,शर्मिष्ठा, जीवनी, प्रसून अग्रवाल, विशाल गर्ग, विशाल कालरा, दीपक सिंघल, श्रीमोहन तायल, राजेंद्र साहनी, शिव कुमार संगल ,शिवकुमार धीमान, बृजमोहन, अशोक गुप्ता, टोनी बिंदल, मोहनलाल, प्रमोद माहेश्वरी, जगदीश पालीवाल, मनोज अग्रवाल, डॉक्टर राजीव कुमार, बीएम गुप्ता, डॉक्टर पीके कंबोज, श्री कृष्ण अग्रवाल, पूनम मार्शल, रेणुका जैमिनी ,दीपाली कौशिक, शुभम वत्स ,संजीव वर्मा आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे जलपान की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के अध्यक्ष इंजीनियर लोकेश चंद्र जी ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सभी गणमान्य जनों का सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

# रुड़कली में दो मासूमों की हत्या में जमानत खारिज

**मुज़फ्फरनगर।** भोपा क्षेत्र के गांव रूडकली में दो मासूम की हत्या के मामले में कोर्ट में सुनवाई करते हुए आरोपी जुनैद की जमानत खारिज कर दी है। यह मामला उन्नीस जून का है और हाल में यह मामला कोर्ट में विच. ाराधीन है। अभियोजन के अनुसार उन्नीस जून 2025 को गांव रूडकली में मासूम अरहान व अनाया की हत्या कर दी गई थी। आरोप लगाया था कि मासूम अरहान व उसकी बहन अनाया की जहर देकर हत्या की गई है और इस मामले में मृतक की मां मुस्कान और उसके प्रेमी जुनैद पुत्र इनाम निवासी खेडी फिरोजाबाद को आरोपी बनाया गया था। पुलिस का कहना था कि प्रेम संबंधों के चलते प्रेमी के उकसाने पर बच्चों की मां मुस्कान और उसके प्रेमी जुनेद ने जहर देकर बच्चों को मार डाला। पुलिस के संज्ञान में यह भी आया था कि प्रेमी जुनेद ने बच्चों की मां मुस्कान से यह शर्त रखी थी कि पहले बच्चों को रास्ते से हटाना होगा तभी वे एक हो सकते है और एक मां ने प्रेमी के कहने पर बच्चों को मौत की नींद सुला दिया था पुलिस ने बीस जून 2025 को आरोपी को जेल भेज दिया था और हाल में यह मामला जिला एवं सत्र न्यायाधीश बीरेन्द्र कुमार सिंह की कोर्ट मे विचाराधीन है।

पीड़ित पिता वसीम पुत्र जुल्फिकार ने पुलिस को बताया था कि जहरीले रसगुल्ले खिलाकर उसके बच्चों को मारा गया है। पुलिस के संज्ञान में आया था कि बच्चों का पिता वसीम चंडीगढ में रहकर वेल्डिंग का काम करता है और उसकी गैर मौजूदगी में मुस्कान ने प्रेमी को अपनाने के लिए इस घटना को अंजाम दिया है ऐसा आरोप भी पत्नी ने लगाया था। बताया जाता है कि इसके बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पुलिस ने दर्ज किया जिसके बाद सीजीएम कोर्ट ने इस केश का प्रसंज्ञान लेकर पत्रावली को कमिटल किया, जिसके बाद मामला अब जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नम्बर आठ की न्यायाधीश नेहा गर्ग को ट्रायल हेतू भेजा गया। शुक्रवार को सत्र प्रशिक्षण संख्या 1545/2025 सरकार बनाम मुस्कान आदि में आरोप पत्र तय किए जाने की तिथि निर्धारित थी, लेकिन इस दौरान आरोपी जुनैद की जमानत अर्जी जिला जज कोर्ट में सुचीबद होने के कारण पूरी पत्रावली जिला जज कोर्ट मं प्रस्तुत की गई जिस कारण आज आरोप पत्र तय नहीं हो सके।

अभियोजन की और से जिला शासकीय अधिवक्ता राजीव शर्मा ने जिरह की और पीडित वसीम की और अधिवक्ता संदीप कुमार त्यागी ने पैरवी की। कोर्ट ने दोनो पक्षों की दलीलों को सुना गया जहां जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने इस मामले को जघन्य अपराध माना और इसका हलावा देते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी।

## घर में घुसकर मारपीट व चाकू से हमला करने का आरोप

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र के गांव उमरपुर के एक ग्रामीण ने अपने ही गांव के दो ग्रामीणों पर घर में घुसकर गाली गलौज और मारपीट करने तथा चाकू से हमला करने का आरोप लगाया है। घटना की तहरीर बुढ़ाना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव उमरपुर निवासी मोहम्मद उमर ने बुढ़ाना कोतवाली में पहुंचकर आज शुक्रवार के दिन बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि गांव के ही जिशान अहमद और इदरीश अहमद उनके घर में जबरदस्ती घुस गए और बिना बात ही गाली गलौज और मारपीट करने लगे। आरोप है कि जिशान अहमद ने वादी के भाई इमरान अहमद पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में इमरान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की तहरीर मोहम्मद उमर ने कोतवाली में दी है। उधर दूसरी और बुढ़ाना पुलिस बतलाया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरी पुत्री अफीफा कमर के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की अंक तालिका में त्रुटिवश मेरा नाम कमर सिद्दीकी दर्ज हो गया है जो कि गलत है, जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम कमर अंजुम दर्ज है, जोकि सही है। हमारी जाति सिद्दीकी है इसलिए उक्त दस्तावेज में सिद्दीकी दर्ज हो गया था, लेकिन मेरी पुत्री की मार्कशीट में मेरा नाम कमर अंजुम दर्ज कराया जाए।

**कमर अंजुम**
**पुत्र श्री खुर्शीद अख्तर**
**निवासी-511 जनकपुरी देवबंद,**
**जिला सहारनपुर**



हेतु संदर्शित करने की सूचना (नोटिस) कायमी वारसान)

**न्यायालय सिविल (सी.डि.) कोर्ट न.1 मुजफ्फरनगर** वाद संख्या 731 सन् 2021 **मैनवती** विधवा ओमप्रकाश उर्फ ओमा पुत्र चोहड सिंह निवासी ग्राम मनव्वरपुर, परगना खतौली, तहसील खतौली जिला-मुजफ्फरनगर ...वादीगण **बनाम** 1.राजेन्द्र 2.मुकेश 3.विकास समस्त पुत्रगण स्व.अतर सिंह निवासीगण मनव्वरपुर कला तहसील खतौली जिला-मुजफ्फरनगर 4.कौशल पुत्री स्व. अतर सिंह पत्नी धर्म सिंह निवासी ग्राम सायला तहसील देवबंद जिला-सहारनपुर 5.कौशम पुत्री स्व. अतरसिंह पत्नी ब्रजपाल निवासी ग्राम अलीपुरा डाकखाना जलालाबाद जिला-शामली 6. मुनेश पुत्री स्व.अतर सिंह पत्नी धर्मेन्द्र निवासी ग्राम खेडकी पोस्ट आफिस बढीवाला तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर 7. भावना पुत्री स्व.अनिल कुमार पत्नी नरेश कुमार निवासी टेलीफोन क्वार्टस 261, पटेलनगर,नई मंडी शहर व जिला-मुजफ्फरनगर 8.करूणा पुत्री स्व.अनिल कुमार पत्नी मयूरेश भार्गव निवासी 32/62, गुर्जर तोपखाना थाना पटेल खातीपाडा, लोहा मंडी आगरा 9. सपना पुत्री अनिल कुमार 10. अनुराग सैनी 11.अविनश सैनी पुत्रगण अनिल कुमार निवासीगण ग्राम मनव्वरपुर कला तहसील खतौली जिला-मुजफ्फरनगर..... **वारिसान** चूंकि उपरिनामांकित वादीगण ने प्रार्थना पत्र कायमी वारसान प्रस्तुत किया है अत: एवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 को जनवरी माह के 02 दिवस को 10 बजे पर्वान्ह में स्वयं व सम्यक् रूपक अनर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन व सम्बन्धित वाद् एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2025 को दिसम्बर माह के 10 दिवस को निकाली गयी।

**मुन्सरिम रीडर न्यायालय सिविल (सी.डि.) कोर्ट न.। मुजफ्फरनगर।**


# गांधी पॉलिटेक्निक में पुरातन छात्रों का किया गया सम्मान



**मुज़फ्फरनगर।** गांधी पॉलिटेक्निक के स्टेनोग्राफी ब्रांच के पुरातन छात्र-छात्राओं जगबीर सिंह यादव, रिपोर्टिंग ऑफिसर (पी.आर.), राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ, मधु चौधरी आदि के मुज़फ्फरनगर आगमन पर उनके स्वागत सम्मान में एक समारोह गांधी पॉलिटेक्निक के ऑडियो-विजुएल हॉल में इं. राजीव सिंह, प्रधानाचार्य गांधी पॉलिटेक्निक मुज़फ्फरनगर की अध्यक्षता व श्रीमती बबीता देवी, प्रवक्ता हिन्दी के संयोजन में पुरातन छात्र एसोसिएशन के द्वारा आयोजित किया गया जिसका संच. ालन पुरातन छात्र एसोसिएशन के सचिव इं. बसन्त कुमार गोयल ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पॉलीटेक्निक संस्थापक स्वामी कल्याणदेव महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित कर प्रधानाचार्य व अतिथियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के माध्यम से पुरातन छात्रों ने अपने विभागीय अनुभव से पॉलीटेक्निक में अध्यनरत विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर उनको सरकारी नौकरियों में सफल होने हेतू गुर साझा किये एवं उनको सफलता हेतू मार्गदर्शित किया।

गांधी पॉलीटेक्निक मुज़फ्फरनगर की प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष उद्योगपति कन्दर्प स्वरूप ने अपने सन्देश में सम्मान समारोह की सफलता की कामना करते हुए स्वामी कल्याणदेव द्वारा संस्थापित प्राचीन तकनीकी संस्थान गांधी पॉलिटेक्निक से शिक्षित पुरातन छात्रों के देश-विदेश में उच्चस्थ पदों पर आसीन होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को शुभकामनायें दी। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में प्रधानाचार्य इं राजीव सिंह नें कहा कि प्रदेश में सुदूर सेवारत पुरातन छात्रों का पॉलीटेक्निक में आना व सहयोग के लिए हाथ बढ़ाना पूज्य वीतराग स्वामी कल्याणदेव को सच्ची श्रद्धांजलि है। पुरातन छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य इं राजीव सिंह ने स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया ।कार्यक्रम आयोजन में इं चमन लाल, इं बरिजेन्दर, इं आर के वर्मा, नूपुर त्यागी, महिमा पाल, सुनील वर्मा, अमित गंगवार, अवध. ेश कुमार, नैना आदि का विशेष योगदान रहा । जबकि अन्जू, रिया शर्मा, खुशी, अंशिका, लक्की, आलोक, आकाश आदि को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।

## प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने वाली महिला आठ माह बाद गिरफ्तार

**छपार।** अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने की आरोपी महिला सुमायला को पुलिस ने आठ माह बाद दिल्ली से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जबकि वसीम उर्फ खटमल अभी फरार है, वहीं एक महिला सहित चार आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। 4 अप्रैल को सुबह पुलिस को सूचना मिली कि बिजोपुरा के जंगल में हाइवे के निकट एक बिजली की टयूवैल पर खून से लथपथ एक युवक का शव पड़ा है।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया जिसकी शिनाख्त मृतक के भाई नौशाद ने की बताया कि उक्त मृतक उसका भाई सलमान निवासी जनपद मेरठ के थाना लिसाड़ी गेट मौहल्ला अहमदनगर है। नौशाद ने मोहल्ले के ही पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लेकिन पुलिस जांच में मृतक की पत्नी सुमायला व उसके प्रेमी वसीम उर्फ खटमल सहित छह आरोपी पाये गये।

पुलिस ने एक महिला सहित तीन आरोपियों को बिजोपुरा के जंगल से गिरफ्तार कर लिया था। ओर एक आरोपी साकिब मुठभेड़ में घायल हो गया ओर पुलिस ने उसके साथी साहिल उर्फ अमान के साथ एक जून को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ओर मृतक की पत्नी अपने प्रेमी सहित फरार थे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।

पत्राक:- 1665 /E-Tender/P.W.D/NPP/2025-26 दिनांक: 12-12-2025

## ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2024-25 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत / नवीनीकृत ठेकेदारों की सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 55 निर्माण कार्यो हेतु दिनांक 02.01.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 13/12/2025 - की प्रात 10:00 से दिनांक 02/01/2026 की अपराह्य 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 03/01/2026 की प्रात: 10:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य **राज्य वित्त आयोग** की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते हैं।

**सहायक अभियन्ता (निर्माण)**
**नगर पालिका परिषद**
**मुजफ्फरनगर।**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**मुजफ्फरनगर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**मुजफ्फरनगर।**

# हैदरपुर वेटलैंड में जल संरक्षण पर भव्य कार्यक्रम





**मीरापुर।** हैदरपुर वेटलैंड में शुक्रवार को जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले भर के स्कूलों से पहुंचे सैकड़ों बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहारनपुर मंडल के आयुक्त रूपेश कुमार रहे, जबकि पद्म श्री से सम्मानित पर्यावरणविद् उमेश कुमार पांडे, कमल कुमार और जिलाधिकारी उमेश मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश घर-घर तक पहुंचाना था। समारोह की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए स्वागत गीत से हुई। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने पानी की बर्बादी, प्लास्टिक प्रदूषण, भूमिगत जल स्तर में कमी, नदियों की स्वच्छता और जल-जीव संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित नाटक, गीत, कविताएं और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रस्तुतियों ने न केवल उपस्थित जनसमूह को प्रभावित किया, बल्कि जल संकट की गंभीरता का एहसास भी कराया। मंडल आयुक्त रूपेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हपानी जीवन का मूल स्रोत है और इसका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

यदि आज जल को नहीं बचाया गया तो आने वाली पीढ़ियों को भारी संकट का सामना करना पड़ेगा।ह उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी अधिकारियों, शिक्षकों और बच्चों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई और प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण तथा स्वच्छ नदियों के निर्माण की दिशा में कार्य करने का आ]वान किया। पद्म श्री उमेश कुमार पांडे ने हैदरपुर वेटलैंड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह वेटलैंड जैव विविधता का एक अनूठा केंद्र है। यह स्थान 2012 में रामसर साइट घोषित हुआ और 2022 में इसे यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि लगभग 6900 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले इस वेटलैंड में सैकड़ों प्रजातियों के पक्षी, दर्जनों मछलियां, डॉल्फिन, बारहसिंहा, हिरण और घड़ियाल पाए जाते हैं। प्रवासी पक्षियों के आगमन के कारण यह वेटलैंड अंत. रराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को यहां पर्यटकों के लिए और सुविधाएं विकसित करनी चाहिए ताकि लोग प्रकृति की इस अद्भुत धरोहर को करीब से देख सकें। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि हपानी की पाठशाला जैसे कार्यक्रम बच्चों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता पैदा करते हैं। ये बच्चे आगे चलकर समाज में हरित क्रांति और सकारात्मक बदलाव के वाहक बनेंगे।ह कार्यक्रम के अंत में बीआईटी कॉलेज की ओर से पद्मश्री उमाशंकर पांडे और कमल सिंह चौहान को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह का समापन जल संरक्षण शपथ और पौधरोपण के साथ किया गया।

# बकाया भुगतान न मिलने पर मिल मालिक के आवास पर कर्मचारियों का धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** सरशादी लाल डिस्टिलरी,मंसूरपुर में कर्मचारियों का बकाया भुगतान न होने का मामला शुक्रवार को उग्र हो गया।

फैक्ट्री के मालिकों द्वारा महीनों से वेतन न दिए जाने के कारण कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति बदहाल हो चुकी है। इसी कड़ी में गुरुवार को फैक्ट्री में बॉयलर अटेंडेंट के तौर पर कार्यरत कर्मचारी कृष्णपाल की अचानक तबीयत बिगड़ गई। आर्थिक तंगी के चलते परिजन उसे डॉक्टर तक ले जाने में भी असमर्थ रहे,जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

कर्मचारियों का आरोप है कि फैक्ट्री मालिक राहुल स्वरूप,गोविंद स्वरूप,प्रभात स्वरूप, आदर्श स्वरूप और हरसरन गुप्ता ने करोड़ों रुपये बकाया होने के बावजूद फैक्ट्री को बंद कर दिया। मजदूरों का कहना है कि महीनों से वेतन न मिलने के कारण परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं,बीमार पड़ने पर इलाज कराने तक की स्थिति नहीं बची। बीमार कर्मचारी कृष्णपाल की बिगड़ती हालत से नाराज मजदूर शुक्रवार को उसे एंबुलेंस में लेकर सीधे फैक्ट्री मालिक के आवास पहुंच गए और वहां जमकर धरनाख्रप्रदर्शन किया। मौके पर माहौल तनावपूर्ण बना रहा।समाचार लिखे जाने तक कर्मचारियों का धरना जारी था, और किसी भी मालिक की ओर से समाधान की कोई पहल नहीं की गई थी।

# लाल दयाल स्कूल में चेयरमैन का जन्मदिन धूमधाम से मनाया




**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** लाल दयाल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को चेयरमैन कर्मवीर सिंह का जन्मदिन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जूनियर विंग के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। स्कूल परिसर दिनभर उत्सव और उमंग के माहौल से गूंजता रहा। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। इसके बाद भावपूर्ण माहौल में चेयरमैन कर्मवीर सिंह ने अपनी माता चंद्रलेखा की उपस्थिति में केक काटकर समारोह की शोभा बढ़ाई। बच्चों ने चेयरमैन को उपहार भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या शिल्पी मैडम के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में नीलम मैम, तारु मैम, धीरज सर, प्रियंका मैम, सुमिता मैम, मोहित सर, पायल मैम और पूनम मैम सहित पूरे विद्यालय स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई। नर्सरी से लेकर कक्षा 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। अपने संबोधन में चेयरमैन कर्मवीर सिंह ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और शिक्षकों की मेहनत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा और अनुशासन ही विद्यालय की असली शक्ति है। विद्यालय परिवार की एकजुटता और प्रेम ने इस दिन को और भी खास बना दिया। समारोह के अंत में छात्रों को उपहार वितरित किए गए और मिठाई बांटी गई। पूरे दिन वातावरण उत्सवपूर्ण रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### अटाली में खंडहरनुमा घरों-दुकानों में आबकारी विभाग की छापामारी

**बुढ़ाना।** जनपद मुजफ्फरनगर की आबकारी विभाग की टीम ने आज शुक्रवार के दिन बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अटाली में पहुंचकर खंडहरनुमा पड़े घरों और दुकानों की चौकिंग की कि कहीं पर अवैध रुप से शराब तो नहीं बनाई जा रही या फिर अवैध रूप से दुकानों पर ग्राहकों को बिठाकर शराब तो नहीं परोसी जा रही है। यह टीम जंगल और खेतों में भी पहुंची। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश आबकारी आयुक्त प्रयागराज और उत्तर प्रदेश की अपर मुख्य सचिव के द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में डीएम उमेश मिश्रा और एसएसपी संजय कुमार वर्मा के दिशा निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत मुजफ्फरनगर जनपद की आबकारी टीम ने बुढ़ाना क्षेत्र के गांव अटाली के जंगलों एवं खेतों में दबिश की कार्यवाही की गयी। आबकारी टीम ने ग्राम में कतिपय मकानों व संचालित दुकानों की भी आकस्मिक चौकिंग की एवं ग्राम के आसपास के क्षेत्रों में संचालित ईंटों के भटों और ढ़ाबों की भी सघन तलाशी ली गयी और मदिरा की तस्करी की सम्भावना के ख्रष्टिगत आने जाने वाले वाहनों की सघन तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान आबकारी टीम द्वारा आसपास की अलग अलग स्थानों पर टीम बनाकर आकस्मिक रुप से आने जाने वाले वाहनों की सघन तलाशी ली गयी एवं मार्गो पर खड़े हुए विभिन्न वाहनों की भी आकस्मिक चेकिंग की गयी। आबकारी टीम मदिरा की तस्करी की सम्भावना के ख्रष्टिगत विभिन्न स्थानों पर निरन्तर चेकिंग करेगी।

### अतिरिक्त दहेज न मिलने पर महिला को घर से निकाला

**बुढ़ाना।** अतिरिक्त दहेज में गाड़ी व 50 हजार रुपये नही मिलने पर एक महिला को उसके ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया है। शिवानी कश्यप पुत्री अशोक निवासी ग्राम उमरपुर का विवाह लगभग 02 वर्ष पूर्व ब्विवजीत कश्यप पुत्र सलेकचन्द कश्यप निवासी ग्राम सैदपुरा खुर्द तितावी के साथ हुई थी। शादी में उसके पिता ने छह लाख रुपये खर्च किए थे मगर ससुरालिए दहेज से खुश नही थे। वे अतिरिक्त दहेज में गाड़ी मांग रहे थे। उसके पिता ने उसी दौरानघ उसकी बहन की भी शादी की थी। जिसके चलते वह गाड़ी देने में असमर्थ थे। पति के गांव की युवती से संबंध थे। जिसको लेकर विश्वजीत फरार हो गया था। इसिलिए पति विश्वजीत उससे मारपीट करता था। फिर भी वो ससुरालियों के अत्याचार सहती रही। शिवानी ने पुत्र को जन्म दिया मगर तब भी ससुरालियों में कोई बदलाव नहीं आया। ये लोग छूछक में गाडी व 50 हजार रुपये मांग रहे थे। मांग पूरी न होने पर मारपीट करते थे। बीती 12 जून को लोगों ने इन्हें समझाया मगर तब भी ससुरालिए बाज नहीं आए। बीते 30 जून को पति, ससुर, सास पिंकी, देवर अमरजीत, ननद दीपा ने उसके संग गाली गलौज मारपीट कर उसका गला दबाया तो कुछ लोगों ने उसे बचाया तो ससुरालियों ने उसे घर से ये कहकर बाहर निकाल दिया कि अगर हमारी मांग पूरी ना हुई तो उसे घर में रहने नहीं देंगे। अब ससुरालिये फोन पर उसे पुलिस के पास जाने पर धमकी दे रहे हैं। उधर पुलिस ने ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### देहदान करने वाली मृतका के शव को प्रयोगशाला भेजा गया

**भोपा।** क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर निवासी एक परिवार ने मानवता की मिसाल पेश की है। जहां त्रिकाशी देवी के मरणोपरांत उनके पुत्र रणवीर सिंह ने उनकी देह मेडिकल कॉलेज को दान कर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।परिजनों के अनुसार, त्रिकाशी देवी ने जीवनकाल में अपनी देह मेडिकल रिसर्च के लिए दान करने की इच्छा जताई थी। उनकी इच्छा को पूरा करने के लिए परिवार ने पूर्ण सहमति दी।मृतका अपने पीछे पुत्र रणवीर और जगवीर,पुत्री संचिता पौत्र सचिन,नितिन पौत्री पूजा, ज्योति, स्वाति आदि को छोड़ गई हैं।

### टिकौला शुगर मिल ने किया 31.21 करोड़ रुपये का भुगतान

**मीरापुर।** टिकौला शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष हिमांशु कुमार मंगलम जी ने बताया कि, शुगर मिल ने सत्र 2025-26 का दिनांक 29.11.2025 से 05. 12.2025 तक खरीदे गये गन्ने का सम्पूर्ण भुगतान रू0 31.21 करोड द्धइक्कतीस करोड इक्कीस लाख रू0ऋ का गन्ना मूल्य भुगतान चीनी मिल के माध्यम से सीधा किसानों के खातो में भेज दिया गया है। मिल से सम्बंधित किसान अपने सम्बन्धित बैंकों के माध्यम से भुगतान प्राप्त कर लें।

### खेड़ामस्तान में हुई एआईएमआईएम की बैठक

**बुढ़ाना।** जुम्मे की नमाज के बाद सायं तीन बजे के बाद ब्लाक बुढाना क्षेत्र के गांव खेड़ा मस्तान में शाहिद अहमद के आवास पर आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक आवश्यक बैठक का सफल आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद बैरिस्टर असदुद्दीन औवेसी को मजबूत करने पर बल दिया गया और आने वाले जिला पंचायत चुनाव पर भी जोरदार चर्चा की गयी। यहां पर दर्जनों लोगों ने विभिन्न दलों को छोड़कर आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी ज्वाइन की। इस दौरान सभी ग्रामीणों की सहमति से शाहिद अहमद को ग्राम खेड़ा मस्तान का नया ग्राम अध्यक्ष, समीर अहमद को सेक्टर का अध्यक्ष और निसार अहमद कोघ ग्राम के नये सचिव की जिम्मेदारी सौंपते हुए तीनों नये पदाधिकारियों को हाथों हाथ नियुक्ति पत्र भी सौंपे गये। जिस पर तीनों नये पदाधिकारियों ने पार्टी को मजबूत करने की बात कही। इस दौरान जिला महासचिव आजम फारुकी, बुढाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अब्दुल रहीम सिद्दीकी, ब्लॉक अध्यक्ष फरहान, संगठन मंत्री आसिफ मलिक मीडिया प्रभारी कादिर राणा आदि मौजूद रहे।

### हाई मास्ट लाइट लगने से झूमे वाल्मिकी बस्ती के लोग

**मीरापुर।** नगर के सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर (स्पेशल समरी रिवीजन) से संबंधित एक खुली बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अधिकतम संख्या में मतदाताओं, पत्रकार बंधुओं, विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े प्रतिनिधियों तथा नगर के अन्य जिम्मेदार नागरिकों ने सहभागिता की। बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और किसी भी प्रकार की त्रुटि या आपत्ति को समय रहते निस्तारित करना था। बैठक के दौरान संबंधित बीएलओ ने मृतक, शिफ्टेड, डबल एंट्री एवं अनुपस्थित मतदाताओं की सूची को सार्वजनिक रूप से सभी उपस्थित लोगों के सामने पढ़कर सुनाया। साथ ही यह भी कहा कि यदि किसी को इन प्रविष्टियों पर कोई आपत्ति हो तो वे तुरंत बीएलओ को लिखित या मौखिक रूप से अवगत कराएं। हालांकि सभी मतदान केंद्रों से यह जानकारी प्राप्त हुई कि किसी भी बीएलओ के पास अब तक कोई औपचारिक आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई है। अधिकारीगण ने यह भी अवगत कराया कि नए मतदाताओं के पंजीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

### सड़क दुर्घटनाएं रोकने को अधिकारियों का निरीक्षण

**चरथावल।** थानाभवन और चरथावल-रोहाना मार्गो पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक यातायात और क्षेत्राधिकारी सदर ने पीडब्ल्यूडी विभाग के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।इस दौरान मार्ग पर ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना के संभावित क्षेत्रों को चिन्हित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देश पर सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यह व्यापक निरीक्षण किया गया अधिकारियों ने दोनों मार्गो पर स्थित ब्लैक स्पॉट, तीखे मोड़, कम दिखने वाले हिस्से, सड़क किनारे अवैध अवरोध तथा अन्य दुर्घटना संभावित बिंदुओं का बारीकी से परीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान, पुलिस अधीक्षक यातायात ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। चिन्हित स्थानों पर रिफ्लेक्टर, मानक अनुसार स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप, आवश्यक चेतावनी/साइन बोर्ड, सड़क किनारे पेंटिंग और प्रकाश व्यवस्था जैसे इंजीनियरिंग सुधारात्मक कार्यों को तत्काल प्रभाव से स्थापित और पूर्ण किया जाए।

# मुख्यमंत्री से मिलने के बाद भाकियू तोमर ने धरना प्रदर्शन स्थगित किया



**छपार।** उत्तराखंड सरकार के बुलावे पर भाकियू तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर के नेतृत्व में 41 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की ओर किसानों की 31 मांगों का एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को सोंपा उन्होंने सभी मांगों पर विचार कर समाधान करने का आश्वासन दिया जिस पर 13 दिसंबर को उनका घेराव कर प्रदर्शन करने का प्रस्ताव वापस लिया गया।

एक सप्ताह पूर्व रामपुर तिराहा स्थित भाकियू तोमर के राष्ट्रीय कार्यालय पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई थी जिसमें 13 दिसंबर को देहरादून बड़ी संख्या में किसान व कार्यकर्ता पहुंचकर मुख्यमंत्री का घेराव कर प्रदर्शन करेंगे ओर 31 समस्याओं का एक ज्ञापन सोंपेगे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि दो दिन से देहरादून प्रशासन ओर हरिद्वार प्रशासन सम्पर्क कर मिलने को कह रहा था। जिसको लेकर शुक्रवार को भाकियू तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर 41 कार्यकर्ताओं के साथ एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की।वार्ता काफी देर तक चली चौधरी संजीव तोमर ने बताया कि उन्होंने लगभग 31 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन मान्य मुख्यमंत्री को सौपा जिसमें मुख्य मांग गन्ने का भाव 500 रुपए क्विटल किया जाए, बकाया भुगतान जल्द से जल्द कराया जाए।

उन्होने कहा कि इकबालपुर शुगर मिल का भुगतान जल्द से जल्द कराया जाए ओर हरिद्वार जिले व पहाडी किसानों के सामने सबसे बडी समस्या है कि जब उनकी फसल तैयार हो जाती है उन्हें जंगली जानवर ओर हाथी नष्ट कर देते है सरकार नष्ट फसल का मुआवाजा दे ओर जो जानवर किसान को चोटिल कर रहे है ओर जान से मार देते है। उन्हें सरकार मुआवजा दे, उत्तराखंड मे 10 साल से जो नागरिक रह रहे है उन्हें उत्तराखंड की नागरिकता दिलवाई जाए ओर पहाडी किसानों को कृषि यंत्र फ्री दिये जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही इकबालपुर नहर मे भी पानी छोडा जाएगा ओर पाईंट टू पाईंट ज्ञापन पर सरकार पूरा ध्यान देगी ओर समाधान कराने का काम भी करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, तालीब हसन, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष भूपेनदर चौहान, अंकित चौहान, हाजी मुस्तकीम, परवेंदर चौधरी, सुमित, अजय त्यागी , राजीव मलिक , नितिन राठी, विकास वालिया, चंदन त्यागी हनी बालियान,शिवकुमार सैनी, धर्मेन्दर तोमर आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तमंचा लेकर फोटो खिंचवाने वाला युवक गिरफ्तार

**बुढ़ाना।** अवैध तमंचा लेकर फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने वाले युवक को बुढाना पुलिस ने अरेस्ट कर जेल भेज दिया है। आरोपी एक मामले में वांछित भी चल रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखाव. तपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में जब चौकी इंचार्ज ललित कसाना अपने अधीनस्थों के साथ गश्त कर रहे थे तो तब उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि हर्ष पुत्र मोहन निवासी ग्राम जौला जिसकी अवैध तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल हो रही है और बुढ़ाना कोतवाली से मारपीट के मुकदमे में वांछित है वो गैस गोदाम के पास खड़ा है और कही जाने की फिराक मे है। उसके पास अवैध तमंचा है। तब वे मुखबिर की सूचना पर ब्विवास कर उक्त स्थान पर पहुंचे और आरोपी युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास से अवैध तमंचा और एक अवैध कारतूस भी बरामद किया।

पूछने पर युवक ने बताया कि यह तमंचा मैने अब से करीब 03 वर्ष पहले एक राह चलते किसी व्यक्ति से खरीदा था। मैंने इसी तमंचे के साथ फोटो खींचा था। जिसे किसी व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मेरा गांव में पड़ोसी के साथ झगडा भी हो गया था। जिस कारण आज में यह तमंचा लेकर घूम रहा था। पुलिस ने उक्त आरोपी को लिखा पढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है।

# इलैक्ट्रिक स्कूटी में आग से हजारों का नुकसान

**बुढाना।** घर में चार्जिंग हो रही एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक से आग लग गयी। जिसमें देखते ही देखते लंबी लंबी लपटें उठने लगी। इस दौरान जबरदस्त अफरा तफरी मच गयी। लोगों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। बाद में आई दमकल विभाग की टीम को बैरंग लौटना पड़ा।

स्कूटी में लगी आग की चपेट में आकर हजारों रुपये की घरेलू संपत्ति भी जलकर राख हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला शाहवाडा निवासी मनीष मित्तल के घर के बरामदे में आज उनकी एक इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्जिंग पर लगी हुई थी कि अचानक से स्कूटी में आग की लपटें उठने लगी। इस दौरान जबरदस्त धुआं हो गया और पड़ोसी भी किसी अनिष्ट की आशंका जताते हुए बाहर निकले तो मनीष के घर में आग लगी देख शोर मचा दिया और विद्युत लाइन काटकर पानी और रेत से आग बुझाने लगेघ। किसी ने दमकलकर्मियों को फोन कर दिया तो कुछ ही देर बाद दमकलकर्मी भी मौके पर आ गये लेकिन तब तक आग बुझाई जा चुकी थी। इस दौरान काफी देर तक जबरदस्त अफरा तफरी का माहौल रहा। आग की चपेट में आने से दर्जनों जोड़ी जूते, टाइल्स व अन्य घरेलू सामान भी जल गया था। स्कूटी बुरी तरह जल गयी थी। मौहल्ले के लोगों की भागदौड़ के चलते बड़ा नुकसान होने से बच गया। सूचना मिलते ही बुढाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। उधर इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने स्कूटी जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं।

# रायपुर नंगली में जल जीवन मिशन की लापरवाही बेनकाब

**खतौली।** खतौली ब्लॉक के गांव रायपुर नंगली में वर्षो से लंबित जल जीवन मिशन परियोजना और खस्ताहाल सड़कों को लेकर ग्रामीणों का धैर्य आखिर टूट गया। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के नेता सचिन चौधरी ने स्वयं गांव पहुंचकर हालात का जायजा लिया और जल निगम विभाग के अधिकारियों को मौके पर तलब किया। गांव पहुंचते ही भाकियू नेता ने सबसे पहले उस बंद पड़ी पानी की टंकी का निरीक्षण कराया, जो योजना पूरी होने के बावजूद अब तक चालू नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने बताया कि विभागीय लापरवाही के चलते उन्हें आज भी हैंडपंप और टैंकरों के सहारे ही पानी की जरूरतें पूरी करनी पड़ती हैं। कई बार शिकायतें करने के बाद भी पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं की गई। इसके बाद सचिन चौधरी ग्रामीणों के साथ टूटी-फूटी सड़कों का निरीक्षण करने निकले। मुख्य मार्गो पर गहरे गड्ढे, जलभराव और बिखरी निर्माण सामग्री देखकर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के प्रति विभाग का गैर-गंभीर रवैया ग्रामीणों को परेशानियों में डाल रहा है। भाकियू नेता ने अधिकारियों के सामने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि यदि निर्धारित समय में कार्य शुरू नहीं होता, तो यूनियन को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने सड़क मरम्मत तत्काल शुरू करने और पानी की टंकी को जल्द चालू करने की मांग रखी। दबाव के बाद अधिकारियों ने मौके पर ही आश्वासन दिया कि शनिवार से सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही दिसंबर के अंत तक पानी की टंकी से नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल करने का वादा किया। ग्रामीणों ने कहा कि वर्षो से वे केवल आश्वासनों पर भरोसा करते आए हैं, लेकिन इस बार उम्मीद है कि विभाग अपने वचन पर अमल करेगा और रायपुर नंगली के लोग पानी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से जल्द राहत पाएंगे।

## फायरिंग कर दहशत फैलाने के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**मोरना।** बीते सप्ताह मोरना मे देर शाम महिला के साथ मारपीट करने व फायरिंग करे दहशत फैलाने मामले मे चार युवकों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को अवैध असलाह के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना स्थित टावर कॉलोनी निवासी अरूण कुमार ने बीते 3 दिसम्बर को मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था की उसकी बाइक घर के बाहर खडी थी। उसे हटाने को लेकर पड़ोस में रहने वाले गोलू, अंकुर व नरेश ने घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए उसकी पत्नी निटिल के साथ मारपीट की। पड़ोसी प्रमोद के परिवार वालों ने नरेश व उसकी पत्नी को आरोपियों से बचाया था। शाम के समय गोलू, अंकुर व हर्षित ने फिर से पीड़ित के घर के सामने आकर गाली गलौज की तथा उन्हें जान से मारने की धमकी दी तथा पडोस में रहने वाले प्रमोद की पुत्री को गोली मारने की धमकी देते हुए हवाई फायरिंग की जिससे वहां दहशत फैल गयी थी। आरोपी मौके से फरार हो गये थे।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी गोलू, अंकुर, नरेश व हर्षित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।शुक्रवार को पुलिस ने एक आरोपी अंकुर को अवैध असलाह के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## सरल फर्टिलाईजर के दफ्तर में लाखों की चोरी

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड पर शेरनगर से आगे कमल धर्मकांटे के निकट सरल फर्टिलाईजर के कार्यालय में बीती रात दो शातिर चारों ने घुसकर अलमारी के ताले तोडकर डेढ लाख रूपये चोरी कर लिये। उद्यमी रघुराज गर्ग की सूचना पर सीओ नई मंडी और कोतवाली प्रभारी ने टीम के साथ पहुंचकर जांच की। फिंगर प्रिंट आदि लेने के बाद कर्मचारियों से भी पूछताछ की। दो चोर सीसीटीवी कैमरे में साफ तौर पर चोरी करते नजर आ रहे हैं। पुलिस जांच कर रही है।

# झारखंड महादेव मंदिर गेट पर बढ़ता अतिक्रमण और अवैध पार्किंग



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नई आबादी स्थित प्राचीन झारखंड महादेव मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार पर बढ़ते अतिक्रमण, अवैध पार्किंग और असामाजिक गतिविधियों से स्थानीय लोग और श्रद्धालु बेहद परेशान हैं। लगातार बिगड़ते हालात को देखते हुए शुक्रवार को झारखंड महादेव मंदिर समिति ने कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की।

समिति सदस्यों ने बताया कि मंदिर गेट के पास कुछ असामाजिक तत्व प्रतिदिन वाहनों को खड़ा कर अतिक्रमण कर लेते हैं, जिससे मुख्य मार्ग संकीर्ण हो जाता है। इसके कारण मंदिर आने वाली महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और श्रद्धालुओं को आवागमन में भारी असुविधा झेलनी पड़ती है। विरोध करने पर दबंगई, गाली-गलौज, धमकी और अभद्रता तक की जाती है। कई मौकों पर झगड़े और मारपीट जैसी घटनाएँ भी हो चुकी हैं। मंदिर समिति के अनुसार, देर शाम मंदिर गेट के आसपास नशेड़ी किस्म के लोगों का जमावड़ा रहता है, जिनकी अभद्र हरकतें धार्मिक माहौल को दूषित कर रही हैं। इससे स्थानीय लोगों में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। बार-बार शिकायत के बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई न होने से लोगों में आक्रोश है।समिति ने ज्ञापन में मांग की कि मंदिर गेट पर की जा रही अवैध पार्किंग को तुरंत हटाया जाए। क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई की जाए। श्रद्धालुओं, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन देने वालों में तरुण सूरी, संजीव, मनोज उपाध्याय, प्रमोद, प्रमोद अग्रवाल, अनुराग शास्त्री, सुनील कुमार, डॉ. सारिक, सुधीर गोयल सहित कई लोग शामिल रहे।

# खतौली सीएचसी में जल्द शुरू होगी मुफ्त सीटी स्कैन व हाईटेक ओटीपी सुविधा

**खतौली।** क्षेत्रवासियों के लिए राहतभरी खबर है। खतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अब आधु. निक स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अस्पताल में अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन की स्थापना पूरी हो चुकी है, लेकिन प्रशिक्षित टेक्नीशियन की तैनाती न होने के कारण सेवा शुरू नहीं हो सकी है। विभाग ने टेक्नीशियन नियुक्ति प्रक्रिया को अंतिम चरण में बताया है और उम्मीद जताई है कि मरीजों को जल्द ही मुफ्त सीटी स्कैन सुविधा उपलब्ध होने लगेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सुविधा के शुरू होने से उन्हें मीरापुर, मुज़फ्फरनगर, मेरठ या निजी अस्पतालों में महंगा खर्च नहीं करना पड़ेगा। गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

हाईटेक ओटीपी की तैयारी अंतिम चरण में, दो बड़े ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे

सीएचसी में ऑपरेशन थिएटर प्रोजेक्ट (ओटीपी) को आधुनिक तकनीक से अपग्रेड किया जा रहा है। हाईटेक मशीनें बिना किसी बाधा के काम कर सकें, इसके लिए 200 केवी और 80 केवी के दो ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं। इनके लगते ही ऑपरेशन, जांच और अन्य महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं बिजली की समस्या से मुक्त होकर संचालित हो सकेंगी। **ट्रॉमा सेंटर सेंट्रलाइज्ड सिस्टम से जुड़ा, आपात सेवा में तेजी आएगी** गंभीर हादसों या आपात स्थितियों में मरीजों को अब अधिक तेज और प्रभावी उपचार मिल सकेगा। सीएचसी ट्रॉमा सेंटर को सेंट्रलाइज्ड सिस्टम से जोड़ दिया गया है, जिससे रेफरल की प्रक्रिया भी तेज होगी और शुरुआती 'गोल्डन आवर' में उपचार संभव हो सकेगा। **सर्जन की कमी अब भी चिंता का विषय, लोग बोलेकृ सुविधाएं हैं, डॉक्टर नहीं**

नई मशीनों और सुविधाओं के बावजूद सर्जन डॉक्टर की कमी सीएचसी के लिए सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। कई ऑपरेशन केवल इस वजह से नहीं हो पा रहे हैं, जिससे मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से तत्काल सर्जन की नियुक्ति की मांग की है।

**सीएचसी प्रभारी बोले कृ जल्द शुरू होंगी सेवाएं**

सीएचसी प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि सीटी स्कैन मशीन, हाईटेक ओटीपी दोनों को जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। सर्जन की नियुक्ति के लिए उच्चाधिकारियों को विस्तृत रिपोर्ट भेज दी गई है और उम्मीद है कि जल्द ही समाधान होगा।

**स्थानीय मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत**

नई स्वास्थ्य सुविधाओं के शुरू होने से खतौली और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को अब बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। इससे समय की बचत, आर्थिक राहत और बेहतर इलाज तीनों एक साथ मिलेगा। इन सेवाओं के साथ खतौली सीएचसी एक बड़े क्षेत्र के लिए प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उभर रहा है।?

## एडवोकेट अभिनव त्यागी ने किया शुभारम्भ

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना के पैंठ बाजार में वाल्मिकी बस्ती में स्थित तिराहे पर आज शुक्रवार की देर रात बुढ़ाना नगर पंचायत की चौयरपर्सन श्रीमति उमा त्यागी के द्वारा लगाई गयी हाई मास्ट चालू होते ही आसपास का एरिया भी रोशनी से नहा गया। जिसका शुभारम्भ चौयरपर्सन श्रीमति उमा त्यागी कौशल के प्रतिनिधि और उनके युवा पुत्र एडवोकेट अभिनव त्यागी ने सैंकड़ों गणमान्य लोगों की मौजूदगी में अपने कर कमलों द्वारा बटन दबाकर किया। इस तिराहे पर हाई मास्ट लाइट लगने से तिराहा पूरी तरह से जगमग हो गया। इससे नगरवासियों में खुशी है। यहां पर हाई मास्ट लाइट न होने पर अंधेरा रहता था। यहां हाई मास्ट लाइट लगवाने के लिए दुक. ानदार नगर पंचायत प्रशासन से काफी दिनों से मांग कर रहे थे। इस पर यहां की चौयरपर्सन ने दुकानदारों की समस्या को संज्ञान में लेते हुए काफी रुपयों की लागत से तिराहे पर लाइट लगवाकर चालू करा दिया है। इसकी रोशनी तिराहे के चारों तरफ दूर तक जा रही है। इससे आसपास दुकानदारों के अलावा रहने वाले लोगों ने भी खुशी व्यक्त की है। लाइट का शुभारंभ पर दर्जनों दुकानदारों के साथ आस-पास के लोग भी उपस्थित थे। इस दौरान लाइट जलते ही पूरा क्षेत्र उजाला से लैस हो गया। इस अवसर पर दीपक प्रजापति, सचिन कुमार और प्रवीण कुमार आदि मोजूद रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट, एक घायल बाइक छोड़ भागे छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** जय भारत किसान इंटर कॉलेज के छात्रो के दो गुटो मे स्कूल की छुटटी के बाद जमकर मारपीट हुई। जिसके बाद गंगोह तिराहे पर अफरातफरी का माहौल हो गया। छात्रो के बवाल मे एक छात्र को गम्भीर चोटे आई।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहॅुची तो छात्र मौके से भाग खडे हुए। पुलिस ने एक घायल छात्र को अस्पताल मे भर्ती कराया है वही मौके से छात्रो की एक बाइक को भी कब्जे मे लिया।

चौसाना चौकी क्षेत्र मे स्थित जय भारत किसान इंटर कॉलेज के छात्रो के दो गुटो मे शुक्रवार को जमकर बवाल हुआ। छात्रो के दो गुटो के करीब 10 लडको गंगोह तिराहे पर जमकर बवाल करते हुए मारपीट की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छात्रो के पास लाठीडंडे भी थे।

छात्रो की मारपीट में गंगोह तिराहे पर अफरातफरी का माहौल बन गया था। सभी बवाल करने वाले छात्र कक्षा 11-12 के बताए गए है। छात्रो की मारपीट मे एक युवक को गम्भीर चोटे आई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो भगदड मच गई। पुलिस ने मोके से एक बाइक को कब्जे मे लिया है और घायल को अस्पताल मे भर्ती कराया है। पुलिस चौकी प्रभारी संदीप यादव ने बताया कि छात्रो के बीच मारपीट किस बात को लेकर हुई यह तो स्पष्ट नही है। जांच की जा रही है।

# क्रीड़ा कंपटीशन में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** डी-सैन्ट स्कूल झिंझाना में आयोजित वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। जलेबी जंप प्रतियोगिता में कक्षा 12 एच और 12 ए के बीच हुए मुकाबले में आशीष प्रथम, सूरज द्वितीय तथा चरणजीत तृतीय स्थान पर रहे। बैक बॉल थ्रो में कक्षा 9 एच के आर्यन प्रथम, सावन द्वितीय, आकांशा तृतीय रहे। कक्षा 10 के सामरिक प्रथम, आरिश द्वितीय, शीतल तृतीय रहे। कक्षा 11 के अक्षय प्रथम, विशाल द्वितीय, वंश तृतीय रहे। कक्षा 12 एच व 12 ए संयुक्त में विनीत प्रथम, अनिरुद्ध द्वितीय, चरणजीत तृतीय रहे। बालिका खो-खो लीग में पहले चक्र में गांधी हाउस ने चरण सिंह हाउस को हराया। दूसरे चक्र में नेहरू हाउस ने सुभाष हाउस को रोमांचक मुकाबले में परा. जित किया। लॉन्ग जम्प में कक्षा 11 के अभिषेक प्रथम, कैफ द्वितीय रहे। कक्षा 12 के सावन प्रथम, लवप्रीत द्वितीय म्यूजिक चेयर प्रतियोगिता में कक्षा 2 के अंश प्रथम, नवजोत द्वितीय, साफिया तृतीय रहे।

कक्षा 3 में आईना प्रथम, शौर्य द्वितीय, ईश्वर तृतीय रहे। दौड़ प्रतियोगिता में नर्सरी के वंश प्रथम, आदिल द्वितीय, इंशा तृतीय तथा एल।के।जी के अराफात प्रथम, सालिम द्वितीय, प्रिंस तृतीय और यू।के।जी में कार्तिक प्रथम, अवनि द्वितीय, यश तृतीय रहे। स्पून फ्लावर रेस में कक्षा 4 के दिलप्रीत प्रथम, असदुल्ला द्वितीय, अवनि तृतीय तथा कक्षा 5 के अरुण प्रथम, प्रिंस द्वितीय, परिधि तृतीय रहे। बैलून ब्लास्टर प्रतियोगिता में कक्षा 6 के कुनाल प्रथम, हर्ष द्वितीय, उर्वशी तृतीय तथा कक्षा 7 के आर्यन प्रथम, वंशु द्वितीय, वंशिका तृतीय व कक्षा 8 के आर्यन प्रथम, नैतिक द्वितीय, खुशी तृतीय रहे। कबड्डी सेमीफाइनल सुभाष हाउस और नेहरू हाउस के बीच खेले गए मुकाबले में नेहरू हाउस ने 32. 27 से जीत दर्ज की। शटल दौड़ प्रतियोगिता में कक्षा 9 एच के प्रधान प्रथम, सावन द्वितीय, आकांशा तृतीय तथा, कक्षा 10 एच के प्रियांशु प्रथम, नाहिद खान द्वितीय, शीतल तृतीय और कक्षा 11 एच के शिवम प्रथम, निखिल द्वितीय, शंकी तृतीय रहे। रोप पुलिंग प्रतियोगिता के पहले चक्र में चरण सिंह हाउस ने नेहरू हाउस को हराया।

दूसरे चक्र में गांधी हाउस ने सुभाष हाउस पर जीत दर्ज की। बालि. का रस्साकशी के पहले चक्र में सुभाष हाउस ने चरण सिंह हाउस को हराया। दूसरे चक्र में गांधी हाउस ने नेहरू हाउस को पराजित किया। अंताक्षरी प्रतियोगिता में चरण सिंह हाउस प्रथम व गांधी हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। बालक खो-खो प्रतियोगिता के पहले चक्र में गांधी हाउस ने नेहरू हाउस को हराया। दूसरे चक्र में चरण सिंह हाउस ने सुभाष हाउस को परास्त किया। दिनभर हुए मुकाबले अंतिम क्षण तक रोमांच और उत्साह से भरपूर रहे।

# हादसे में घायल ने तोड़ा दम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** ऊन चौसाना मार्ग पर ट्रैक्टर टोली व बाइक की भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार दो व्यक्तियों को गंभीर चोटे आई घायलों को करनाल के अस्पताल में भर्ती कराया गया था बृहस्पतिवार शाम को दुर्घटना में घायल गौतम ने दम तोड़ दिया शुक्रवार को गांव में गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया इस संबंध में पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में ले लिया है। ऊन चौसाना मार्ग पर भट्टे के पास ट्रैक्टर ट्राली व बाइक सवार गौतम पुत्र राजेश निवासी हरसाना व उसका बहनोई विकास पुत्र चवन की ट्रैक्टर ट्रॉली से भिड़ंत हो गई थी जिसमें गौतम को गंभीर चोटे आई थी जिसे करनाल के अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसका इलाज चल रहा था घटना 3 दिसंबर की है कई दिनों से जिंदगी व मौत के बीच जूझ रहे गौतम उम्र करीब 22 वर्ष ने बृहस्पतिवार शाम को अस्पताल में दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद में शुक्रवार को गांव में गौतम का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।गौतम अविवाहित था। चौकी प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि घायल गौतम की अस्पताल में मौत हो गई है प्रकरण में अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# करियर ओरिएंटेड वर्कशॉप का समापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में पिछले एक माह से चल रहे विशेष काउंसलिंग सत्रों और करियर ओरिएंटेड वर्कशॉप का शुक्रवार को समापन किया गया। 14 नवंबर से 13 दिसंबर तक आयोजित इन सत्रों का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, मानसिक सु.ढ़ता और सकारात्मक शिक्षण वातावरण को मजबूत बनाना रहा। सभी सत्रों का संचालन काउंसलर एकांशी चौधरी द्वारा किया गया।

काउंसलिंग के दौरान छात्रों की व्यक्तिगत व शैक्षणिक समस्याओं जैसे भावनात्मक चुनौतियां, पढ़ाई का दबाव, संवाद की जटिलताएं और सीखने में कठिनाइयां पर विशेष चर्चा की गई। कक्षा 3, 4 और 5 के लिए बुलिंग एवं हैरसमेंट पर महत्वपूर्ण सत्र हुआ, जिसमें छात्रों को बुलिंग की पहचान, उससे बचाव और समस्या आने पर सहायता लेने के तरीकों से अवगत कराया गया। साथ ही कम्युनिकेशन स्किल पर भी जोर दिया गया। कक्षा 6 में सकारात्मक एवं प्रभावशाली संवाद पर सत्र हुआ, जिसमें बेहतर बातचीत और आत्म-अभिव्यक्ति के कौशल सिखाए गए। कक्षा 7 से 10 तक के छात्रों के लिए आयोजित डिस्ट्रिक्ट काउंसलिंग सत्र में क्रोध नियंत्रण, भावना प्रबंधन, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, समय प्रबंधन और जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार पर विस्तृत जानकारी दी गई। कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंस. लिंग वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न स्ट्रीम के अनुसार करियर विकल्प, भविष्य हेतु जरूरी कौशल, प्रोफेशनल व्यवहार और तैयारी के टिप्स बताए गए। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, एकांशी चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चौयरमेन सूर्यवीर सिंह, उप प्रधानाचार्या आशु पंडित मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** देर रात बाइक सवार की अज्ञात वाहन से टक्कर के चलते मौत हो गई। गस्त के दौरान रास्ते में शव को पड़ा देख पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना भवन कदरगढ़ चौकी के पास मारूखेड़ी हरनाकी मार्ग पर रास्ते में एक बाइक के पास ही एक युवक को पड़ा देख पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से युवक को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की जेब से निकले कागज के आधार पर युवक की पहचान जयकुमार 24 वर्ष पुत्र विजेंद्र निवासी हरनाकी चरथावल के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि घटना की सूचना परिजनों को दी गई है। समाचार लेकर जाने तक थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई थी। पुलिस का कहना है कि प्रथम . श्या घटना दुर्घटना लग रही है। संभवत: किसी अज्ञात वाहन अथवा जंगली जानवर की टक्कर से युवक की मौत हो सकती है।

## एक नजर

### आउटसोर्स कर्मचारियों को समय से नहीं मिला वेतन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को अधीक्षण अभियंता रविन्द्र कुमार को एक ज्ञापन सौंपकर आउटसोर्स कर्मचारियों को समय से वेतन न मिलने पर गंभीर नाराजगी जताई। संघ ने चेतावनी दी कि यदि दो दिनों के भीतर वेतन जारी नहीं किया गया तो सभी संविदा कर्मचारी कार्य बहिष्कार करने को विवश होंगे। शुक्रवार को विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने दिए ज्ञापन में बताया कि जिले में कार्यरत सभी आउटसोर्स कर्मचारियों की सैलरी लंबे समय से लंबित है, जबकि उच्च अधिकारियों के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद वेतन भुगतान नहीं हो रहा है। इससे कर्मचारियों में गहरा रोष व्याप्त है। ज्ञापन में कहा गया कि वेतन न मिलने से कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। यदि निर्धारित समय में वेतन नहीं दिया गया तो कार्य बहिष्कार किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग एवं संबंधित कंपनी की होगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### महिला को घरवालों से मिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के अपना घर आश्रम में रह रही एक महिला का डेढ़ वर्ष बाद अपने परिवार से भावुक मिलन हुआ। गत 6 अगस्त 2023 को प्रभुजी मिथलेश को शहर कोतवाली पुलिस से लावारिस एवं असहाय अवस्था में महिला कांस्टेबल शीतल और रविन्द्र कुमार द्वारा आश्रम में भर्ती कराया गया था। भर्ती के समय उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। आश्रम की देखरेख और मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ। अरुण रॉय के परामर्श से इलाज के बाद उनकी हालत धीरे-धीरे बेहतर होने लगी। चार दिन पहले प्रभुजी ने अपने घर जाने की इच्छा जताई और अपना पता गांव बहरामपुर, जिला अलीगढ़ बताया। ग्राम प्रधान से बातचीत कर महिला के बारे में जानकारी साझा की गई और परिवार का पता लगाने में सहायता मांगी गई। लगभग दो घंटे बाद ग्राम प्रधान ने प्रभुजी के बेटे धर्मेंद्र का नंबर उपलब्ध कराया। धर्मेंद्र से बात होने पर उन्होंने बताया कि उनकी मां डेढ़ वर्ष पहले घर से अचानक निकल गई थीं और काफी खोजबीन के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका था। उन्होंने तुरंत आश्रम आने की बात कही। शुक्रवार को प्रभुजी के पति थानसिंह और बेटे धर्मेंद्र आश्रम पहुंचे। मां को देखकर दोनों की आंखें भर आईं। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद वे प्रभुजी को अपने साथ गांव बहरामपुर, जिला अलीगढ़ लेकर गए।

### गाइड्स को दिया गया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** आर्य कन्या इंटर कॉलेज कैराना में गाइड कैंप के दूसरे दिन विद्यालय की प्रधानाचार्या रेणु देवी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। ध्वजारोहण के बाद प्रशिक्षक एवं जिला संगठन आयुक्त गीता रानी ने सभी गाइड्स को बीपी सिक्स, योग अभ्यास, गांठें-बंधन, चादर-रस्सी-स्कार्फ की सहायता से स्ट्रेचर बनाना, तंबू निर्माण और माइनर बनाने जैसी गतिविधियों के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्रत्एक गतिविधि का महत्व समझाते हुए गाइड्स को व्यावहारिक रूप से अभ्यास भी करवाया। गाइड कैप्टन प्रीति वर्मा, बेबी तथा विद्यालय के सभी अध्यापकों ने कैंप को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कैंप के दौरान छात्राओं में उत्साह और सीखने की ललक देखने को मिली।

### स्कॉलर्स प्राइड पर मनमाने तरीके से फीस वसूलने की जिलाधिकारी से शिकायत, जांच की मांग

**चौसाना।** गांव कमालपुर में स्थित स्कॉलर्स प्राइड स्कूल मे छात्र के साथ ट्रैकशूट पहनकर नही आने पर छात्र की पिटाई की जांच मे लीपापोती होने के बाद अभिभावक अरविंद सैनी ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जांच की मांग को तेज करते हुए जिलाधिकारी शामली से मिलकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। पीडित ने आरोप लगाया है कि स्कूल प्रबंधन जबरण फीस वसूली के साथ स्कूल ड्रेस को अनावश्यक भाव मे बेचकर छात्रों के अभिभावको को शोषण कर रहें है। जिससे अभिभावको की जेब काटी जा रही है। साथ ही अभिभावक अरविंद सैनी ने जिला विद्यालय निरीक्षक के भी दोबारा से जांच कर अभिभावको को जांच मे शामिल करने की मांग की है। ताकि स्कूल की मनमानी पर रोक लग से और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्यवाही की जा सके।

# बिजली के बकाया बिलों चोरी के मामलों में जुर्मानों पर भी मिलेगी छूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** विद्युत विभाग की ओर से प्रारंभ की गई एक मुस्त समाधान योजना के अंतर्गत अब जहां बिजली बकाया दारों को छूट दी जा रही है वही बिजली चोरी आदि मामलों में किए गए जमाने पर भी विभाग द्वारा योजना के अंतर्गत छूट दी जा रही है। विद्युत विभाग अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर बकायादारों को छुट का लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया। एक मुस्त समाधान योजना के अंतर्गत अब बकायदारों को विद्युत विभाग की ओर से बड़ी छूट का ऐलान किया गया है। योजना की जानकारी के लिए जागरुक करते हुए विद्युत अधिकारियों ने शुक्रवार को ग्रामीण अंचल में पहुंचकर ग्रामीणों को योजना की जानकारी दी। उपखण्ड अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि उच्च अधिकारियो के आदेश पर ग्राम भैसानी इस्लामपुर, चंदेलामाल, दखोड़ी जमालपुर और उमरपुर मे बिजली बिल राहत योजना 2025 का प्रचार प्रसार किया गया। यह योजना 1 दिसंबर से से शुरू हों चुकी है। जिसमें बिजली चोरी मामलो में किए गए जुर्माना और बिजली बिल पर भी छुट आई हुई है। शुक्रवार को इन सभी गांव में करीब 30 बिजली चोरी मामलो के उपभोक्ताओं को जुर्माना जमा करने के लिए कहा गया। जुर्माना न जमा करने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। टीम में उपखण्ड अधिकारी विकास कुमार, अवर अभियंता राहुल कुमार, अवर अभियंता रविंद्र कुमार और विद्युत निरोधक थाना शामली के प्रभारी दुष्यंत शर्मा मौजूद रहे।

# बाल विवाह का समाज से समूल नाश जरूरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 12 दिसंबर, 2025 को जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन के निर्देशों के क्रम में राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज झिंझाना शामली में बाल विवाह मुक्त समाज हेतु जगरुकता कार्यक्रम किया गया। जनपद में बाल विवाह मुक्त भारत का कार्यक्रम दिनांक 27 नवम्बर, 2025 से 08 मार्च, 2026 तक तक संचालित है। इसी क्रम में आज राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज झिंझाना,शामली में बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कॉलेज के समस्त बालक- बालिकाओं एवं अध्यापको को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं दंडात्मक प्रविधानो के बारे में जानकारी दी गई। महिला कल्याण विभाग से शुभम शर्मा ने बताया कि बाल विवाह से बालिक. ाओं के शारीरिक विकास में तथा शिक्षा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसलिए बालिकाओं की शादी 18 वर्ष से कम आयु में करना कानूनन अपराध है। यह अपराध किए जाने पर 2 साल तक का कठोर कारावास और एक लाख तक का जुर्माना या दोनों भी हो सकता है।

विवाह में शामिल समस्त लोग चाहे वह फोटोग्राफर, टेंट वाला, खाना बनाने वाले या कोई भी ही क्यों ना हो, ऐसे सभी लोगों पर एफआईआर दर्ज होती है। चाइल्ड हेल्पलाइन से केस वर्कर रतन ने विभागीय योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पति की मृत्यपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना इत्यादि की पात्रता व योग्यता के बारे में बताया। वन स्टॉप सेंटर मेनेजर सु गजाला त्यागी ने ने विभागीय हेल्पलाइन नंबर 181 व चाइल्ड हेल्पलाइन न 1098 के बारे में बताया। विभिन्न कानूनों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त लोगों को बाल विवाह न करने और अन्य लोगों को बाल विवाह न करने के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में कालेज प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार व अन्य समस्त स्टाफ व महिला कल्याण विभाग से कांत उपस्थित रहे।

# हरियाणा मजदूरी करने जा रहे बाइक सवार हादसे में घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** हरियाणा मजदूरी करने जा रहे बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल युवकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब पुलिस वाहन चालक की तलाश करने में जुट गई है। कैराना क्षेत्र के गांग गंद. राऊ निवासी यामीन पुत्र लियाकत अपने साथी अनस पुत्र बाबर के साथ बाइक पर सवार होकर हरियाणा के गांव बेसक सनोली में मजदूरी करने के लिए जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह क्षेत्र के गांव मवी के निकट पहुंचे तो इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन सवार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने घायलों को जिला अस्पताल शामली में भर्ती कराया और मामले की सूचना कैराना पुलिस को दी। फिलहार दोनों युवको की हालत स्थित बनी हुई है। वही पुलिस ने आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# कक्ष में डॉक्टर के न बैठने से मरीज परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला अस्पताल के मन कक्ष में डॉक्टर न बैठने से मान. सिक स्वास्थ्य से जूझ रहे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग एक वर्ष पूर्व मनोरोग विशेषज्ञ डॉ। उर्वशी के त्यागपत्र देने के बाद से मन कक्ष में नियमित उपचार की व्यवस्था बाधित चल रही है। जिला संयुक्त चिकित्सालय में मन कक्ष स्थापित किया गया था, जहां मानसिक स्वास्थ्य से जूझने वाले लोगों के लिए एक मनोरोग विशेषज्ञ, स्टाफ नर्स, सोशल वर्कर व काउं. सलर की नियुक्ति की गई थी। जहां प्रतिदिन 30 से 40 मरीज पहुंच रहे थे, लेकिन करीब एक वर्ष पूर्व मनोरोग विशेषज्ञ डा। उर्वशी त्याग पत्र देकर चली गई। वर्तमान में मन कक्ष केवल काउंसलर प्रेरणा पुंडीर के सहारे संच. ालित हो रहा है, जबकि यहां तैनात सोशल वर्कर को हटाकर सीएमओ कार्यालय भेज दिया गया है। ऐसे में मानसिक रोगियों को परामर्श से लेकर दवा तक की सुविधा में लगातार कमी बनी हुई है। मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने निर्देश दिए थे कि सीएचसी कांधला अधीक्षक डॉ। वीरेन्द्र सिंह प्रत्एक शुक्रवार को मन कक्ष में बैठकर मरीजों को उपचार प्रदान करें। लेकिन पिछले दो सप्ताह से डॉ। वीरेन्द्र भी मन कक्ष नहीं पहुंच रहे, जिसके कारण मरीजों को इलाज और जरूरी दवाओं के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।मरीज के परिजनों का कहना है कि अस्पताल में मानसिक रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी के कारण उचित इलाज नहीं मिल पा रहा। मरीजों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मन कक्ष में जल्द से जल्द नियमित मनोरोग विशेषज्ञ तैनात किए जाएं ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# चोरी के सामान के साथ एक चोर पकड़ा, भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** थाना क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया सामान तथा घटना में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार,गत 24 अक्टूबर को प्राथमिक विद्यालय मलकपुर से अज्ञात चोर द्वारा सामान चोरी कर लिया गया था। वहीं 7/8 नवंबर की रात्रि में ग्राम गाजीपुर के जंगल में स्थित ट्यूबवेलों से भी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। दोनों मामलों में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के आदेश पर चलाए जा रहे संदिग्ध वाहन व्यक्ति चेकिंग अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के कुशल नेतृत्व में शुक्रवार को थाना कैराना पर तैनात उपनिरीक्षक यशपाल सिंह, उपनिरीक्षक दुर्गपाल सिंह, है0कॉ0 गौरव कुमार व कॉ. अरुण कुमार ने एक चोर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी किया गया गैस सिलेंडर सहित अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सागर उर्फ छोटू पुत्र राकेश निवासी ग्राम पावटी कलां थाना कैराना जनपद शामली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया है।

# ब्रह्मलीन अमरदेव जी महाराज की पुण्यस्मृति पर श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** आश्रम पंचतीर्थी के प्रांगण मे ब्रह्मलीन स्वामी अमरदेव जी महाराज की 34 वीं पुण्यस्मृति पर आश्रम पंचतीर्थी के पीठाधीश्वर महंत स्वामी रामदेव महाराज प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय संत समिति ने कहा भगवान की कृपा से सत्संग मिलता है। संतो के दर्शन करके पापों से मुक्ति मिलती है।संतो के दर्शन के बाद हमें संकल्प लेना चाहिए,कि हम भविष्य में कभी पाप नहीं करेंगे।उन्होंने कहा कि जैसे हमें रामचरित्रमानस में भी बताया गया है की प्रभु राम मर्यादा पुरुषोत्तम थे। हमारे दादा गुरु स्वामी अमरदेव जी ने हमें सिखाया की सेवा करनी चाहिए जिससे मनुष्य का अहंकार अभिमान नष्ट हो जाते हैं। यह जरुरी नहीं कि मंदिर में आकर भगवान की सेवा करो,गरीब लोगों की तथा माता पिता की सेवा ही भगवान की सच्ची सेवा है। जिससे भगवान अति प्रसन्न होते हैं। दिन को सजाता है सूर्य और रात को सजाता है चन्द्रमा, वैसे ही मानव जीवन को सौन्दर्य से युक्त करने का काम सद्गुरु करते हैं। किंतु यह अनुपम उपलब्धि केवल सद्गुरु बनाने से प्राप्त नहीं होती है, बल्कि सद्गुरु के चरणों का दास बन जाने के बाद ही मानव जीवन शोभायमान होता है। कार्यक्रम में जगन्नाथ धाम हरिद्वार से पहुंचे महामंडलेश्वर महंत स्वामी अरुणदास महाराज ने ने बताया कि संसार में चाहे कोई कितना ही बड़ा ज्ञानी हो अथवा ध्यानी, सिद्घ, संत हो या कोई महान विज्ञानी, चिकित्सक हो या शिक्षक, कोई उद्योगी हो या व्यवसाई जब तक उसे सद्गुरु प्राप्त नहीं होते तब तक उसका जीवन गरिमा से युक्त नहीं होता।

संसार सागर में अंधेरे और उजाले दोनों हैं। यह जरूरी नहीं कि जो आप अपने इन बाहर खुले हुए नेत्रों से देख रहे हैं, जो .श्य साफ-साफ दिखाई दे रहा है वह सत्य का ही उजाला हो। उस चमकते हुए उजाले की परत के पीछे छिपा हुआ घना अंधकार भी हो सकता है। इस मानव देह में एक तीसरा ज्ञान चक्षु भी होता है, जिसके द्वारा अंधेरों और उजालों का अन्तर समझ आता है। जिसके द्वारा संसार नहीं संसार को बनाने वाला, लाखों-करोड़ों प्रकाशित सूर्य भी जिसकी बराबरी नहीं कर सकते, ऐसा जो ज्योति स्वरूप है, जो कण-कण में बसा हुआ है, सर्वव्यापक है, वह महान करतार दिखाई देता है। स्वामी अमरदेव जी ट्रस्ट के महामंत्री पवन आहूजा ने बोलते हुए कहा कि वैसे तो गुरु सबके ऊपर ही अनवरत अपनी कृपा बरसाते हैं, लेकिन जो गुरु कृपा पाने के योग्य होता है, गुरु महिमा के महत्व को भलीभांति समझता है, उसका ही यह दिव्य नेत्र उद्भाषित होता है। क्योंकि इस दिव्य चक्षु के खुलने से शिष्य के जीवन में प्रभात का उदय होता है। सद्गुरु शिष्य को बाहर से नहीं अन्दर से जोड़ते हैं। क्योंकि अन्दर ही वह उजाला मौजूद है, जिसमें जीवन की चमक है, जीवन की गरिमा है, जिसके लिए हमें यह अनमोल शरीर प्राप्त हुआ है। अन्दर के प्रकाश से ही बाहर की वास्तविकता समझ आती है। दुनिया के रिश्ते-नातों की सच्चाई का पता तभी चलता है, जब सद्गुरु के ज्ञान का अमृत मिल जाए। नीर और क्षीर का भेद तभी पता चलता है जब गुरुकृपा से अंदर का प्राणी जाग जाए।

गुरुशरण प्राप्त किए बिना इंसान बहुत सारी चोटों का शिकार हो जाता है। जाने-अनजाने में गुनाहगार बन जाता है।

# एसडीए ने की तीन होटलों पर सील की कार्रवाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर विकास प्राधिकरण ने जोन-9 में बिना स्वीकृत मानचित्र और नियमों के विरुद्ध निर्माण कर रहे होटल शेफायर इन, होटल वरदान और होटल क्वालिटी को अचानक सील कर दिया। यह कार्रवाई एक लोकायुक्त को भेजी गई शिकायत के बाद की गई, जिससे शहर में लंबे समय से चल रहे अनियंत्रित निर्माण और नियमों की अवहेलना के कई तथ्य सामने आए हैं।

सूत्रों की मानें तो शिकायत में आरोप था कि यह होटल कई वर्षों से बिना अनुमोदन और स्वीकृत नक्शे के चलते आ रहे थे, लेकिन सहारनपुर विकास प्राधिकरण की टीम उस दौरान पूरी तरह मौन रही। सवाल उठ रहे हैं कि जब यह होटल निर्माणाधीन थे, तब क्यों कोई कार्रवाई नहीं हुई और अधिकारी कहां थे। यह भी चर्चा का विषय है कि क्यौ क। जानबूझकर नजरअंदाज कर रहा था या निरीक्षण में चूक हुई। और सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सहारनपुर विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता शोयब आलम पर आरोप है कि उन्होंने शहर के अपने क्षेत्र में कई बड़े अवैध निर्माण कार्य करवाए हैं। सूत्रों के अनुसार, शोयब आलम ने अवैध निर्माण माफिया को संरक्षण दिया हुआ था, जिससे कई होटल, बैंक्वेट हॉल और कॉम्प्लेक्स बिना स्वीकृत नक्शे और नियमों का उल्लंघन करते हुए पूरे शहर में खड़े हो गए।

लोकायुक्त की निगरानी में हुई इस कार्रवाई में एसडीए की टीम ने तीनों होटलों पर तुरंत ताले जड़ दिए, जिससे होटल संचालकों में हड़कंप मच गया। अधिकारीयों का कहना है कि यह कार्रवाई सभी के लिए चेता. वनी है कि नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसी भी निर्माण में नियमानुसार अनुमति अनिवार्य है। आज की कार्रवाई में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में सहायक अभियंता वीरेश कुमार राना, अम्बरीश कुमार, सार्थक शर्मा, शमीम अख्तर, अवर अभियंता प्रदीप कुमार गोयल, शोयब आलम, धर्मवीर बंसल, आशीष सक्सेना, तथा मेट टीम के मदनपाल, राहुल कुमार, लाल बहादुर, विजय बिष्ट, करमवीर, सुभाष और रिजवान ने भाग लिया। टीम ने होटलों में बिना स्वीकृत निर्माण का निरीक्षण करते हुए पूरी कार्रवाई को सुचारू रूप से अंजाम दिया।

इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर में कितने और होटल, कॉम्प्लेक्स या अन्य भवन ऐसे हैं जो बिना नक्शे और अनुमति के चल रहे हैं? क्या अब ै क। इनकी व्यापक जांच करेगा और क्या भविष्य में निर्माण चरण में ही सख्त निरीक्षण लागू होगा?

# बच्चों के दैनिक क्रिया कलापों पर की चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** समग्र (समेकित) शिक्षा के अन्तर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की बैठक कर आवश्यक जानकारी का आदान प्रदान किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेहट में दिव्यांग बच्चों के अभिभावको की बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सोमवीर सिंह ने बच्चों के दैनिक क्रियाकलापों, शिक्षा एवं अन्य गति. विधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर उनके मनोबल को बढाने पर बल दिया। बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षिका नीलम तिवारी ने दिव्यांग बच्चों की पंजीकरण एवं आईडी बनवाने पर जोर दिया ताकि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को उनकी आवश्यकता अनुसार आवश्यक उपकरण मुहैय्या करा जा सके। इस अवसर पर शिक्षिका रंजना पांडेय ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान करायी जा रही सुविधाओं की जानकारी देते हुए अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने का आह्वान किया।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सोमवीर सिंह ने बेहट में संचालित कस्तूबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पहुंच औचक निरीक्षण कर मीड डे मील व साफ सफाई का जायजा लिया।

## रोटरी क्लब करेगा कल (आज) स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** रोटरी क्लब द्वारा 13 दिसंबर को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करेगा। शिविर में अनेक विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे।

रोटरी क्लब गंगोह द्वारा आयोजित इस मेगा शिविर में स्वास्थ्य परामर्श के साथ साथ शरीर की अनेक जांचे भी बिल्कुल मुफ्त की जाएंगी। अध्यक्ष विकास सिंघल के अनुसार दिल्ली के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा मरीजों को परामर्श दिया जाएगा।

इस अवसर पर चिकित्सक पैनल में अनेक चिकित्सक शामिल होंगे। जिससे रोगियों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। शिविर गुड छप्पर मार्ग स्थित राजीव मैमोरियल इंस्टीट्यूट में लगाया जाएगा।

# अमान्य मदरसे नहीं होंगे संचालित: सोमवीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** अमान्य कक्षाये एवं विद्यालय, मदरसे व मकतब किसी भी स्थिति में संचालित नही होने दिये जायेंगे।

विकास खंड साढौली के अन्तर्गत शुक्रवार को मान्यता प्राप्त विद्यालय, मकतब व मदरसों की बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सोमवीर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अमान्य विद्यालय, मकतब व मदरसे तथा अतिरिक्त कक्षाएं किसी भी सूरत में संचालित नही होने दिये जायेंगे यदि कोई अमान्य संस्थान संचालित करता पाया गया तो विभागीय स्तर पर सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने कहा कि आईटीई पोर्टल पर मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालय, मकतब व मदरसों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है यू डायस पोर्टल का कार्य समय से पूर्ण कर असुविधा से बचे उन्होंने पंजीकृत बच्चों की अपार आईडी का कार्य तत्काल पूर्ण कर सहयोग करे। विद्यालय प्रांगण की स्वच्छता व साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि शासकीय अवकाश के दिन यदि कोई विद्यालय, मकतब या मदरसा खुला पाया गया तो उसके खिलाफ कार्यवाही कर मान्यता समाप्त करने की कार्यवाही अमल मे लायी जायेगी।बैठक में मान्यता प्राप्त विद्यालय कल्याण संगठन के ब्लाक अध्यक्ष राजेश काम्बोज, महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष जमील अहमद, नरेन्द्र काम्बोज, महताब, प्रवीण कुमार, पंकज सैनी, अनुराग, अवनीश काम्बोज, सागर, राकेश शर्मा, अनुज चौहान, संदीप कुमार, दिलदार मिर्जा आदि सहित अनेक विद्यालय एवं मदरसों के संच. ालक मौजूद रहे।

# ग्रामीण गौशाला का करें रख रखाव: सुभाष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** बेहट विधान सभा क्षेत्र के गांव शेरऊल्लापुर में नव निर्मित अस्थाई गौशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पशु चिकित्साधिकारी एम पी सिंह तथा वरिष्ठ भाजपा नेता पर प्रधान सुभाष चौधरी ने विधिवत फीता काटकर किया गया इस अवसर ग्रामीणों को गोशाला के रख रखाव करने का आह्वान किया गया।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए विशिष्ट अतिथि जिला पशु चिकित्साधिकारी एम पी सिंह ने कहा कि हम अपने स्वार्थ के लिय तो गौमाता का दूध के सेवन करने के लिये उनकी सेवा करते है लेकिन जब हमारा स्वार्थ पूरा होजता है तब हम गाय की सेवा नहीं करते है अत: हमे निस्वार्थ प्रेम भावना से अपने घरों और गौशाला में रहने वाली गायों की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गौशाला में रहने वाली गायों के लिए 60 रु प्रति गाय का खर्चा देती है विभाग द्वारा पशुओं के पालन पोषण के लिय पशुपालकों के लिए कई योजनाऐं संचालित है।

मुख्य अतिथि एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रधान सुभाष चौधरी ने कहा कि हमारे लिए यह बहुत ही सौभाग्य की बात है कि हमारे विकास खंड क्षेत्र में गौशाला बनी है जिस में हमारे पशुओं का रख रखाव किया जाता है उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान करते हुए कहा कि गौशाला में रहने वाले पशुओं के रख रखाव के लिए आप सहयोग करते रहे और जो भी सड़कों पर आवारा पशु घूमते हुए मिले उन्हें गौशाला मे भिजवाने का काम करे।कार्यक्रम को पूर्व ब्लाक प्रमुख हाजी इनाम चौधरी, ग्राम प्रधान पति चौधरी हारून, ग्राम विकास अधिकारी विकास कुमार ने भी संबोधित किया । इस अवसर पर प्रधान प्रदीप चौधरी एडवोकेट, प्रधान सतीश धीमन, जेई मनरेगा महेश शर्मा धर्मपाल, राकेश धीमन, सुभाष धीमन मीनू पाल सहित अनेक ग्रामीणों मौजूद रहे।

# कॉलेज के सामने गंदगी बनी परेशानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** एक महाविद्यालय के पास गंदगी डालने से छात्र छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलेज समिति ने एसडीएम से गंदगी हटवाने की मांग की है।

बिड़ौली मार्ग स्थित केएस डिग्री कालेज इस्सापुर (गंगोह) के चैयरमैन वीरेंद्र राठी ने नकुड़ एसडीएम से शिकायत कर बताया कि हमारे विद्यालय के पास एक नजदीक सीएनजी प्लांट स्थापित है। जिससे सीएनजी प्लांट के लिए महाविद्यालय के बिल्कुल पास मे मैली का स्टॉक का किया जा रहा हैं। जिसके कारण पढ़ने वाले छात्रों को दुर्गंध से परेशानी हो रही हैं। वही पर मक्खी मच्छर उत्पन्न हो रहे हैं। इस कारण से महाविद्यालय मे छात्र छात्राओं को बहुत दुर्गंध आने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्र छात्राओं की संख्या में भी कमी आ गई है। अभिभावकों ने भी कालेज कमेटी को शिकायत की है। जिससे कालेज के पास पड़ी गंदगी हटवाने की मांग की हैं।

# हौजपाईप फेल होने से ट्रेन जंगल में रुकी

■ दिल्ली से अमृतसर जा रही गोल्डन टेंपल ट्रेन के सामने जानवर आने से हुई घटना

**नागल।** तल्हेडी बुजुर्ग-नागल रेलवे स्टेशन के बीच गुरुवार शाम को दिल्ली से अमृतसर जा रही 12903 गोल्डन टेंपल एक्सप्रेस ट्रेन के सामने अचानक से रेलवे ट्रैक पर आवारा पशु आ जाने से ट्रेन चालक द्वारा इमरजेंसी ब्रेक लगाने से होज पाइप फेल होने से ट्रेन जंगल में खड़ी हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक रेलवे ट्रैक पर आवारा पशु को देखने के बाद ट्रेन चालक ने संभावित हादसे का बचाव करते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगा दिये जिससे ट्रेन के इंजन का होज पाइप खराब हो गया । होज पाइप खराब होने पर ट्रेन को आपातकालीन समय में रोकना पड़ा। तकनीकी स्टाफ द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया और करीब 15 मिनट बाद होज पाइप को ठीक कर दिया गया। मरम्मत कार्य पूरा होने के उपरांत ट्रेन को पुन: अमृतसर की ओर रवाना कर दिया गया। अचानक जंगल क्षेत्र में ट्रेन रुकने से यात्रियों में कुछ समय के लिए बैचेनी का माहौल जरूर बना। किंतु तकनीकी समस्या दूर होने व घटना का पता चलने पर यात्रियों ने राहत की सांस ली। रेलवे अधिकारियों के अनुसार सभी यात्री सुरक्षित रहे और स्थिति पूरी तरह सामान्य रही।

# विश्व कल्याण कामना के साथ यज्ञ का समापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** तहसील क्षेत्र के गांव बाबैल बुजुर्ग में चल रहे तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का भारत की शौर्य समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना के साथ दी पूर्णाहुतियों से समापन हो गया। इस दौरान सैंकड़ो लोगो ने गुरु ओर गायत्री मंत्र की दीक्षा भी ली ओर विभिन्न संस्कार भी कराये गए।

टोली नायक सुरेन्द्र नाथ ने शोडष संस्कारो की महिमा बताई शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल पर गर्भधान, पुंसवन, नामकरण, विद्यारम्भ, गुरुदीक्षा आदि संस्कार भी यज्ञ के बीच में कराये गए! इस बीच युग गायक दीपक बघेल, गोपाल मालवीय, वादक नरेंद्र कुमार रामगीपाल मालवीय आदि ने युग संगीत के माध्यम से श्रोताओं को भक्ति रस से सराबोर किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से त्रिपाल सिंह, सुरेश शर्मा, सत्यपाल, रमन शर्मा दिनेश राणा, सुधीर राणा, नीरज, अक्षय यादव, डॉ महिपाल सिँह, अनिल वत्स, अशोक गुप्ता, सुरेश रुहेला, पीके शर्मा, प्रमोद रुहेला, पवन शर्मा, दिव्यांश राणा, शिवकुमार, अखिलेश, अरुण नीरज काम्बोज, नकली राम शर्मा, श्याम सिंह प्रधान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# चोरी की मोटरसाइकिल बेचने जा रहे चोर को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल बेचने जा रहे एक शातिर चोर को मात्र कुछ ही घंटों में धर दबोचा।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मनीष बुडा कोटी (21 वर्ष), पुत्र गोपी बुडा कोटी, निवासी करतिया, थाना रिखणीखाल, जिला पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड) के रूप में हुई है पुलिस को सूचना मिली थी कि चोरी की मोटरसाइकिल छुटमलपुर-देहरादून रोड पर बेचने के लिए ले जाई जा रही है। थानाध्यक्ष विनय शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने तुरंत चेकिंग शुरू की। टीम में उपनि. रीक्षक विजयपाल सिंह, उपनिरीक्षक शुभम चौधरी, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल रोहित और कांस्टेबल कुलदीप शामिल थे।टीम ने सन्त निरंकारी सत्संग भवन के आगे आम के बाग के पास दोपहर 12:25 बजे संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोका। तलाशी में मोटरसाइकिल चोरी की निकली। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसने यह बाइक 9 दिसंबर 2025 को सिद्धबली मंदिर परिसर से चुराई थी और आज बेचने जा रहा था, लेकिन पुलिस ने धर दबोचा।मामले में मुकदमा संख्या 374/25 धारा 317(5) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस की इस मुस्तैदी से क्षेत्र में चोरों के हौसले पस्त होने की उम्मीद है।

# बाजारों में भ्रमण कर महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर की एंटी रोमियो टीम ने शुक्रवार को कस्बे के मुख्य बाजार में विशेष भ्रमण कर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया।

टीम प्रभारी महिला उप-निरीक्षक मिथिलेश राठौर व होमगार्ड जवान सुमित ने भीड़-भाड़ वाले बाजार में खरीदारी कर रही महिलाओं-लड़कियों से सीधा संवाद किया। मिथिलेश राठौर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा, "अजनबी व्यक्ति से बात करने में सावधानी बरतें, देर रात अकेले बाहर न निकलें और किसी भी परेशानी में तुरंत 112 या महिला हेल्पलाइन 1090 पर कॉल करें।

उन्होंने बालिकाओं को गुड टच-बैड टच के बारे में विस्तार से समझाया और अपने साथ पेपर स्प्रे या कोई सुरक्षा उपकरण रखने की सलाह दी। दुक. ानदारों से भी छेड़छाड़ या संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया गया।इस दौरान कई महिलाओं ने अपनी छोटी-मोटी समस्याएं बताईं, जिनका मौके पर ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। अभियान से बाजार में मौजूद महिलाओं व दुकानदारों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना की। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसे अभियान लगातार चलने से महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा बढ़ता जा रहा है।

**गंगोह।** मिशन शक्ति फेस 5 की टीम एंटी रोमियो प्रभारी द्वारा साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान व मिशन शक्ति फेस 5 के विषय में जगह-जगह जानकारी दी गई। छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा को भी शांत किया।



एंटी रोमियो व मिशन शक्ति टीम उप निरीक्षक वर्षा कुशवाह, आदेशना व चालक सुबोध ने वाहन चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने के साथ मिशन शक्ति फेस 5 के विषय में कई स्थानों व बाजारों में आदि स्थानों पर महिला में बालिकाओं को जागरूक करते हुए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं विधवा पेंशन, सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाओं, बाल मजदूरी न कराने और गुड टच और बेड टच आदि के बारे में जानकारी दी।



साईबर फ्राड एवं साईबर क्राईम के बारे मे भी जागरुक किया गया। उप निरीक्षक ने महिलाओ और बालिकाओ को हेल्पलाईन नंबर 1090 वूमेन पावर, 1930 साइबर अपराध, 108 एंबुलेंस सेवा व 112 पुलिस आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन आदि के बारे मे जानकारी दी गयी, उनकी समस्याएं को पूछी गयी पम्पलेट वितरित किए गए। जगह जगह बिना वजह खड़े लड़को को चेता. वनी दे कर छोडा गया।

# धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया स्कूल का वार्षिकोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नकुड़ रोड स्थित आर्यन इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार की रात को वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहारनपुर मंडल आयुक्त डॉ. रुपेश कुमार, विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी नकुड़ एवं नकुड नगर पालिका अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद स्कूल के नन्हे-मुन्ने एवं बड़े बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्होंने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं।

बच्चों ने सामाजिक जागरूकता से भरपूर नाटकों का मंचन किया। एक नाटक में बालिकाओं पर बढ़ते यौन शोषण एवं बलात्कार जैसी जघन्य घटनाओं के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई गई, तो दूसरे नाटक में कश्मीर में हुए आतंकवादी हमलों के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान को दिए गए मुंहतोड़ जवाब को बेहद प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। दोनों प्रस्तुतियों पर दर्शक दीर्घा से बार-बार तालियाँ बजाने को मजबूर हो गई।

मुख्य अतिथि मंडल आयुक्त डॉ. रुपेश कुमार ने अपने संबोधन में अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों के सामने एक स्पष्ट लक्ष्य रखें और उन्हें उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर प्रेरित करें। उप जिलाधिकारी नकुड़ ने कहा, "मेहनत करने वाले को कभी हार नहीं माननी चाहिए। लगन और परिश्रम से कोई भी लक्ष्य दूर नहीं रहता।"

कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्या अमिता चौधरी ने स्कूल का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-शैक्षणिक गतिविधियों में हुए सुधार तथा आगामी सत्र में शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी गई।अंत में स्कूल प्रबंधक कुलदीप मित्तल, अंकुर अग्रवाल एवं निखिल अग्रवाल ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्या अमिता चौधरी ने शिक्षकगण की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि स्टाफ ने पठन-पाठन के साथ-साथ इस आयोजन की तैयारियों में दिन-रात एक कर दिया, जिस कारण कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा।कार्यक्रम का कुशल संचालन शाहरुख एवं अंकुर कुमार ने किया। बाहर से आए सभी अतिथियों एवं अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुति और स्कूल के अनुशासन की जमकर तारीफ की।

# हत्याकाण्ड के एक महीने बाद भी पुलिस खाली हाथ

**अंबेहटा।** गांव टिडोली में 8 नवंबर की रात घर में सो रहे भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोरी (उम्र करीब 65 वर्ष) की अज्ञात हमलावरों ने माथे पर गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी थी। हत्याकांड को एक महीना बीत जाने के बावजूद नकुड़ पुलिस आज तक हत्यारों का सुराग नहीं लगा पाई है।

शुक्रवार को पीड़ित परिवार के लोग कैराना लोकसभा के पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी के नेतृत्व में एसएसपी डॉ. आशीष तिवारी से मिले और हत्याकांड का शीघ्र खुलासा करने की गुहार लगाई। परिवार का आरोप है कि एक महीने में न तो कोई गिरफ्तारी हुई और न ही हत्या के कारणों का पता चल सका है, जिससे उन्हें न्याय की उम्मीद कम होती जा रही है। एसएसपी कार्यालय पहुंचे लोगों में पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी के अलावा सुशील कुमार कोरी (मंडल अध्यक्ष अनुस. ूचित मोर्चा), कुरडी राम कोरी, मांगेराम कोरी, सुमित कोरी, राजकुमार कोरी, वेद प्रकाश कोरी, चंद्रप्रकाश बंसल, रूपचंद कोरी, अजब सिंह कोरी, एडवोकेट सुरेंद्र कोरी, विकास कोरी, ग्राम प्रधान सुशील कुमार, संजय चौधरी, सुशील चौधरी, धूम सिंह कोरी, जोगिंद्र कोरी सहित दर्जनों लोग शामिल रहे। परिजनों ने बताया कि धर्म सिंह कोरी सामाजिक रूप से सक्रिय थे और क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ थी। हत्या के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने एसएसपी से कहा कि इतने संवेदनशील मामले में पुलिस की निष्क्रियता समझ से परे है।। पीड़ित परिवार ने बताया कि एसएसपी आशीष तिवारी ने परिवार को उचित कार्रवाई और शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया है।

## दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को महज छह घंटे के अंदर धर-दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिवान्शु राणा उर्फ वंश राणा, पुत्र देवेंद्र राणा, निवासी ग्राम बढेड़ी, थाना फतेहपुर, के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, 11 दिसंबर 2025 को पीड़िता ने थाना फतेहपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी दिवान्शु राणा ने उसे शादी का झांसा देकर कई बार शारी. रिक शोषण किया। इस गंभीर मामले में तुरंत मुकदमा दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक अमित सोनी, उपनिरीक्षक शेषपाल सिंह तथा हेड कांस्टेबल प्रेम चौधरी की टीम ने मात्र छह घंटे की सघन तलाशी के बाद आरोपी को ग्राम बढेड़ी के घोघू इलाके से दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया।

# हज पर भेजने के नाम पर फर्जी टिकट देकर 20 लाख की ठगी

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र में हज पर भेजने का झांसा देकर 20 लाख रूपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव उस्मानपुर निवासी रहीसूद्दीन पुत्र अलीमुद्दीन ने थाना भवन पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वे और उनके साथी हज पर जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान उनकी बातचीत आरोपी मौ. कारी शमीम निवासी मदरसा, नियर नूरी मस्जिद, गाजियाबाद से हुई। कारी शमीम ने दावा किया कि उनके जानने वाले बहुत कम खर्चे में हज की वीजा, टिकट, होटल और खाने-रहने की पूरी व्यवस्था करा देंगे।आरोप है कि 20 अगस्त 2024 की रात मौ. कारी शमीम अपने साथ दो व्यक्तियोंकृमौ. अरशद नदवी पुत्र मौ. रियाज निवासी गाजियाबाद द्धजम-जम टूर उमराह सर्विसत्रः और अदनान निवासी तुर्कमान गेट, दिल्ली को लेकर गांव उस्मानपुर आया। दोनों ने खुद को ट्रेवल एजेंसी संचालक बताते हुए कहा कि वे मात्र 60 हजार रूपए में हज पैकेज उपलब्ध कराते हैं और सऊदी अरब में भी उनका कार्यालय है। पीड़ित ने रिश्तेदारों व परिचितों से रूपए इकठा कर कुल 20 लाख रूपए में से 12,50,000 रूपए नकद तीनों आरोपियों को दे दिए। इस दौरान भुगतान की वीडियो भी बनाई गई। इसके अलावा 7,50,000 रूपए मौलाना अरशद नदवी के बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए। आरोप है कि 1 सितंबर 2024 को अरशद नदवी ने पीड़ित के साथी जाहिद को व्हाट्सऐप पर 33 लोगों के लिए सऊदी एयरलाइंस की 4 सितंबर 2024 की फ्लाइट के टिकट भेजे, जिनकी वापसी 22 सितंबर 2024 की दिखाई गई थी। लेकिन जब सभी लोग 4 सितंबर की सुबह 4 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे, तो टिकट फर्जी निकले। पीड़ित के अनुसार जब उन्होंने आरोपियों से संपर्क किया, तो तीनों ने जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी।पीड़ित की शिकायत पर थाना भवन पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी।

## शराब तस्कर को जेल

**कांधला।** पुलिस ने एक व्यक्ति को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस ने कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।पुलिस ने उच्च अधिका. रियों के निर्देश पर चलाए जा रहे शराब माफिया के विरुद्ध अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम कौशर पुत्र ताज्जा, निवासी ग्राम माल्हीपुर बताया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए शराब तस्कर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** महाराणा प्रताप स्मारक इंटर कॉलेज ग्राम नोजल में मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं को बाल सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति तथा नए आपराधिक कानूनों की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

थाना भवन क्षेत्र गांव नोजल के महाराणा प्रताप स्मार्ट इंटर कॉलेज में शुक्रवार को मिशन शक्ति फेज 5।0 कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक लोकेश कुमार तथा महिला कांस्टेबल रविता हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह ने शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महिला सुरक्षा, बाल अपराध, सशक्तिकरण तथा नशा मुक्ति के गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। अधिकारियों ने उपस्थित विद्यार्थियों को नए आपरा. धिक कानूनों के बारे मेंअवगत कराते हुए बताया कि कानून का ज्ञान प्रत्एक नागरिक के लिए आवश्यक है, जिससे वे अपने अधिकार और कर्तव्य दोनों समझ सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार देने चाहिए, जिससे वे गलत प्रवृत्तियों से दूर रह सकें। इस दौरान टीम ने हेल्पलाइन नंबरों की भी विस्तृत जानकारी दी वूमेन पावर लाइन महिला हेल्पलाइन पुलिस आपातकालीन सेवा एम्बुलेंस सेवा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन इसके साथ ही बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, तथा महिला समूह योजनाओं के बारे में भी लाभ व पात्रता बारे में विस्तार से समझाया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में नागरिक हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करके तुरंत सहायता प्राप्त कर सकते हैं।कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एक नजर

### यमुना पुल पर जान देने पहुंची युवती को पुलिस ने बचाया, सतर्कता से टला हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस की सतर्कता, त्वरित कार्रवाई और मानवीय संवे. दनशीलता के चलते शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया। यमुना पुल पर आत्महत्या का प्रयास कर रही एक युवती को कैराना पुलिस व मिशन शक्ति टीम ने समय रहते बचाकर उसकी जान सुरक्षित कर ली। पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देशन और महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देने की नीति के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने सराहनीय कार्य किया। शुक्रवार को मोहल्ला दरबार खुर्द निवासी अर्शी पुत्री आबिद अपनी मां की डांट से आहत होकर बिना बताए घर से निकल गई थी। मानसिक तनाव की स्थिति में वह यमुना नदी पुल पर पहुंच गई और आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान चौकी यमुना ब्रिज पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उसे संदिग्ध अवस्था में देखा। पुलिस ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए युवती को कूदने से पहले ही पकड़कर सुरक्षित कर लिया।इसके बाद मिशन शक्ति केंद्र कैराना की प्रभारी निरीक्षक पिंकी गोस्वामी एवं उनकी टीम ने युवती की काउंसलिंग की। परिजनों को बुलाकर उनसे बातचीत कराई गई तथा पारिवारिक तनाव को दूर करने का प्रयास किया गया। आवश्यक परामर्श एवं औपचारिक कार्रवाई के बाद युवती को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। महिला सुरक्षा, सम्मान और संरक्षण के प्रति एसपी शामली एन।पी। सिंह के नेतृत्व में जनपद पुलिस लगातार संवेदनशील व प्रतिबद्ध बनी हुई है।

### युवा उत्सव का आयोजन 15 को

**शामली।** जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. अधिकारी शामली सचिन पंवार ने अवगत कराया कि 15.12.2025 को युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. विभाग, शामली के तत्वाधान में युवा उत्सव वित्तीय वर्ष 2025-26 का आयोजन मेपल्स एकेडमी, शामली में प्रातः 9 बजे आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है। युवा उत्सव के अन्तर्गत युवा कार्यक्रम एव खेल मंत्रालय, भारत सरकार और उ.प्र. सरकार द्वारा निर्देशों के क्रम में राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन निम्न विधाओं में किया जाना है। प्रतियोगिता में प्रतिभागी की आयु सीमा 1 सितम्बर, 2025 को 15-29 वर्ष की आयु के मध्य होना अनिवार्य है। 2. प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने के लिए प्रतिभागी को अपने साथ आयु से सम्बन्धित प्रमाण-पत्र (हाई स्कूल अंक पत्र आदि), आधार कार्ड की छाया प्रति एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य है।

### लापता किशोर सकुशल बरामद



**कांधला।** कस्बे के बाईपास मार्ग से चार दिन पूर्व लापता हो गए किशोर को मिशन शक्ति टीम ने बरामद करते हुए सकुशल परि. जनों के सुपुर्द कर दिया। कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी गुलाम रसूल का 13 वर्षीय पुत्र जोयफ गत नो दिसंबर को घर के बाहर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों के द्वारा खोजबीन करने के बाद भी किशोर का कहीं भी सुराग नहीं लगा था। परिजनों ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए किशोर को बरामद करने की गुहार लगाते हुए पुलिस को गुमशुदगी की सूचना दी थी। पुलिस किशोर की तलाश में जुट गई थी।शुक्रवार को पुलिस ने खोजबीन करने के बाद किशोर को कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड से बरामद करते हुए सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उपनिरीक्षक सुनील दत्त के द्वारा बताया गया कि मिशन शक्ति टीम ने किशोर को सकुशल बरामद करते हुए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### मादक पदार्थ तस्कर को दबोचा



**कांधला।** पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के अंतर्गत एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चरस बरामद कर मुकदमा दर्ज करने के बाद जेल भेज दिया है। डीआईजी सहारनपुर अभिषेक ने मादा पदार्थ तस्करों के धर पकड़ के लिए वह नशे को जड़ से खत्म करने का अभियान नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान चला रखा है। गुरुवार की देर रात पुलिस कस्बे के बाईपास मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति व वहनों की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग अभियान में पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया जब पुलिस ने तलाशी ली तो उसके कब्जे से 590 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम नवाब पुत्र शरीफ मोहल्ला मिर्दगान कांधला बताया। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी मादक पदार्थ तस्कर के विरुद्ध मुक. दमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है। आरोपी तस्कर पूर्व में भी चोरी व अन्य कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है।

### कार की टक्कर से मजदूर व्यक्ति घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव कैराना मार्ग पर पैदल जा रहे एक व्यक्ति को कार सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। कार चालक हादसे का अंजाम देकर फरार हो गया। जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा गोला मंडी निवासी गंगाराम अपने परिवार सहित क्षेत्र में मजदूरी करने के लिए आया हुआ है। शुक्रवार को वह किसी कार्य से थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित एक निजी स्कूल के निकट पैदल जा रहा था। तभी पीछे से कार चालक ने पैदल जा रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी हादसे में मजदूर घायल हो गया। घायल की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल व्यक्ति को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घायल व्यक्ति के पुत्र अंकित ने बताया कि हादसे को अंजाम देकर कार सवार फरार हो गया।

# दो घंटे भी सुनवाई नहीं कर रहे अधिकारी, कक्षों से रहते हैं गायब


**विकास**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** प्रदेश सरकार द्वारा जनता की परेशानियों को दूर करने के लिए सरकारी कार्यालय में सुबह 2 घंटे जनसुनवाई के लिए निर्धारित कर रखे हैं लेकिन सरकार के निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है ऊन ब्लॉक में अधिकारी कार्यालय में नहीं बैठते न हीं कर्मचारी आते हैं जिससे तहसील में आने वाले फरियादी निराश होकर लौट जाते हैं।

प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ लगातार जनता की पीड़ा को सुनकर दूर कर रहे हैं तथा अधिकारियों को भी प्रतिदिन जनसुनवाई कर निराकरण के आदेश दिए गए हैं लेकिन ब्लॉक कार्यालय पर सरकार के आदेशों को ठेंगा दिखाया जा रहा है कार्यालय में अधिकारी व क्लर्क ज्यादातर समय गायब रहते हैं तथा फरियादी निराश होकर लौटते हैं शुक्रवार को कार्यालय में ऑपरेटर,चतुर्थ श्रेणी ही उपस्थित मिले। खंड विकास अधिकारी सुधीर कुमार त्यागी भी ऑफिस में नहीं मिले। लेखा विभाग का कार्यालय बंद पड़ा था तथा बाकी बाबू व अधिकारी कार्यालय में मौजूद नहीं थे फरियादी आते हैं लेकिन अधिकारियों व कर्मचारियों के न मिलने से निराश होकर वापस लौटते हैं गांव लाव्वा दाउदपुर निवासी अंकित पुत्र सुभाष, गांव मुडेट खादर निवासी अंकुर पुत्र कर्मवीर, अमृता पत्नी रोहतास निवासी गांव अगडीपुर टपराना तथा सोमपाल पुत्र महावीर निवासी गांव ढिढाली बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु ब्लॉक कार्यालय पर आए थे लेकिन कोई अधिकारी नहीं मिलने के कारण घंटों इंतजार करने के बाद वापस लौट गए ।सोमपाल ने बताया कि उसने 2 दिसंबर को फाइल जमा की थी लेकिन अभी तक जन्म प्रमाण पत्र नहीं मिला है इसके अलावा अमृता ने बताया कि उसे अपनी लड़की का जन्म प्रमाण पत्र बनवाना था लेकिन कोई अधिकारी नहीं मिला है। ब्लॉक कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं लेकिन वह भी कई माह से बंद पड़े है। इस संबंध में ऑडियो पंचायत ने बताया कि वह





शामली मीटिंग में है खंड विकास अधिकारी सुधीर कुमार त्यागी ने बताया कि वह मुजफ्फरनगर मीटिंग में गए हुए थे बाकी अधिकारी व कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

# ट्रैक्टर बेचने में धोखाधड़ी करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव खोडसमा में राजेश कुमार ने गांव के ही यशपाल उर्फ छोटन से एक टैक्टर खरीदना तय किया। जिसके लिए दो लाख बीस हजार रूपयों को यशपाल को दे दिया। दिसम्बर मे टैक्टर का पूरा पैमेंट देना तय हुआ। पीडित पक्ष ने यशपाल को पूरा पैमेंट देना चाहा तो आरोपी ने पैसे लेने से इंकार कर दिया ओर ना तो टैक्टर दिया और ना ही पैसे वापस किए। पीडित पक्ष का आरोप है कि पैसे मांगने पर मारपीट की गई और गाली गलौच की गई । पीडित को जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करके गालियाँ दी गई और अभ्रदता करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पीडित ने पुलिस को शिकायत करते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। वही चौकी प्रभारी संदीप यादव ने बताया कि मामला लेनदेन से जुडा है। जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# रोजगार मेले में 171 अभ्यर्थियों का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला सेवायोजन कार्यालय शामली द्वारा लाला इन्द्र प्रकाश जनता इण्टर कालेज, बाबरी में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे युवाओं ने विभिन्न कंपनियों में अपना भविष्य तलाशा। चयन प्रक्रिया के बाद कुल 171 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज के प्रबन्धक शेखरचन्द मित्तल ने किया। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने अभ्यर्थियों को रोजगार से जुड़ी कंपनियों, चयन प्रक्रिया, आवश्यक कौशल व करियर मार्गदर्शन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं प्रबन्धक शेखरचन्द मित्तल ने युवाओं की भारी भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए करियर काउंसलिंग की और रोजगार मेले के उद्देश्य को बताया। मेले में शामिल सभी कंपनियों ने अपने-अपने संस्थान का परिचय देते हुए उपलब्ध पदों और कार्यप्रणाली की जानकारी दी। चयनित अभ्यर्थियों को शेखरचन्द मित्तल, अतरसिंह सैनी और जिला सेवायोजन अधिकारी ने ऑफर लेटर वितरित किए। मेले में आरआर मैनपावर मैनेजमेंट सर्विस ने 41, एकेएस जॉब्स प्लेसमेंट ने 35, स्टार मैनपावर प्रा। लि। ने 19, होली हर्ब्स ने 36, भारतीय जीवन बीमा निगम ने 40, अभ्यर्थियों का चयन कर कुल 171 युवाओं को अवसर प्रदान किया। अगला रोजगार मेला 15 दिसंबर को बाबू जवान सिंह इण्टर कॉलेज, खन्द्रावली में आयोजित होगा।



# 20 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मादक पदार्थों के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान हऑपरेशन सवेरा, नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओरष के तहत कैराना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक तस्कर को अवैध 104 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 लाख रूपए आंकी गई है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देश पर नशे के अवैध कारोबार और प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान को तेज किया गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को कोतवाली कैराना पर तैनात उपनिरीक्षक विनोद राघव, हैड कांस्टेबल प्रमोद व कांस्टेबल सोनू भाटी ने मुखबिर की सूचना पर माजिद पुत्र शेर अली



निवासी मोहल्ला आलकलां, कैराना को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 104 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8द्21 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के नशा तस्करी नेटवर्क से जुड़े फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की जांच की जा रही है, जिससे बड़े गिरोह का पर्दाफाश होने की संभावना है। पुलिस ने नगरवासियों से अपील की है कि नशे के खिलाफ चल रहे इस अभियान में सहयोग करें और समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# बारातघर में लाइब्रेरी संचालन की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव गोमतीपुर मजरा सिक्का के ग्रामीणों ने गांव में स्थित खाली पड़े बारातघर में फ्री लाइब्रेरी संचालित करने की अनुमति मांगी है। इस संबंध में ग्रामीणों ने डीएम को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है।

शुक्रवार को डीएम को दिए प्रार्थना पत्र मे ग्रामीणों ने बताया कि गांव में मौजूद बारातघर लंबे समय से खाली पड़ा है और उसका उपयोग नहीं हो रहा। ऐसे में यदि वहां फ्री लाइब्रेरी खोली जाए तो बच्चों, युवाओं एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को एक बेहतर अध्ययन स्थल उपलब्ध हो सकेगा। ग्रामीणों का कहना है कि लाइब्रेरी से गांव के शैक्षिक वातावरण को मजबूती मिलेगी। प्रार्थना पत्र में सोहनबीर कश्यप, रजनी सहित समस्त ग्रामवा. सियों ने मांग की है कि बारातघर का



सदुपयोग करते हुए इसे लाइब्रेरी के रूप में विकसित करने की अनुमति जल्द प्रदान की जाए। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनकी इस जनहितपूर्ण मांग पर शीघ्र निर्णय लेगा। रेणु, रजनी, अंजू, सोहनबीर कश्यप, रीना कश्यप, सोनू, रोहित, अभिषेक, दीपक, रजत, अमित कश्यप, सतेन्द्र, कुलदीप, राहुल, आदि मौजूद रहे।

# बीएलए, बीएलओ से तालमेल बनाएंः एसडीएम

**कैराना।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए एसडीएम ने राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों को निर्देश दिया है कि वे बूथ लेवल ऑफिसरों के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची संशोधन कार्य में सक्रिय सहयोग दें। शुक्रवार को कैराना एसडीएम निधि भारद्वाज ने तहसील कार्यालय में विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। निर्वाचन आयोग द्वारा पूरे प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया संचालित है, जिसकी अंतिम तारीख 11 दिसंबर तय थी। निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न हो पाने पर आयोग ने समय सीमा बढ़ाते हुए अब 26 दिसंबर को नई अंतिम तिथि घोषित किया है।एसडीएम ने कहा कि आयोग इस अभियान को अत्यंत महत्व देता है, इसलिए अनुपस्थित, स्थान बदल चुके, मृत तथा दोहराए गए मतदाताओं के सत्यापन का काम तेज गति से किया जा रहा है। साथ ही, 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके युवाओं के नाम भी मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश बीएलओ को दिए गए हैं। बैठक में एसडीएम ने राजनीतिक दलों के उपस्थित प्रतिनिधियों से अपेक्षा जताई कि उनकी पार्टियों के बीएलए क्षेत्रीय बीएलओ से संपर्क बनाकर एसआईआर से जुड़े सभी कार्य निश्चित समय के भीतर पूर्ण कराने में सहयोग करें।

# उधम सिंह स्टेडियम में पीआरडी का 77वां स्थापना दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के शहीद उधम सिंह स्टेडियम में युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल के तत्वाधान में पीआरडी का 77वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडीओ विनय कुमार तिवारी रहे, जिन्होंने परेड की सलामी ली।

परेड का नेतृत्व परेड कमाण्डर प्रदीप कुमार द्वारा किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद की शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पीआरडी जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की और सभी जवानों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर प्रभारी जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी हिमांशु अहलावत ने




बताया कि 1948 में स्थापित पीआरडी विभाग की प्रदेश की सुरक्षा, शांति व्यवस्था और प्राकृतिक आपदाओं में निभाई जाने वाली अहम भूमिका रही।कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी आकाश पंवार एवं सचिन पंवार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान खेलकूद, गायन आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पीआरडी जवान प्रदीप कुमार को सर्वांग सर्वोत्तम सम्मान से पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ सहायक सुधा, असलम मौजूद रहे।


# कलयुगी बेटे ने मारपीट कर मां का हाथ तोड़ा, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ग्राम ऊंचागांव निवासी एक युवक ने अपने ही भाई गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली कैराना में तहरीर दी है। पीड़ित का आरोप है कि भाई ने उसकी मां के साथ मारपीट कर उसका हाथ तोड़ दिया है और रंजिश के चलते जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम ऊंचागांव निवासी मोनू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई संजय की हत्या के मामले में सतवीर पुत्र बाबूराम का न्यायालय में विचाराधीन है। इसी रंजिश के चलते उसका सगा भाई सतवीर लगातार उसे और उसकी मां अमरकली को धमका रहा है। जिसने मां के साथ मारपीट करके उसका हाथ भी तोड़ दिया है। पीड़ित ने बताया कि 10 दिसंबर की रात करीब साढ़े दस बजे मैं अपनी मां के साथ कमरे में बैठा हुआ था, तभी सतवीर उसके घर में घुस आया और गाली-गलौज करते हुए बोला कि वह सारी संपत्ति उसके नाम कर दे, वरना वह संजय और गांव के अन्य लड़के की तरह उसे और उसकी मां को भी जान से मार देगा। पीड़ित का कहना है कि सतवीर उस समय हथियार लेकर आया था। अब हमारी जान को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया। मोनू ने बताया कि जब उसकी मां अमरकली बीच-बचाव करने आई तो आरोपी ने उसे भी मारने का प्रयास किया और हाथ पकड़कर जोर से झटके दिए, जिससे उसका हाथ टूट गया। पीड़ित ने घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# विनेश फोगाट ने संन्यास वापस लिया



● **विनेश ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लोग मुझसे पूछते रहे कि क्या पेरिस मेरे करियर का अंत है, लंबे समय तक मेरे पास इसका जवाब नहीं था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** तीन बार की ओलंपियन महिला पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को प्रतिस्पर्धी कुश्ती से संन्यास लेने के अपने फैसले को वापस ले लिया। फोगाट ने भावुक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने संन्यास से वापसी की घोषणा करते हुए कहा कि अब उनका लक्ष्य लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करना है।

पिछले साल विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक 2024 के तुरंत बाद संन्यास ले लिया था। विनेश ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लोग मुझसे पूछते रहे कि क्या पेरिस मेरे करियर का अंत है। लंबे समय तक मेरे पास इसका जवाब नहीं था। मुझे मैट से, दबाव से, उम्मीदों से, यहां तक कि अपनी महत्वाकांक्षाओं से भी दूर हटने की जरूरत थी। इतने सालों में पहली बार, मैंने खुद को चैन की सांस लेने दी। उन्होंने कहा कि मैंने अपने सफर के महत्व को समझने के लिए समय लिया, ऊंचाइयों, दिल टूटने के पलों, बलिदानों और मेरे उन रूपों को समझा जिन्हें दुनिया ने कभी नहीं देखा। और इसी आत्मचिंतन में मुझे सच्चाई मिली, कि मुझे अब भी इस खेल से प्यार है। मैं अब भी प्रतिस्पर्धा करना चाहती हूं। 31 वर्षीय विनेश, जो जुलाई में एक बेटे को जन्म देने के बाद पहली बार मां बनीं, ने आगे कहा कि उनका बेटा ही एलएस 2028 के सफर में उनका सबसे बड़ा सहारा है।

उन्होंने कहा कि तो मैं यहां हूं, निर्भीक दिल और दृढ़ संकल्प के साथ एलएस 2028 की ओर कदम बढ़ा रही हूं। और इस बार मैं अकेली नहीं हूं। मेरा बेटा मेरी टीम में शामिल है, मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा, लॉस एंजिल्स ओलंपिक के इस सफर में मेरा छोटा सा चीयरलीडर। मशहूर फोगाट बहनों में से एक, विनेश ने रियो 2016 ओलंपिक में डेब्य किया था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में चोट लगने के कारण भारतीय पहलवान का अभियान सफर समय से पहले ही समाप्त हो गया। टोक्यो 2020 में भी उनका सफर क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गया। पेरिस 2024 में, विनेश फोगाट ने महिलाओं के 50 किला.ग्राम भार वर्ग के फाइनल में जापान की मौजूदा चैंपियन युई सुसाकी, यूक्रेन की पूर्व यूरोपीय चैंपियन ओक्साना लिवाच और क्यूबा की पैन अमेरिकन गेम्स चैंपियन युस्नेलिस गुजमान को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। हालांकि, एक तकनीकी कारण के चलते वह ओलंपिक कुश्ती के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला नहीं बन सकीं। स्वर्ण मुक.ाबले की सुबह विनेश निर्धारित वजन सीमा से अधिक पाई गईं और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। वजन घटाने के लिए पिछली रात कई कड़े प्रयास करने के बावजूद, अनिवार्य वजन मापन में उनका वजन थोड़ा अधिक पाया गया। विनेश फोगाट तीन बार कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक विजेते है और पूर्व एशियाई खेलों की चैंपियन भी रही हैं।



## पाक ने मलेशिया को रौंदा

● **समीर मिन्हास और अहमद हुसैन ने लगाया शतक, मलेशिया पर रिकॉर्ड 297 रनों से जीत दर्ज की**

**दुबई, वार्ता।** समीर मिन्हास (नाबाद 177) और अहमद हुसैन (132) की शतकीय पारियों के बाद अली रजा और मोहम्मद सय्याम (तीन-तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने शुक्रवार को अंडर-19 एशिया कप ग्रुप ए के दूसरे मुकाबले में मलेशिया को रिकॉर्ड 297 रनों से रौंद कर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। आज यहां मलेशिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 30 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। उस्मान खान (एक) और अली हसन बलोच (14) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद समीर मिन्हास और अहमद हुसैन की जोड़ी ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 293 रनों की साझेदारी की। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने शतक पूरे किए। 49वें ओवर में मुहम्मद अकरम ने अहमद हुसैन को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। अहमद हुसैन ने 114 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 132 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में तीन विकेट पर 345 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

समीर मिन्हास 148 गेंदों में 11 चौके और आठ छक्के लगाते हुए नाबाद 177 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी मलेशिया को पाकिस्तानी गेंदबा.जों ने 19.4 ओवरों में 48 रन पर ढेर कर मुकाबला 297 रनों से जीत लिया। मलेशिया का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। पाकिस्तान के लिए ली रजा ने 11 रन देकर तीन विकेट लिए और मोहम्मद सय्याम ने 27 रन देकर तीन विकेट झटके। दानियाल अली खान छह रन देकर दो विकेट लिए।

## वैभव सूर्यवंशी ने एक वनडे में 14 छक्के लगाए

● **ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा, भारत ने यूथ वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाया**

**दुबई, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी ने यूएई के खिलाफ 14 सिक्स लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने शुक्रवार को दुबई में खेले गए यू-19 एशिया कप मैच में 95 गेंदों पर 171 रन बना दिए। इस पारी में वैभव ने 14 छक्के और 9 चौके के सहारे 180 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की। इसी के साथ वे यूथ वनडे में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने आस्ट्रेलिया के माइकल हिल का 2008 में बना 12 सिक्स वाला रिकॉर्ड तोड़ दिया। 14 साल के वैभव ने महज 56 गेंदों में सेंचुरी पूरी की। उनकी बैटिंग के दम पर भारत ने यूथ वनडे में अपना सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम ने 433 रन बनाए, जो पिछले साल ढाका द्वारा स्काटलैंड के खिलाफ बनाए 425 रन के रिकॉर्ड से ज्यादा है। वैभव के साथ एरोन जार्ज और विहान मल्होत्रा ने भी 69-69 रन की अहम पारियां खेलीं।

वैभव मुश्ताक अली में शतक लगाने वाले यंगेस्ट बैटर वैभव ने 10 दिन पहले सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में भी शतक लगाया था। 14 साल के वैभव टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने थे। उन्होंने 2 दिसंबर को ईडन गार्डन्स में महाराष्ट्र के खिलाफ 61 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 7 छक्के शामिल थे। साथ ही वैभव 14 की उम्र में 3 टी-20 सेंचुरी लगाने वाले इकलौते प्लेयर हैं। वैभव आईपीएल में फिफ्टी लगाने वाले सबसे कम उम्र के प्लेयर बने। उन्होंने मात्र 14 साल और 32 दिन में अर्द्धशतक लगाया।

# टी-20 विश्व कप के टिकटों की ब्रिकी शुरू

**भारत में 100 और श्रीलंका में 290 रुपये शुरुआती कीमत, 7 फरवरी से आरंभ होगा टूर्नामेंट, भारत-पाक मैच 15 फरवरी को**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और श्रीलंका में अगले साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टिकट की ब्रिकी शुरू हो चुकी है। आईसीसी ने भारतीय समयानुसार शाम 6.45 बजे से टिकट विंडो ओपन कर दी। 20 टीमों का आईसीसी टूर्नामेंट 7 फरवरी से शुरू होगा, जो 8 मार्च तक खेला जाएगा। शुरुआती कीमत 100 रुपए आईसीसी ने बताया कि फेज-1 में भारत के वेन्यू पर टिकट की शुरुआती कीमत 100 रुपए हैं। वहीं श्रीलंका के वेन्यू पर शुरुआती कीमत 1000 लंकन रुपया (290 रुपए) है। हालांकि, भारत में टीम इंडिया के मैच के टिकट की शुरुआती कीमत 500 रुपए हैं। वहीं कोलंबो में होने वाले भारत-पाक मैच के टिकट की शुरुआती कीमत 450 रुपए हैं। फेज-2 के टिकट बिक्री की तारीखें जल्द अनाउंस की जाएंगी। दर्शक वर्ल्ड कप की आफिशियल वेबसाइट से टिकट खरीद सकते हैं। फिलहाल ग्रुप स्टेज के मैचों की टिकट ही बिकने शुरू हुए। सुपर-8 स्टेज और नाकआउट राउंड के टिकट टूर्नामेंट शुरू होने के दौरान बिकना शुरू होंगे। भारत के मैच की शुरुआती कीमत 500 और 750 रुपए है। 20 टीमों के बीच 55 मैच खेले जाएंगे टी-20 वर्ल्ड कप में 20 टीमों के बीच 29 दिन में 55 मैच खेले जाएंगे। ग्रुप स्टेज में हर दिन 3 मैच होंगे। मुकाबले शुरू होने की टाइमिंग सुबह 11, दोपहर 3 और शाम 7 बजे रहने वाली है। सुपर-8 स्टेज में हर दिन 2 ही मैच होंगे। वहीं नाकआउट स्टेज में एक दिन में एक ही मैच होगा, जिसकी टाइमिंग शाम 7 बजे रहेगी। टूर्नामेंट का फार्मेट पिछले वर्ल्ड कप की तरह ही रहेगा। जिसमें 5-5 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा जाएगा। हर ग्रुप से 2-2 टॉप टीमें सुपर-8 में क्वालिफाई करेंगी। यहां टीमों को 4-4 के 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। यहां भी दोनों ग्रुप से 2-2 टॉप टीमों को सेमीफाइनल में एंट्री मिलेगी। सेमीफाइनल जीतने वाली 2 टीमों के बीच 8 मार्च को फाइनल खेला जाएगा।

ग्रुप स्टेज में 4, सुपर-8 में 3 मैच होंगे ग्रुप स्टेज में हर टीम अपने ग्रुप में एक-दूसरे के खिलाफ 4-4 मैच खेलेंगी। ज्यादा मैच जीतकर पाइंट्स टेबल के टॉप-2 में रहने पर ही सुपर-8 में एंट्री मिलेगी। सुपर-8 राउंड में भी हर टीम अपने ग्रुप में एक-दूसरे के खिलाफ 3-3 मैच खेलेगी। यानी फाइनल तक पहुंचने वाली 2 टीमें 8-8 मैच खेल लेंगी। भारत-पाकिस्तान 15 फरवरी को भिड़ेंगे आईसीसी ने 25 नवम्बर को आईसीसी टूर्नामेंट का शेडड्ूल रिलीज कर दिया था। नीदरलैंड और पाकिस्तान के बीच 7 फरवरी को कोलंबो में ओपनिंग मैच खेला जाएगा। इसी दिन शाम 7 बजे से भारत अपना पहला मैच अमेरिका के खिलाफ खेलेगा। टीम फिर 12 फरवरी को नाम.ीबिया, 15 को पाकिस्तान और 18 को नीदरलैंड से भिड़ेगी। भारत, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने 2-2 टाइटल जीते टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 2007 में हुई। भारत ने पहले एडिशन के फाइनल में पाकिस्तान को हराकर टाइटल जीता था। इसके 17 साल बाद भारत ने 2024 में साउथ अफीका को फाइनल हराया और दूसरी बार टाइटल जीता। भारत के अलावा वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने भी 2-2 टाइटल जीते हैं। पाकिस्तान, श्रीलंका और आस्ट्रेलिया ने 1-1 बार खिताब जीता है।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### जेकब डफी का पंजा, न्यूजीलैंड ने विंडीज को हराया

**वेलिंग्टन, वार्ता।** जेकब डफी (पांच विकेट) और माइकल रे (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को 128 के स्कोर पर ढेर करने के बाद मिले 56 रनों के लक्ष्य को 10 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर नौ विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। सुबह वेस्टइंडीज ने कल के दो विकेट पर 32 रनों से आगे खेलना शुरु किया। वेस्टइंडीज का तीसरा विकेट ब्रैंडन किग (22) रनआउट के रूप में गिरा। शाई होप (पांच), रॉस्टन चेज (दो) रन बनाकर जल्द ही आउट होकर पवेलियन लौट गए। केवम हॉज ने 75 गेंदों में 35 रनों तथा जस्टिन ग्रीव्स 57 गेंदों में (25) कुछ संघर्ष करते दिखे।

### कोपा डो ब्रासिल में वास्को ने फ्लूमिनेंस को हराया

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** स्थानापन्न पाब्लो वेगेटी ने 94वें मिनट में दागे गए गोल की बदौलत वास्को डा गामा ने कोपा डो ब्रासिल सेमीफाइनल के पहले लेग में फ्लूमिनेंस पर 2-1 से जीत दिलाई। कोलंबियन फॉरवर्ड केविन सेर्ना ने 22वें मिनट में थियागो सिल्वा के हेडर पास पर गोल करके फ्लूमिनेंस को बढ़त दिलाई। टीनएज अटैकर रेयान ने हॉफटाइम के ठीक बाद छह-यार्ड बॉक्स के किनारे से गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। अभी फ्लूमिनेंस, एंड्रेस गोमेज के क्रॉस को संभाल नहीं पाया। नूनो मोरेरा की जगह 77वें मिनट में आए अर्जेंटीना के स्ट्राइकर वेगेटी ने गोमेज के क्रॉस पर दूर के पोस्ट पर नीचे की ओर हेडर मारकर मैच का रुख बदल दिया। रिटर्न लेग रविवार को माराकाना स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें जीतने वाली टीम फाइनल में कोरिथियंस या क्रूजेरो से भिड़ेगी।

# टीम अभिषेक पर निर्भर नहीं रह सकती: सूर्या



● **कप्तानः मुझे शुभमन और अन्य को बल्लेबाजी की जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी**

**मुल्लांपुर, वार्ता।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि टीम अभिषेक शर्मा पर निर्भर नहीं रह सकती मुझे, शुभमन गिल और अन्य को बल्लेबाजी की जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी। क्विटन डी कॉक की 90 रनों की पारी की बदौलत भारत को 214 रनों का बड़ा लक्ष्य मिला था लेकिन गिल एक बार फिर विफल रहे और पहली ही गेंद पर लुंगी एन्गिडी का शिकार बन गए। वहीं सूर्यकुमार भी महज पांच रन ही बना पाए जिसके चलते भारत ने पावरप्ले के भीतर ही महज 32 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिए। आखिरी ओवरों में महज पांच रन जोड़कर भारत ने पांच विकेट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार रात भारत को मिली 51 रनों से हार के बाद सूर्यकुमार ने कहा कि मेरा मानना है कि मुझे और शुभमन को अच्छी शुरुआत देनी चाहिए थी, क्योंकि हम हर बार अभिषेक पर निर्भर नहीं रह सकते। वह जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, उनका भी खराब दिन हो सकता है इसलिए मुझे, शुभमन को और कुछ अन्य बल्लेबाजी को जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी। शुभमन पहली ही गेंद पर आउट हो गए। मुझे वह जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी और थोड़ी देर तक बल्लेबाजी करनी चाहिए थी।

पहले टी-20 में सूर्यकुमार ने नंबर तीन पर बल्लेबाजी की थी लेकिन मुल्लांपुर में गिल के आउट होने के बाद तीसरे नंबर पर अक्षर पटेल को बल्लेबाजी के लिए प्रमोट किया गया। अक्षर ने तिलक वर्मा के साथ भारतीय पारी को संभालने का प्रयास किया लेकिन वह अधिक देर तक तिलक का साथ नहीं दे पाए और 21 के निजी स्कोर पर चार विकेट झटकने वाले ऑटनील बार्टमैन का पहला शिक.ार बने, तब भारत का स्कोर 67 रन था। सूर्यकुमार ने अक्षर को ऊपर बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर कहा कि हमने पिछले मैच में सोचा था कि अक्षर ने लंबे प्रारुप में बहुत अच्छी बल्लेबाजी की है। और हम चाहते थे कि वह आज भी उसी तरह बल्लेबाजी करे। लेकिन दुर्भाग्य से (वह काम नहीं आया), हालांकि उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की।

उन्होंने कहा कि हमने पहले गेंदबाजी की, तो हमें अच्छी वापसी करनी चाहिए थी, लेकिन बाद में दक्षिण अफ्रीका के गेंदबा.जो को एहसास हुआ कि इस विकेट पर लेंथ कितनी महत्वपूर्ण है। हालांकि यह सीखने की प्रक्रिया है। बस सीखो और आगे बढ़ो। थोड़ी ओस भी थी, और अगर हमारा प्लान काम नहीं कर रहा था, तो हमें दूसरा प्लान तैयार रखना चाहिए था।

# मुश्ताक अली ट्रॉफी में नीतीश की हैट्रिक

● **मध्यप्रदेश फिर भी जीता हरियाणा ने राजस्थान को हराया**

**नवी मुंबई, वार्ता।** भारतीय आलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने शुक्रवार को सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में मध्यप्रदेश के खिलाफ हैट्रिक ली। इसके बावजूद मध्यप्रदेश ने मुकाबले को 4 विकेट से जीत लिया। पाटील अकादमी में खेले गए मैच में मध्य प्रदेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। आंध्र प्रदेश की टीम 19.1 ओवर में 112 रन पर आलआउट हो गई। मध्यप्रदेश ने 113 रन का टारगेट 17.3 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया।

मध्यप्रदेश की ओर से ऋषभ चौहान ने 47 और राहुल बाथम ने नाबाद 35 रनों की पारी खेली। 23 रन देकर चार विकेट लेने वाले शिवम शुक्ला प्लेयर ऑफ द मैच रहे। एमपी सुपर लीग पाइंट्स टेबल के टॉप पर इस जीत के बाद मध्यप्रदेश की टीम ग्रुप ए के सुपर लीग पाइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है। टीम ने पहले ही मुकाबले को जीतकर 4 अंक हासिल कर लिए हैं। जबकि आंध्र प्रदेश की टीम दूसरे स्थान पर है। ग्रुप बी में हरियाणा ने राजस्थान को 7 विकेट से हराकर पहला स्थान हासिल किया है। आंध्र की खराब शुरुआत, 7 बैटर्स दहाई तक नहीं पहुंचे टॉस हारकर बल्लेबाजी कर रहे आंध्र प्रदेश की शुरुआत खराब रही। टीम ने 7 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे।

अश्विन हेबर और शेख रशीद खाता नहीं खोल सके। दोनों को त्रिपुरेश सिंह ने पवेलियन भेजा। शुरुआती 13 बाल पर 2 विकेट गंवाने के बाद श्रीकर भरत और नीतीश कुमार रेड्घ्डी ने पारी संभाली। दोनों ने 50 रन ही जोड़े थे कि वेंकटेश अय्यर ने भरत को काट एंड बोल्ड किया। वे 39 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान रिकी भुई ने 11 रन का योगदान दिया। नीतीश रेड्डी ने 25 रन बनाए। मप्र की ओर से शिवम शुक्ला ने 23 रन देकर 4 विकेट झटके। जबकि त्रिपुरेश सिंह ने 31 रन देकर 3 विकेट झटके। राहुल बाथम को दो और वेंकटेश अय्यर को एक विकेट मिला। रेड्डी ने ग्वाली, हरप्रीत और पाटीदार को पवेलियन भेजा 113 रन चेज कर रहे मध्यप्रदेश ने 14 रन पर पहला विकेट गंवाया। तीसरे ओवर की चौथी बाल पर नीतीश कुमार रेड्घ्डी ने हर्ष ग्वाली को बोल्ड कर दिया। उन्होंने 5वीं बाल पर हरप्रीत सिंह और छठी बाल पर रजत पाटीदार को पवेलियन भेजा। हरप्रीत और रजत खाता भी नहीं खोल सके। ऐसे में वेंकटेश अय्यर (22 रन) ने ऋषभ चौहान के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। 37 रन पर वेंकटेश के आउट होने के बाद राहुल बाथम ने नाबाद 35 रनों की पारी खेली। आंध्रा के लिए नीतीश कुमार रेड्डी ने 3 विकेट झटके। केवी ससिकांत और सत्यनारायण राजू ने एक-एक विकेट लिए। पुणे के महाराष्ट्रा क्रिकेट स्टेडियम में हरियाणा ने राजस्थान पर 7 विकेट की जीत दर्ज की। टीम ने 133 रन का टारगेट 16.2 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया।

# विराट कोहली 15 साल बाद खेलेंगे विजय हजारे टूर्नामेंट में

● **बीसीसीआई ने उन सभी फिट खिलाड़ियों को निर्देश दिया है जो दूसरे टूर्नामेंट में शामिल नहीं है वे घरेलू मुकाबलों में हिस्सा लें**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और ऋषभ पंत को 24 दिसम्बर से शुरू होने वाले विजय हजारे राष्ट्रीय एकदिवसीय टूर्नामेंट के लिए दिल्ली की संभावित टीम में शामिल किया गया है। कोहली ने हाल ही में दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन को अपनी उपलब्धता के बारे में बताया, जिससे 15 साल बाद दिल्ली के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में उनकी वापसी हुई है। उन्होंने आखिरी बार 2010 में सर्विसेज के खिलाफ टूर्नामेंट में खेला था और इस सीजन में दिल्ली के लिए रणजी ट्रॉफी मैच



खेल चुके हैं। कोहली और रोहित शर्मा, जो भारत की टेस्ट और टी-20 टीम से संन्यास ले चुके हैं, अब केवल एकदिवसीय प्रारुप में राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधत्व करते है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन सभी फिट खिलाड़ियों को निर्देश दिया है जो दूसरे टूर्नामेंट में शामिल नहीं हैं, वे घरेलू मुकाबलों में हिस्सा लें, जिससे कोहली के शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है। दिल्ली के सभी सात मैचों की बेंगलुरु मेजबानी करेगा, जिसमें दो गेम चिन्नास्वामी स्टेडियम में और पांच अलूर में होंगे।

टीम अपने अभियान की शुरुआत आंध्र प्रदेश के खिलाफ करेगी। कोहली हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद इस टूर्नामेंट में आ रहे हैं। उन्होंने दो शतक और एक नाबाद अर्द्धशतक सहित 302 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया था। कोहली 2025 में 13 एकदिवसीय मैचों में 651 रन के साथ रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम स्पेन से हारी

● **भारतीय हॉकी टीम को जूनियर महिला विश्व कप में अपने नौवें-दसवें स्थान के प्लेऑफ मैच में स्पेन से 1-2 से हार का समना करना पड़ा**

**चिली, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्व कप 2025 में अपने 9वें/10वें स्थान के प्लेऑफ मैच में स्पेन से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में खेलने गए मुकाबले में भारत के लिए कनिका सिवाच ने (41वें) मिनट में गोल किया, जबकि नतालिया ने (16वें) और एस्थर कैनालेस ने (36वें) मिनट में स्पेन के लिए एक-एक गोल किया।



पहला क्वार्टर थोड़ा मुश्किल लेकिन रोमांचक रहा इस दौरान दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन और मौके बनाए। क्वार्टर के बीच में, स्पेन गोल करने वाला था और उसे केवल गोलकीपर को छकाना था, लेकिन भारत की निधि ने बहादुरी से आगे बढ़कर लगातार दो गोल बचाकर विपक्षी टीम को बढ़त हासिल करने से रोका। 14वें मिनट में, स्पेन को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे निधि ने फिर से विफल कर दिया। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में स्पेन ने तेजी से जवाबी हमला किया, सारा कार्मोना रामोस ने सर्कल के चारों ओर कुशलता से ड्रिबल किया और अंदर पास दिया, जिसे नतालिया विलानोवा ने (16वें) मिनट में सफलतापूर्वक नेट में गेंद डाल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। अगले कुछ मिनटों में भारत को कुछ अच्छे मौके मिले, लेकिन स्पेन ने शायद ही कोई गलती की और अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए कोई पेनल्टी कॉर्नर नहीं दिया। 36वें मिनट में, भारत ने थोड़ी देर के लिए जश्न मनाया, जब सोनम ने पास को रोककर एक जोरदार स्ट्राइक से गोल किया। हालांकि, स्पेन ने वीडियो रेफरल लिया जो सफल रहा क्योंकि रेफरी ने बैक स्टिक देख ली और गोल रद्द करना पड़ा। बदकिस्मती से, भारत के लिए उसी मिनट में, स्पेन ने जीत हासिल की और एस्थर ने (36वें) मिनट के फ्लिक की बदौलत पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। 41वें मिनट में, भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, जब कनिका ने (41वें) मिनट में अपने स्ट्राइक से स्पेनिश गोलकीपर को छकाते हुए भारत के लिए गोल किया, जिससे स्कोर कम हुआ और तीसरा क्वार्टर शानदार रहा।

# कफ सिरप मामले में ईडी की कई ठिकानों पर छापेमारी

## सुरक्षा बलों के साथ विशाल राणा व विभोर राणा के ठिकानों पर की कार्रवाई, सीए भी घेरे में आया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी के बड़े नेटवर्क की जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को सहारनपुर में बड़ी कार्रवाई की। ईडी की टीम ने विशाल राणा और विभोर राणा के कई ठिकानों पर छापेमारी कर दस्तावेजों की गहन पड़ताल की। टीम देर शाम तक मौके पर मौजूद रही।

इससे पहले एसटीएफ ने इस मामले में दो अहम सहयोगियों अभिषेक शर्मा और उसके भाई शुभम शर्मा को लखनऊ के आलमबाग क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। दोनों के पास से मोबाइल फोन और फर्जी फर्मों से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए, जिनकी जांच जारी है। अभिषेक और शुभम नई दिल्ली में एबॉट कंपनी के सुपर डिस्ट्रीब्यूटर हैं। एसटीएफ की जांच में खुलासा हुआ कि दोनों लंबे समय से विशाल और विभोर राणा के कफ सिरप तस्करी सिंडिकेट से जुड़े थे। अभिषेक वर्ष 2019 में सहारनपुर स्थित जीआर ट्रेडिंग जो विशाल और विभोर राणा की फर्म हैकृमें लोडिंग-अनलोडिंग का काम करता था, लेकिन बाद में अवैध सप्लाई चेन का हिस्सा बन गया। एसटीएफ के अनुसार, दोनों भाई एबॉट कंपनी की फैंसीडिल कफ सिरप मंगवाकर फर्जी फर्मों के जरिए खरीद-बिक्री दिखाते थे। इसके बाद यह सिरप बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भेजा जाता था। जांच में चार्टर्ड अकाउंटेंट अरुण सिंघल की भूमिका भी सामने आई है, जिसने फर्जी फर्म खोलने और दस्तावेज तैयार करने में तस्करों की मदद की। बताया गया कि अरुण ने विशाल और विभोर राणा के यहां काम करने वाले बिट्टू और उसके भाई सचिन के नाम पर भी फर्में खोल रखी थीं, जिनका उपयोग अवैध खरीद-फरोख्त में किया जा रहा था। एसटीएफ अब इस पूरे आर्थिक नेटवर्क की विस्तृत जांच कर रही है और 2019 से सक्रिय सभी सहयोगियों को चिह्नित किया जा रहा है। लगातार हो रहे खुलासों से यह स्पष्ट होता जा रहा है कि कफ सिरप तस्करी का यह नेटवर्क कई राज्यों तक फैला हुआ था। एसआईटी द्वारा जारी की गई 12 साजिशकर्ताओं की सूची में विभोर राणा, सौरभ त्यागी, विशाल राणा, पप्पन यादव, शादाब, मनोहर जायसवाल, अभिषेक शर्मा, विशाल उपाध्याय, भोला प्रसाद, शुभम जायसवाल, आकाश पाठक, विनोद अग्रवाल शामिल हैं। ईडी और एसटीएफ की यह संयुक्त कार्रवाई तस्करी नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचने में अहम मानी जा रही है।

बता दे कि इस मामले में अब तक आठ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिसमें छह लोग सहारनपुर के रहने वाले है।

# पुण्यतिथि पर चौ. यशपाल को दी पुष्पांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** दिवंगत पूर्व कृषि मंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे चौधरी यशपाल सिंह की 11 वी पुण्यतिथि पर समर्थकों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।

तीतरों जलालाबाद मुख्य मार्ग पर स्थित समाधि पर सबसे पहले सपा महासचिव चौधरी रूद्र सेन तथा विधानसभा प्रभारी इंद्रसेन ने समर्थकों के साथ पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ किया गया। इस दौरान चौधरी रूद्रसैन ने कहा कि उनकी विचारधारा व उनके आदर्शों का अनुसरण ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। गंगोह विधानसभा प्रभारी चौधरी इंद्रसैन ने कहा की उन्होंने आजीवन अपनी विचारधारा व आदर्शों को लेकर कभी कोई समझौता नहीं किया। आज भले ही वह भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं है परन्तु अपने आदर्शों व सिद्धांतों व किए गए कार्यों के बल पर आज भी वह सर्वसमाज के लोगों के दिलों में जिन्दा है।

इस दौरान एडवोकेट ओमी पवार,चौधरी भूपेन्द्र सिंह, चौ. नेपाल सिंह, चौ. कुशलपाल, चौ. गजेन्द्र सिंह, सुबोध कुमार, कटार सिंह, पुष्पेन्द्र, महिपाल खानपुर, देवेंद्र एड., मामचंद, बलकार सिंह, घनश्याम, विनोद, कन्हैया कश्यप, इंतजार राव, मदन सिंह, प्रभात, योगेन्द्र, जगमोहन शर्मा आदि ने हवन यज्ञ में आहुति डाली।

# पूर्व चेयरमैन खालिद खान ने किया सीएम योगी के बयान का समर्थन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व चेयरमैन खालिद खान ने योगी आदित्यनाथ के उस बयान का समर्थन किया है जिसमें योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि वह उत्तर प्रदेश व देश में घुसपैंठियों को ढूंढ ढूंढ कर देश से बाहर करेंगे या डिटेंशन सेंटर में डालेंगे।

पूर्व चेयरमैन खालिद खान ने आगे कहा कि इस बात का हर किसी को समर्थन करना चाहिए कि घुसपैंठियो को यहां से वापस भेजा जाये। साथ ही उन्होंने कहा कि जो लोग यहीं पर जन्मे हैं और उनके पुरखे भी यही के ही थे, उन्हें घुसपैठ की बात करके परेशान ना किया जाए। साथ ही मोब लिंि. चंग जैसी घटनाओं पर भी रोक लगाई जाए और प्रदेश में कानून का राज स्थापित किया जाए। जो सिर्फ इंसानों को इंसान की नजर से ही देखें और इसमें किसी धर्म के आधार पर भेदभाव ना हो। साथ ही खालिद खान ने कहा कि हम चाहते हैं कि बुलडोजर नीति को वैसे तो पूरी तरह से खत्म किया जाए पर अगर इसे जारी ही रखना है तो फिर इसका इस्तेमाल धर्म के आधार पर नहीं बल्कि अपराध को आधार मान करके बगैर किसी धार्मिक भेदभाव के किया जाये। बुलडोजर का इस्तेमाल किसी भी सूरत में धार्मिक आधार पर नहीं किया जाना चाहिए।

# लखनऊ से आई विशेष टीम की स्टोन क्रेशरों पर छापेमारी

## सपा एमएलसी शाहनवाज खान ने की थी शिकायत, छापे से संचालकों में मचा हड़कम्प



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बेहट विधायक शाहनवाज खान की शिकायत के बाद खनन विभाग लखनऊ मुख्यालय से आई विशेष जांच टीम द्वारा सहारनपुर में चल रही कार्रवाई ने स्टोन क्रैशर संचालकों में हड़कंप मचा दिया। कई दिनों से लगातार निरीक्षण कर रही यह टीम आज जैसे ही थाना बिहारीगढ़ क्षेत्र में पहुंची, तो क्रेशर यूनिटों में अफरा-तफरी फैल गई और कई संचालक सकते में आ गए।

टीम ने घाड़ क्षेत्र में संचालित स्टोन क्रेशरों पर भंडारित खनिज की पैमाइश की तथा स्टॉक रजिस्टर, लाइसेंस, परमिट और परिवहन से संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की। अधिकारियों ने पूरे क्षेत्र का व्यापक भ्रमण कर नियमों के अनुपालन की स्थिति का विस्तृत मूल्यांकन किया। दूसरे प्रदेशों से आने वाले कच्चे माल के परिवहन व बिक्री के आंकड़ों की भी गहरी पड़ताल की गई। सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान कई अनियमितताएं और नियमों के उल्लंघन सामने आए हैं। जब जांच टीम ने संचालकों से पूछा कि दूसरे राज्यों से आने वाले खनिज के परिवहन का खर्च अधिक और बिक्री कम होने की स्थिति में यह व्यवस्थाएं कैसे चल रही हैं, तो कई संचालक जवाब देने में असमर्थ रहे और बगले झांकने लगे।

अचानक हुई इस जांच कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल गर्म हो गया है। कई क्रेशर संचालक अब अपने दस्तावेज और रिकॉर्ड दुरुस्त करने में जुट गए हैं। खनन विभाग की यह कार्रवाई अवैध खनन पर रोक लगाने और खनिज कारोबार में पारदर्शिता लाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# घर पर अनैतिक कार्य से मौहल्ले के लोग परेशान

■ **कहा-अनाज मंडी के लोगों ने एसएसपी को दिया प्रार्थना पत्र**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मौहल्ला अनाज मंडी के लोगों ने एक परिवार पर अपने घर में अनैतिक कार्य कराने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

थाना मंडी क्षेत्र के मौहल्ला पुरानी अनाज मंडी निवासी खालिद हसन, मौ.फहीम, आकिल आदि ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि उनके मौहल्ला रहने वाले एक परिवार ने अपने घर पर अनैतिक कार्य शुरू कर रखा है। जिसका विरोध करने पर वह क्षेत्र के लोगों के साथ दुर्व्यवहार करता है और उन्हें झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देते है। क्षेत्र के लोों ने बताया कि उनके द्वारा पिछले रमजान माह में अपने घर के पास मंदिर को तोडकर आरोप दूसर्रे संप्रदाय के लोगों पर लगा दिया था। इस मामले में सीओ द्वारा जांच की गई तो वह हथौडा भी उनके घर से बरामद हुआ जिससे मंदिर तोडा गया था। जिसके बाद पुलिस के कहने पर आसपास के घरों में सीसीटीवी कैमरे लगवा दिये थे। जिसके कारण आरोपी तरह-तरह से मौहल्ले के लोगों को परेशान करते है। उन्होंने एसएसपी से मामले की जांच कर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

# एडिशनल कमिश्नर से मिला आईआईए डेलिगेशन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चेयरमैन गौरव चोपड़ा के नेतृत्व में संस्था के एक प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी एडिशनल कमिश्नर (ग्रेड-1) धीरेन्द्र प्रताप सिंह से उनके कार्यालय पर भेंट कर 'जीएसटी से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं लंबित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक की शुरुआत में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी, चौप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा, चौप्टर सचिव कुशल शर्मा, मंडलीय अध्यक्ष सतीश अरोड़ा, संदीप कपूर, हर्षित राणा आदि द्वारा संस्था एवं विभाग के मध्य सतत संवाद एवं समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए निम्न प्रमुख बिंदुओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। इसके अलावा सदस्यों की समस्याओं के समाधान हेतु आईआईए कार्यालय में विभागीय कार्यशाला आयोजित करने का प्रस्ताव दिया।एडशिनल कमिश्नर ग्रेड-1 धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने आईआईए प्रतिनिधिमंडल को आपसी समन्वय सदैव मजबूत रहने का आश्वासन दिया।

बैठक के अंत में आईआईए प्रति. निधिमंडल द्वारा संयुक्त रूप से एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 को आईआईए की मासिक पत्रिका भेंट की गई। इस दौरान एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 2 विद्यानंद पाण्डेय, ज्वाइंट कमिश्नर अमित पाठक भी मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में 244 जोड़ों का विवाह संपन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपेक्षा के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2025-26 में नव निर्गत शासनादेशानुसार ऑनलाइन प्रणाली के आधार पर जिलाधिकारी मनीष बंसल के कुशल दिशा-निर्देशन में आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जनपद में 244 जोड़ों (180 हिन्दू एवं 64 मुस्लिम) का विवाह उनके रीति-रिवाज के अनुसार सम्पन्न कराया गया।

जनता रोड स्थित महानगर के महाराज सिंह डिग्री कॉलेज मैदान पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत राज्यमंत्री जसवन्त सैनी, विधायक रामपुर मनिहारन देवेन्द्र निम, विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी, महानगर अध्यक्ष भाजपा शीतल विश्नोई, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामपुर मनिहारन विजय सिंह, महानगर मंत्री भाजपा श्रीमती नीलू राणा, प्रान्त महासचिव लघु उद्योग भारती अनुपम गुप्ता, एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विवाह सम्पन्न कराये गए हैं। योजनान्तर्गत शासन द्वारा प्रति जोड़े पर व्यय होने वाली धनराशि अंकन 100000 रुपए में से 60000 रुपए की धनराशि कन्या के खाते में अन्तरित की जायेगी।

विवाह संस्कार के लिये आवश्यक सामग्री (कपड़े, पगडी, बिछिया, चांदी के पायल तथा बर्तन आदि) हेतु 25000 रुपए तथा कार्यक्रम के आयोजन हेतु 15000 रुपए व्यय किये जाने का प्राविधान है।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट विनोद कुमार मीणा, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुश्री अर्चना, पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण सहित जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं.), समस्त सहायक विकास अधिकारी (स.क.), स्वास्थय विभाग, स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन विभाग, पुलिस विभाग, दमकल विभाग आदि विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय अधिकारी व उनके कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों संग वार्षिकोत्सव संपन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पाइनवुड विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के अंतर्गत द्वितीय दिवस का कार्यक्रम अत्यंत भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कक्षा 7 से 12 तक के विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की थीम विंग्स ऑफ फायर रही, जो भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के प्रेरणादायी विचारों से प्रेरित थी। इस थीम का उद्देश्य बच्चों में सपने देखने, ऊँची उड़ान भरने तथा दृढ़ संकल्प के साथ लक्ष्य प्राप्त करने की भावना को जागृत करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष बंसल, विद्यालय निदेशिका संतोष गुप्ता, दीपक अग्रवाल, रीना अग्रवाल, अंकित गुप्ता, सृष्टि अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य डॉ. संजीव जैन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात मंच पर नाटक, समूहगान, नृत्य, गीत-संगीत सहित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों ने विज्ञान, मानव क्षमता, साहस और प्रगति का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विभिन्न खेलों एवं गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्रों को मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने विद्यालय के छात्रवर्ग एवं शिक्षकवर्ग के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उत्साहवर्धन के लिए प्रेरणादायी संदेश भी दिया। प्रधानाचार्य डॉ. संजीव जैन ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री भगवान श्रीकृष्ण श्री विग्रह स्वरूप श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आज मंगल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ।

श्री बागेश्वर महादेव मंदिर में 18 दिसंबर तक चलने वाली महापुराण कथा में आज महिलाओं ने सिर पर कलश रख पैदल यात्रा निकाली। परिक्रमा के बाद मंदिर प्रांगण में कथा स्थल पर कलश स्थापित किये गये। आचार्य पं.माधव प्रसाद पाण्डेय एवं कथा व्यास पं.रामप्रसाद वशिष्ठ ने श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से होने वाले लाभ के विषय में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत कथा के श्रवण मात्र से इंसान के दुख दूर हो जाते है।

कथा के यजमान दीपक कपूर एवं श्रीमती शशि कपूर रहे। इस मौके पर मंदिर प्रबंधक राजीव गोयल, प्रधान राजेंद्र किशोर, कोषाध्यक्ष घनश्याम माहेश्वरी, समाजसेवी बेगम बहादुर राय, विजय रोहिला आदि समेत सैकडों की तादाद में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# दो डम्पर सीज

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए चैकिंग के दौरान ओवरलोड खनन से भरे बिना प्रपत्र के दो डम्पर पकड़ कर सीज कर दिए।

जनपद पुलिस ने एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देश पर अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सरसावा पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने थाना प्रभारी संजीव कुमार व संग्रह अमीन अशोक कुमार के नेतृत्व में चौकी शाहजहांपुर में चौकिंग के दौरान अवैध खनन से भरे ओवरलोड दो डम्पर पकड़ लिए। जांच एवं पूछताछ के दौरान दोनों डम्परों यूके 08सीबी/8445 व यूके 17 सीए-5005 के प्रपत्र नहीं पाए गए जिन्हें पुलिस ने नियमानुसार सीज कर दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि नियम विरूद्ध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चैकिंग अभियान जारी रहेगा।

# भ्रष्टाचार की लड़ाई में डा. अशोक सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भ्रष्टाचार की लडाई लडने पर शिक्षक नेता डा. अशोक मलिक को मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा सम्मानित किया गया।

चन्द्र विहार कालोनी स्थित द ग्रेट सनराइज पब्लिक स्कूल मे विश्व मानवाधिकार दिवस पर डॉ अशोक मलिक, जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, सिटी इंचार्ज राजेंद्र डबराल, प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर केपी सिंह, राज ग्रुप के संस्थापक हुकम सिंह, मास्टर रविंदर चौधरी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होने कहां की भ्रष्टाचार ऊपर से नीचे चल रहा है सभी विभागों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर हैं शिक्षा के मंदिरों में शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार का होना देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है हमारा युवा नौजवान शिक्षित बेरोजगार ,रोजगार की तलाश में दर-दर भट्ठक रहा है और हताश होकर नशे की तरह बढ़ रहा है सरकार को नशे पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाना चाहिए तभी देश विकासशील देशों की प्रथम पंक्ति में खड़ा होने का सपना साकार हो सकता है।

अतिथियों के द्वारा नितेश शर्मा जो अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन में सदस्य के रूप में जुड़े हैं उन्हें नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चंद्र विहार कॉलोनी निवासी रमेशना पूनम, कविता, प्रवेश, लकी, लविश, गौरव भरद्वाज सिया, राजन, चिराग, शाहनूर प्रशांत दिव्या केशव, देवांशी सोनिया शर्मा संदीप कुमार प्रदीप कुलदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जान से मारने की धमकी

**चिलकाना।** नगर स्थित एक स्कूल के मैनेजर व अध्यापक को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर जान से मारने की धमकी दी गयी।

मिली जानकारी के अनुसार चिलकाना नगर के एक स्कूल मैनेजर व अध्यापक ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनके मोबाइल फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अलग अलग नम्बरों से फोन करके गाली गलौज की गयी। मैनेजर व अध्यापक द्वारा जब गाली गलौज का विरोध किया गया तो उक्त व्यक्ति द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी गयी जिससे कॉलेज मैनेजर व अध्यापक दहशत में हैं।

पीड़ित का कहना है कि उनका किसी भी व्यक्ति से कोई पुरानी रंजिश या लड़ाई झगड़ा नहीं है। दोनों पीड़ितों को जिन मोबाइल नम्बरों से धमकी मिली है वह नम्बर पुलिस को देते हुए जान माल की सुरक्षा की गुहार लगायी है।

# 26 लाख से अधिक मतदाताओं का डिजिटाइजेशन पूरा

## एसआईआर अभियान को लेकर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने पत्रकारों को दी जानकारी




■ **कहा-कोई भी मतदाता ने छूटे, इसके लिये होगा घर-घर जाकर सर्वे**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला अधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि जनपद में अब तक 26 लाख से अधिक मतदाताओं का डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आज तक 26 लाख से अधिक मतदाताओं को फार्म वितरित किए गए हैं।

जिलाधिकारी श्री बंसल कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में अब तक 26 लाख से अधिक मतदाताओं को फार्म वितरित किए जा चुके हैं, जिनमें से लगभग 83 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने फार्म भरकर जमा किए हैं। श्री बंसल ने बताया कि अब तक 22 लाख से ज्यादा मतदाताओं का डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि शेष फार्मों को पूरी तरह प्राप्त करने और कोई भी मतदाता छूट न जाए, इसके लिए बीएलओ आगामी 14 दिनों तक पुन: घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। उन्होंने आमजन से अपील की कि जिन लोगों के फार्म किसी कारणवश जमा नहीं हो पाए हैं, वे जल्द से जल्द अपना फॉर्म भरें। उन्होंने कहा कि जो युवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, वे भी मतदान सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवश्यक फार्म अवश्य भर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी लोग एसआईआर अभियान में सक्रिय सहयोग दें। उन्होंने कहा कि एसआईआर फार्म जमा करने में अपेक्षाकृत प्रगति चल रही है।

# सम्पादकीय

शनिवार, 13 दिसम्बर 2025

## तकरार बरकरार

काफी समय बाद विपक्ष संसद की कार्यवाही से संतुष्ट होता दिखाई दिया। शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बेहद गदगद अंदाज में कहा कि संसद में वंदे मातरम् और मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस तथा विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने जिस तरह सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं, इसे भाजपा काफी लंबे समय तक याद रखेगी। उन्होंने विशेषकर देश के गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा और कहा कि एसआईआर और वंदे मातरम् पर संसद में चर्चा के दौरान अमित शाह मानसिक रूप से बहुत परेशान दिखाई दे रहे थे। इसका कारण भी उन्होंने खुद ही बताया और कहा कि इसकी वजह है कि यह सब सामने आया है कि भाजपा और उसकी सरकार का पूरा तंत्र वोट चोरी में लिप्त है। उनका यह भी कहना है कि जिस तरह अमित शाह ने सदन में असंसदीय भाषा का प्रयोग किया वह भी यही दर्शाता है कि वे सदन में काफी दबाव में थे। उन्होंने तो सीधे शब्दों में ही कह डाला कि सदन में वंदे मातरम् और एसआईआर की डिबेट ने सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ा दी। इसमें कोई दोराय नहीं कि काफी लंबे समय बाद जारी संसद के शीतकालीन सत्र में संसद में कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा देखने को मिली और इसमें सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच दिलचस्प नोकझोंक देखने को मिली। जैसाकि लोकसभा में पार्टी के नेता गौरव गोगोई ने कहा भी कि उनकी पार्टी और सहयोगी दलों ने एसआईआर और वंदे मातरम् जैसे मुद्दे पर जबरदस्त तरीके से चर्चाओं में भाग लिया और बड़ी शिद्दत के साथ मल्लिाकर्जुन खड़गे, राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी ने अपनी बात रखी। उन्होंने अपने नेताओं की तारीफ की और कहा कि उनकी आक्रामकता के चलते सत्ता पक्ष सक्ते में था। लोकतंत्र में सदन में चर्चा और बहस का अपना एक महत्व होता है और उसके द्वारा ही सत्ता पक्ष व विपक्ष अपनी बात को जनता के सामने लाते हैं। इस तरह की चर्चाएं होनी ही चाहिएं। इन चर्चाओं ने एक बार फिर यह बता दिया है कि देश अभी भी एकजुट होकर आगे नहीं बढ़ रहा है। विशेषकर एसआईआर को लेकर अभी भी सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच बड़ी खाई बनी हुई है। प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तो और भी आक्रामक अंदाज में दिखाई दे रही हैं। उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि उन्होंने अभी तक फार्म फिल नहीं किया है। ऐसा कहते हुए उन्होंने यह खुद ही जोड़ दिया कि क्यों करूं। वह तीन बार केंद्रीय मंत्री रही हैं, सात बार सांसद रही हैं और तीन बार प. बंगाल राज्य की मुख्यमंत्री रही हैं। वह खुद ही चुनाव आयोग से सवाल करती दिखाई देती हैं कि अब क्या उन्हें प्रमाणित करना होगा कि वह देश की नागरिक हैं या नहीं, इससे तो जमीन पर नाक रगड़ना बेहतर है, यह कोई और नहीं प. बंगाल जैसे राज्य की मुख्यमंत्री के बयान हैं। इसलिए उनके बयानों को केवल राजनीति से प्रेरित होकर एकसिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। इसलिए चुनाव आयोग को भी सोचना चाहिए कि वह इस तरह काम करे, जिससे नेताओं का भरोसा भी विशेषकर विपक्षी नेताओं का उसे हासिल हो। आखिर चुनाव प्रक्रिया में विश्वास ही तो सबसे बड़ी बात होती है।


### सरकार का पूरा तंत्र वोट चोरी में लिप्त



संसद में वंदे मातरम और मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस तथा विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने जिस तरह सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं और इससे भारतीय जनता पार्टी तथा उसके नेताओं की जो स्थिति थी, वह देखकर उन्हें बहुत अच्छा लगा है, विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने इन दोनों मुद्दों पर हुई चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं और गृहमंत्री अमित शाह इससे मानसिक रूप से बहुत परेशान थे, इसी की वजह है कि यह सच सामने आया है कि भाजपा और उसकी सरकार का पूरा तंत्र वोट चोरी में लिप्त है और यही कारण है कि श्री शाह ने परेशान होकर सदन में असंसदीय भाषा को प्रयोग किया।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

## अरावली नहीं बची, तो आप भी नहीं बचेंगे



अरावली पर्वत श्रंखला दुनिया की प्राचीनतम पर्वत श्रंखला है। इसका विस्तार गुजरात, राजस्थान, हरियाणा व दिल्ली तक है। यह गुजरात में पालनपुर के पास से शुरू होकर राजस्थान और हरियाणा से होते हुए दिल्ली तक जाती है। इसका निर्माण भारतीय और यूरे. शियन प्लेटों के टकराने से हुआ, जब यह प्राकृतिक घटना हुई उस युग को प्रोटेरोजोइक युग कहा जाता है जो लगभग 1.5 अरब साल पहले था जो

एक ओरोजेनी यानी पर्वत निर्माण की प्रक्रिया थी। इस प्राकृतिक घटना के बाद प्राचीन वलित पर्वत जिसे अंग्रेजी में Fold Mountains कहते हैं, बने और अब अपरदन के कारण अवशिष्ट पर्वत यानी कि Residual Mountains कहे जाते हैं। पैलियोप्रोटेरोजोइक युग से संबंधित यह पर्वत श्रंखला करीब 670 मिलियन वर्ष पुरानी मानी जाती है जो हिमालियन रेंज के निर्माण से पूर्व की है। यह पूरी श्रंखला मानव अस्तित्व के लिए किसी वरदान की तरह है जिसे चंद ताकतवर मनुष्यों की लाबी ने सुप्रीम कोर्ट के सहारे नेस्तनाबूद करने का जो खेल खेला है, वह चार राज्यों को पूरी तरह तहस-नहस कर देगा। हालात यहां तक हो जाएंगे कि चारों के चारों राज्य बूंद-बूद पानी को तरसी जाएंगे और खेती तबाह हो जाएगी। अरावली अगर समाप्त हुई तो करोड़ों लोग भी बेमौत मारे जाएंगे। नेचर किसी भी प्रधानमंत्री, किसी भी राष्ट्राध्यक्ष किसी सुप्रीमकोर्ट को नहीं जानती उसे केवल बदला लेना आता है। आप छेड़ेंगे तो वह आपको, आपकी पीढ़ियों समेत नेस्तनाबूद कर देगी। अरावली की सबसे ऊंची चोटी गुरु शिखर है, जो राजस्थान के माउंट आबू क्षेत्र में है। इसकी ऊंचाई 1,722 मीटर (5,650 फीट) है जबकि हरियाणा के नारनौल के पास स्थित ढौसी में इसकी ऊंचाई 3840 फीट है। कहा जाता है कि यहीं च्यवन ऋषि ने स्थानीय जड़ी-बूटियों से च्यवनप्राश का निर्माण किया था। बाबरनामा में इसी पहाड़ी पर शिलाजीत उपलब्ध होने का वर्णन भी मिलता है लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के डकैतों ने अरावली रेंज को ही लूटने का आदेश जारी करवा लिया है, क्योंकि उनको पीढ़ियों की लाशों की कीमत पर स्लेट, बहुरंगी संगमरमर, कैल्साइट, लौह अयस्क, तांबा अयस्क चाहिए। दिल्ली के आस-पास की अरावली पहाड़ियों को कंक्रीट के लिए नष्ट किया जा रहा है।

जबकि यह पहाड़ी आज भी दिल्ली रेगिस्तान होने से बचाएं हुए है। जिस दिन यह पर्वत श्रंखला पूरी तरह से हट जाएगी उसी दिन से दिल्ली ही सुप्रीम कोर्ट भी उसका हश्र देखेगा। राजस्थान से उठने वाली गर्म हवाएं नरक का वह तांडव करेंगी की लोग त्राहि-त्राहि कर उठेंगे। विगत कुछ सालों से दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके लगातार आ रहे हैं, यह पहाड़ी ही है जो भूकंप की तीव्रता को रोक लेती है। अरावली पर्वतमाला अगर न बची तो दिल्ली-एनसीआर भी नहीं बचेगा। सुप्रीमकोर्ट इस पूरी प्राकृतिक संरचना से अच्छी तरह से वाकिफ है और अपने पूर्व के तमाम फैसलों में वह अरावली के भूगर्भीय व भौगोलिक संवेदनशीलता पर टिप्पणियां कर चुका है। इधर बीते कुछ सालों में जंगल, जमीन और पहाड़ों की ऐसी लूट आरंभ हुई है और संसाधनों को लूट लेने की ऐसी हवस पैदा हुई है जिसे शब्द नहीं दिए जा सकते। अरावली पहाड़ी क्षेत्र गांवों की सामुदायिक भूमि व पंचायती भूमि हजारों हेक्टेयर में है और धीरे-धीरे जब जमीनों की कीमतें बढ़ीं तो धन पशुओं की जमात इधर आई और लोग अरावली के संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र में फार्म हाउस बनने लगे। फिर तो ताकतवर जमीनखोर लुटेरों की पूरी फौज नादिरशाह के अंदाज में इधर आ गई। देश में सरकारी संस्थानों और वहां कार्यरत अधिकारियों की पैसे की राक्षसी भूख ने इस क्षेत्र की भूमि के स्वरूप को कागजों पर बदलना आरंभ कर दिया।


दूसरी ओर, अरावली के बहुत बहुत बड़े क्षेत्र की मिल्कियत व्यक्तिगत नहीं होने के कारण भू-माफिया ने इस क्षेत्र के भोले-भाले गांव वालों को लालच दिया और खेल शुरू। सामुदायिक भूमि का हिस्सा बड़ी चालाकी से बेचा गया न कि विशेष खसरा और किला नंबर। इसके बाद बनने शुरू हुए बड़े-बड़े फार्म हाऊस जो रंगमहल सरीखे हो गए। वन विभाग और राजस्व विभाग के खेल अब नए नहीं रहे। भ्रष्टाचार की गंगोत्री ऊपर से प्रवाहित हुई तो सिटी टाउन प्लानर, शहरी विकास प्राधिकरणों, नगर निकायों और पुलिस विभाग व न्यायतंत्र को सिंचित करती रही। अगर ईमानदारी से भू-संरक्षण अधिनियम 1900, वन अधिनियम 1927, वन जीव संरक्षण अधिनियम 1972 व वन संरक्षण अधिनियम 1980 को लागू कर दिया जाए तो ये सारे के सारे धनपशु मटियामेट हो जाएंगे लेकिन वर्तमान को देखते हुए यह सोचना रात में सूरज देखने जैसा है। दिनांक, 21 दिसंबर 1992 को तत्कालीन केन्द्र सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय ने एक स्पष्ट आदेश जारी किया। आदेशानुसार-भू-संरक्षण अधिनियम के तहत समूचे वन क्षेत्र को वन भूमि माना जाएगा। गैर वानिकी गतिविधि नहीं हो सकेगी यहां तक कि निजी भूमि पर भी वन अधिनियम 1980 ही लागू होगा। 7 मई 1992 को भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय ने गुरुग्राम जिले में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम (ईपीए) के तहत एक आदेश जारी किया कि अरावली क्षेत्र में किसी प्रकार का भू-परिवर्तन नहीं हो सकता, लेकिन अरावली का संवेदशील पारिस्थितिकी तंत्र नेताओं, अधिकारियों व भू-माफिया ने मिलकर लूट डाला और अब इस पूरी रेंज को ही खा जाना चाहते हैं। मौजूदा समय में अरावली पहाड़ी क्षेत्र के करीब 15 हजार एकड़ भूमि पर गैर वानिकी कार्य हो चुके हैं और यह दुखद ही नहीं भयावह है। अरावली पर्वत श्रंखलाएं राजस्थान, हरियाणा, गुजरात व दिल्ली के पारिस्थितिकी तंत्र को संभालती रही हैं। वर्षा चक्र, इन क्षेत्रों का तापमान, ग्राउंड वाटर रीचार्ज सिस्टम। सब कुछ यह रेंज तय करती है। ये पहाड़ियां दिल्ली, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को रेतीली गर्म धूल, आंधियों, तूफानों और बाढ़ से सदियों तक बचाती रही हैं लेकिन लगातार दोहन ने करोड़ों जीवन खतरे में डाल दिया है। एक रिसर्च के अनुसार अरावली क्षेत्र को खनन माफियाओं ने इतना ज्यादा क्षति पहुंचा दी है कि थार रेगिस्तान की रेत दिल्ली की ओर लगातार बढ़ती जा रही है। इसके अतिरिक्त राजस्थान व हरियाणा तक होने वाले खनन ने जमीन की उर्वरता को लगभग खत्म कर दिया है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सूखा व राजस्थान के रेतीले इलाके में बाढ़ के हालात बनने लगे हैं। राजस्थान के तमाम इलाकों में अचानक बाढ़ का हमला इसी का नतीजा है। यहां तक किमानसून का पैटर्न बदल गया है।

वर्ष, 2002 में इस समूचे क्षेत्र के पर्यावरण को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने खनन पर पाबंदी लगा दी, लेकिन पैसे की हवस ने सरकारी तंत्र को खरीद डाला। राजस्थान की हालत यह है कि यहां के 15 जिलों में सबसे ज्यादा अवैध खनन धड़ल्ले से हो रहा है और सरकारी तंत्र खामोश है। वैसे नियमों के अनुसार तो अरावली पर्वत श्रंखला की एक किलोमीटर की परिधि में खनन नहीं हो सकता, लेकिन पैसों की भूख का कमाल देखिए कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने ही नियमों में संशोधन कर राजस्थान के कई ऐसे भू-भागों को खनन के लिए शामिल कर लिए हैं, जो इन पहाड़ियों से सटे हैं। लेखा परीक्षक और नियंत्रक की एक रिपोर्ट आई थी उसके अनुसार- राजस्थान के अंदर अरावली पर्वत श्रृंखला में उत्खननों का कोई नियम नहीं रह गया है। धड़ाधड़ खनन के पट्टे जारी हुए, नवीनीकरण और तो और केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने भी इसके लिए हां कर दी। परिणाम यह हो रहा है कि एक के बाद एक अरावली पर्वत कुछ ही महीनों में कटकर गायब होती जा रही हैं। अरावली में जबरदस्त तरीके से जारी अवैध खनन ने सरिस्का टाइगर रिजर्व को भी खतरे में डाल दिया है। उधर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित खनन की एक नई परिभाषा ने गंभीर चिंता पैदा कर दी है। सुप्रीम कोर्ट में ड्राफ्ट के अनुसार, अब सिर्फ 100 मीटर से ऊंची पहाड़ियां ही अरावली पहाड़ियां कही जाएंगी। यह ड्राफ्ट 2010 के फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के उन नियमों को बदल रहा है जिसमें 3 डिग्री ढलान, 115 मीटर ऊंचाई और 100 मीटर बफर जोन को शामिल किया गया था और अक्टूबर, 2024 में FSI के नए सुझाव में 30 मीटर ऊंचाई और 4.57 डिग्री ढलान को मानक बनाकर संरक्षण की बात की गई थी। अब अगर सुप्रीम कोर्ट के ड्राफ्ट को लागू किया गया तो



पवन सिंह

समूचा अरावली खत्म हो जाएगा। इसका सच फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट में दर्ज है। इसके अनुसार- राजस्थान के 15 जिलों में अरावली की 12081 पहाड़ियां जो मात्र 20 मीटर से ऊंची हैं, इनमें से केवल 1048 पहाड़ियां ही यानी कि 8.7 प्रतिशत ही 100 मीटर से ऊंची हैं। अगर नए नियम लागू हुए तो 90 प्रतिशत पहाड़ियां भू-माफिया और उनके पैरोकार कुछ ही सालों में चबा जाएंगे। बकौल रिपोर्ट, 1594 पहाड़ियां 80 मीटर ऊंची हैं, 2656 पहाड़ियां 60 मीटर ऊंची हैं व 5009 पहाड़ियां 40 मीटर ऊंची हैं। जबकि करीब 10 हजार 494 पहाड़ियां 20 मीटर तक की ऊंचाई वाली हैं। अब आप सहज अनुमान लगाइए कि कितने प्रतिशत पहाड़ियां बचेंगी और अगर यह खत्म हुई तो बहुत कुछ प्रकृति खुद ही खत्म कर देगी। वो ड्राफ्ट बनाने वाले, वो ड्राफ्ट पास करने वाले वो खनन करने वाले। सबको नेचर मिट्टी में मिला देगी और आम जनता तो मरने के लिए ही पैदा होती है।



अरावली पर्वतमाला भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मरुस्थलीकरण को रोकती है, मानसून को नियंत्रित करती है, पानी के स्रोत (लूनी, साबरमती जैसी नदियां) प्रदान करती है, जैव विविधता (तेंदुए, ब्लैकबक, औषधीय पौधे) का घर है, खनिज संसाधनों (तांबा, संगमरमर) का भंडार है और दिल्ली-एनसीआर के लिए एक प्राकृतिक फेफड़े का काम करके प्रदूषण कम करती है, लेकिन खनन और अतिक्रमण से इसे गंभीर खतरा है।

यह थार रेगिस्तान की रेत को आगे बढ़ने से रोकती है, जिससे राजस्थान और गंगा के मैदानों की रक्षा होती है। यह मानसून को आकर्षित करती है, पर्याप्त बारिश सुनिश्चित करती है और भूजल को रिचार्ज करती है। लूनी और साबरमती जैसी कई नदियां यहीं से निकलती हैं, जो शुष्क क्षेत्रों के लिए जीवनदायिनी हैं। यह तेंदुओं, ब्लैकबक, और कई लुप्तप्राय पौधों की प्रजातियों का घर है, जो पारंपरिक चिकित्सा में भी उपयोगी हैं। शहरीकरण और प्रदूषण के बीच, यह हरियाली प्रदान करती है और दिल्ली-एनसीआर के लिए एक प्राकृतिक फिल्टर का काम करती है। इसमें तांबा, रॉक फॉस्फेट, जस्ता, और संगमरमर जैसे मूल्यवान खनिज पाए जाते हैं। यह प्राचीन मानव बस्तियों और पुरातात्विक स्थलों का प्रमाण है, जो भारत के मानव इतिहास को समझने में मदद करता है। अनियोजित शहरीकरण और अतिक्रमण के कारण अरावली को भारी नुकसान हुआ है, जिससे वन्यजीवों के आवास नष्ट हो रहे हैं और पर्यावरण संकट गहरा रहा है।

## सर्दियों में बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम

कड़ाके की सर्दी ने दस्तक दे दी है, ऐसे में हर महिला को बाल धोने में आलस आता है। कई बार हेयर वाश 5 -6 दिनों तक नहीं हो पता क्योंकि इस बात की ही उलझन रहती हैं कि किस दिन बाल धोने चाहिए। आजकल शादियों और पार्टियों का दौर चल रहा है। ऐसे में अगर शादी या पार्टी का कोई न्यौता आ गया तो बाल धोना मजबूरी हो जाती है लेकिन आधा घण्टा उन्हें सूखने में लग जाता है। हालांकि हेयर वाश बालों की हैल्थ के लिए काफी जरूरी माना जाता है लेकिन अगर आप बालों को धोने से परहेज कर रही हैं और आपको पार्टी में जाना जरूरी है तो हेयर परफ्यूम आपके बालों के लिए बेहतर बिकल्प है। हेयर परफ्यूम बालों को सुगन्धित करने के साथ है फ्रेश लुक देने में भी मदद करता है। हेयर परफ्यूम बालों से आने बाली बदबू को रोकता है और रूखे , फ्रिजी और बेजान बालों पर असरदार साबित होता है, लेकिन असली सवाल है की हेयर परफ्यूम कैसे काम करता है और कितना सुरक्षित है। हेयर परफ्यूम का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है।

इसकी खुशबू आम परफ्यूम से हल्की होती है, इसलिए इसका ज्यादा इस्तेमाल करना मुश्किल होता है। जिस तरह आप बॉडी परफ्यूम का इस्तेमाल करती हैं, ठीक उसी तरह बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं । यह बालों को अपनी खुश्बू से महकाता है और साथ साथ बालों को मॉइस्चराइज भी करता है जिससे बाल हेल्दी और तरो ताजा नजर आते हैं और बालों की बेहतर लुक



नजर आती है हेयर परफ्यूम बालों को सुन्दर दिखाने के साथ ही लग्जरी टच जोड़ता है और आपको आत्मविश्वास तथा ताजगी महसूस करवाता है। कुछ लोग बॉडी परफ्यूम को ही बालों पर छिड़क देते हैं लेकिन उसमें अल्कोहल होता है जो बालों को और ज्यादा रूखा और बेजान बना देता है। दूसरी ओर हेयर परफ्यूम में अल्कोहल की मात्रा बहुत कम होती है, इसलिए यह आपके बालों के लिए ज्यादा सुरक्षित है। यह आमतौर पर पानी पर आधारित होता है, इसलिए यह आपके बालों को भारी नहीं बनाएगा और न ही उन्हें रूखा या चिपचिपा बनाएगा। हालांकि बड़ी नामी कम्पनियां बाजार में ब्राण्डेड हेयर स्प्रे बेचती हैं लेकिन अगर घर पर हर्बल हेयर स्प्रे बनाया जाए तो बेहतर होगा।

**गुलाब की खुशबू का हेयर परफ्यूम**

इस घर पर बने गुलाब। हेयर परफ्यूम से गुलाबों की रोमांटिक खुशबू का आनंद लें। गुलाब की मनमोहक खुशबू आपके बालों को अद्‌भुत रूप से ताजा और सुग. ंधित महसूस कराएगी। गुलाब की खुशबु का हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 2 चम्मच गुलाब का तेल, 1 चम्मच जोजोबा ऑयल और 5 चम्मच गुलाब जल को एक स्प्रे बोतल में डाल कर मिक्स करें। आपका होममेड गुलाब की खुशबू वाला हेयर परफ्यूम तैयार है। शादी या पार्टी में जाने से पहले इस हेयर परफ्यूम को बालों पर लगाएं। इससे न सिर्फ आपके बालों से अच्छी खुशबू आएगी बल्कि बालों को पोषण भी मिलेगा। हेयर परफ्यूम को आप अन्य तरीकों से भी बना सकती हैं। कांच के एक बर्तन में आधा चमच्च गुलाब जल और एक चमच्च बिच हेजल को अच्छे तरह मिला लें अब इस मिश्रण में पांच बूंदे गुलाब तेल मिला कर बने मिश्रण को स्प्रे बोतल में डाल लें यह हेयर स्प्रे तैयार है और आप इसे शादी या पार्टी में जाने से पहले प्रयोग कर सकती हैं। हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 1/4 कप होम मेड गुलाब जल में 1 चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं अगर आप एलोवेरा जेल को थोड़ा ब्लेंड कर लेंगी तो अच्छा होगा। अब इसमें 10 बूंदें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की और 10 बूंदें जैस्मिन एसेंशियल ऑयल की मिलाएं। इसे अच्छे से मिक्स कर लें और फिर स्प्रे



शहनाज हुसैन

बॉटल में स्टोर कर फ्जि में रखें। कांच के कटोरे में आधा कप गुलाब जल , चार बुंदे बेनीला अर्क, 20 बुंदे ग्रेप फ्रूट एसेंशियल आयल और 10 बूंदे जैस्मिन एसेंशियल आयल को एक साथ अच्छे से मिला लें अब इस मिश्रण को स्प्रे बोतल में डाल कर फ्रिज में रख लें और अपनी जरूरत के हिसाब से उपयोग करें।

**हेयर परफ्यूम लगाने के लिए**

सबसे पहले बोतल को अपने बालों से लगभग छह से आठ इंच की दूरी पर रखें। इसके बाद, हल्का स्प्रे करें, ध्यान रहे कि यह बालों के बीचों।बीच और सिरों पर ज्यादा केंद्रित हो। जड़ों की बजाय बालों के बीच की लंबाई और सिरे पर ध्यान दें, ताकि सुगंधित बाल उत्पादों का समान वितरण सुनिश्चित हो सके। यह तरीका खुशबू को समान रूप से फैलाने में मदद करता है। इससे आपके बाल भारी नहीं होंगे और न ही कोई चिपचिपा निशान छोड़ेंगे। बेहतर होगा अगर हेयर परफ्यूम को आप किसी ड्राई प्लेस रखेंगी। हेयर परफ्यूम को आप हफ्ता भर आराम से स्टोर कर सकती हैं वैसे अगर मौसम ठंडा है तो ए और भी ज्यादा चलेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### थाईलैंड के राजा ने चुनाव से पहले संसद भंग की

**बैंकॉक।** थाईलैंड के राजा ने संसद के निचले सदन को भंग करने वाले एक शाही फरमान को मंजूरी दे दी है। रॉयल गजट में शुक्रवार को प्रकाशित एक घोषणा में इसकी पुष्टि की गई, जिससे यहां अगले साल की शुरुआत में आम चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविरकुल द्वारा हस्ताक्षरित इस शाही आदेश में उनकी सरकार की स्थिति को 'अल्पमत सरकार' बताते हुए इसे भंग करने का प्राथमिक कारण बताया गया है। इसमें कहा गया है, वर्तमान प्रशासन (जिसने सितम्बर 2025 में पदभार संभाला था) कई दलों के एक गठबंधन से बना था जो प्रतिनिधि सभा में बहुमत हासिल करने में विफल रहा।

### चीन के रडार लॉक की घटना पर चिंता जताई

**टोक्यो।** अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ और जापान के रक्षा मंत्री शिजिरो कोइजुमी ने चीनी सैन्य विमान से जुड़े रडार लॉक की घटना पर गंभीर चिंता जताई। गत 6 दिसम्बर को एक चीनी फाइटर जेट ने दक्षिण-पश्चिमी जापान में ओकिनावा प्रीफेक्चर के पास जापानी एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स के विमान पर अपने रडार को टारगेट किया। जापान के रक्षा मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक दोनों रक्षा प्रमुखों ने 6 दिसम्बर की रडार घटना और इलाके में तेजी से गंभीर होती सुरक्षा स्थितियों पर चर्चा की।

### हमास पर मानवता के खिलाफ अपराधों का आरोप

**लंदन।** एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा है कि हमास और अन्य फलस्तीनी सशस्त्र समूहों ने सात अक्टूबर, 2023 से दक्षिणी इजरायल पर शुरू किए गए अपने हमलों के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध, युद्ध अपराध और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानूनों का उल्लंघन किया है। मानवाधिकार संगठन ने कहा कि उस दिन नागरिकों की बड़े पैमाने पर हत्या विनाश के रूप में मानवता के खिलाफ अपराध के बराबर थी।

### स्पेन में बच्चों का सोशल मीडिया अकाउंट ब्लॉक होगा

**मैड्रिड।** स्पेन सरकार सोशल मीडिया अकाउंट बनाने की न्यूनतम कानूनी उम्र 16 साल करने पर विचार कर रही है। इस कानून के तहत उन्हें माता-पिता की सहमति के बिना अकाउंट खोलने की अनुमति नहीं होगी। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करना है। यह जानकारी स्पेन के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और सिविल सर्विस मंत्रालय ने उपलब्ध कराई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार एक ऐसा विधेयक लाने पर विचार कर रही है जो माता-पिता की सहमति के बिना सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के लिए 'डिजिटल एज ऑफ मैजोरिटी' को 14 से बढ़ाकर 16 कर देगा।



मुंबई। वाई बी चव्हाण सेंटर में एनसीपी 'एसपी' प्रमुख शरद पवार का 85वां जन्मदिन मनाने के लिए एकत्रित हुए पार्टी नेता और कार्यकर्ता।

## यूरोपीय संघ ने अफगानिस्तान संरा के डब्ल्यूएफपी को दिया योगदान

**मॉस्को।** रोपीय संघ (ईयू) ने अफगानिस्तान में मानवीय जरुरतों को मजबूत करने और खाद्य सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) को दो करोड़ 90 लाख 30 हजार रुपये दिए हैं। अफगानिस्तान में ईयू प्रभारी डी' अफेयर्स वेरोनिका बोस्कोविक-पोहर ने यह जानकारी दी है। बोस्कोविक-पोहर ने कहा डब्ल्यूएफपी में यूरोपियन संघ का नया योगदान अफगान लोगों, खासकर महिलाओं, बच्चों और कमजोर स्थानीय समुदाय के प्रति हमारे लगातार समर्पण को दिखाता है। कृषि और

# पाक में सोशल मीडिया पर कसेगा शिकंजा!

## कानून और न्याय राज्य मंत्री बेरिस्टर अकील मलिक ने कंपनियों को दी चेतावनी



■ सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स जिसका पाकिस्तान में लगभग 45 लाख उपयोगकर्ता हैं, सरकार के साथ सबसे कम सहयोग कर रहा है: मलिक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कानून और न्याय राज्य मंत्री बरिस्टर अकील मलिक ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स को बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स सरकार के साथ सहयोग नहीं करते हैं, तो उन्हें बैन किया जा सकता है।

बरिस्टर मलिक ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स जिसका पाकिस्तान में लगभग 45 लाख उपयोगकर्ता हैं, सरकार के साथ सबसे कम सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक्स को कई बार नोटिस दिए जा चुके हैं और उन्हें पाकिस्तान में कार्यालय खोलने के लिए भी कहा गया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। मंत्री ने आगे कहा कि पैलेस्टाइन से जुड़े पोस्ट 24 घंटे में हटा दिए जाते हैं, लेकिन यहां हम आतंकवाद से जुड़े मामले की बात कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो प्लेटफार्म सहयोग नहीं करेगा, उसके खिलाफ भी ब्राजील जैसी कार्रवाई हो सकती है। बता दें कि ब्राजील में एक्स पर कोर्ट के आदेश का पालन न करने पर 5.2 मिलियन डालर का जुर्माना लगाया गया और 22 मिलियन उपयोगकर्ताओं वाला प्लेटफार्म वहां अस्थायी रूप से बंद किया गया। बरिस्टर मलिक ने यह भी कहा कि इमरान खान के एक्स अकाउंट के मामले में जांच चल रही है। पाकिस्तान की फेडरल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एफआईए) ने इमरान से जेल में उनके 'एंटी-स्टेट' पोस्ट और विदेश नीति पर टिप्पणियों के बारे में सवाल किए हैं। इससे पहले सितम्बर में इस्लामाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इसमें कहा गया था कि जेल में रहने के दौरान उनके एक्स अकाउंट का संचालन कौन कर रहा है, इसकी जांच राष्ट्रीय साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी और पाकिस्तान टेलीकाम अथारिटी (पीटीए) को करने का आदेश दिया जाए। कुल मिलाकर मामले में बरिस्टर मलिक ने साफ कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स आतंकवाद, गलत सूचना और अफवाह फैलाने के लिए इस्तेमाल नहीं होने चाहिए और एक्स इस मामले में सबसे कम सहयोग कर रहा है।

## टैरिफ-एच-1बी वीजा शुल्क से भारत-अमेरिका रिश्तों पर असर

# ट्रम्प के रुख पर अमेरिकी सांसदों ने जताई चिंता

**कहाः भारत-अमेरिका के बीच लंबे समय से चले आ रहे आपसी भरोसे और लोगों के बीच के रिश्तों को झटका दे रहे ये कदम**

**मोदी की पुतिन और शी जिनपिंग के साथ हालिया मुलाकातों से कांग्रेस के कई सदस्यों में बेचैनी देखी जा रही**




**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका में कई सांसदों ने ट्रम्प प्रशासन की हालिया नीतियों, जैसे एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर की भारी फीस और भारत से आयात पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ, पर गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है कि ये कदम न सिर्फ अमेरिकी कंपनियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि भारत-अमेरिका के बीच लंबे समय से चले आ रहे आपसी भरोसे और लोगों के बीच के रिश्तों को भी झटका दे रहे हैं।

हाउस फारेन अफेयर्स की एक सबकमेटी में सुनवाई के दौरान अमेरिकी सांसद एमी बेरा ने कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी को वर्षों से दोनों पार्टियों और कई राष्ट्रपतियों ने मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि हमारे आर्थिक और रणनीतिक हित एक-दूसरे से जुड़े हैं। इंडो-पैसिफिक में शांति और स्थिरता, दोनों देशों की ही जरूरत है, लेकिन बेरा ने यह भी स्वीकार किया कि एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर की फीस बढ़ाने का फैसला अमेरिकी कंपनियों को सीधे तौर पर नुकसान पहुंचाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की रूस के राष्ट्रपति पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हालिया मुलाकातों से 'कांग्रेस के कई सदस्यों में बेचौनी' देखी जा रही है। भारतीय मूल की अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल ने भी इन नीतियों पर कड़ा एतराज जताया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प प्रशासन के 50 प्रतिशत टैरिफ से भारत की अर्थव्यवस्था को झटका लग रहा है और अमेरिकी उपभोक्ता भी महंगे उत्पाद झेलने को मजबूर हैं। प्रमिला जयपाल, जो खुद कभी छात्र वीजा और एच-1बी पर अमेरिका आई थीं, ने कहा कि कानूनी इमिग्रेशन रास्तों को बंद करना हमारी ऐतिहासिक गलतियों को दोहराने जैसा है। इससे लोगों के बीच के रिश्ते टूटते हैं। उन्होंने बढ़ती 'एंटी-इंडियन हेट' पर भी चिंता जताई और कहा कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय अमेरिका की अर्थव्यवस्था और नवाचार का अहम स्तंभ है, स्टार्टअप्स और फार्च्यून 500 कंपनियों में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इस सुनवाई में विशेषज्ञ ध्रुव जयशंकर ने कहा कि 1998 के बाद से भारत-अमेरिका रिश्ते कई दौरों से गुजरे हैं, न्यूक्लियर प्रतिबंधों से लेकर रक्षा, व्यापार, टेक और रणनीति में करीबी साझेदारी तक। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि इन रिश्तों में अब एक प्रकार की राजनीतिक ठहराव की स्थिति दिख रही है। उनके मुताबिक सबसे बड़ी बाधा ट्रेड और टैरिफ विवाद हैं। उन्होंने बताया कि भारत ने हाल के वर्षों में कई व्यापार समझौते किए हैं और अमेरिका के साथ भी समाधान करीब दिख रहा है। ध्रुव जयशंकर ने कहा कि अमेरिका का पाकिस्तान की सेना के साथ नया जुड़ाव भारत में चिंता पैदा कर रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि पाकिस्तान का आतंकवादी समूहों का उपयोग करने का लंबा इतिहास रहा है, और इसीलिए अमेरिका की श्डी-हाइफनेशन नीति, दोनों देशों से अलग-अलग संबंध, पहले बेहतर काम करती थी। भारत के प्रति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियां रणनीतिक विश्वास और आपसी हितों को वास्तविक और स्थाई नुकसान पहुंचा रही हैं। यदि ट्रम्प ने अपना रुख नहीं बदला, तो वह भारत को खो देने वाले राष्ट्रपति साबित होंगे।

## एआई नियमों पर राष्ट्रपति ट्रम्प सख्त

■ राज्यों की अलग नीतियां रोकने के लिए जारी किया नया आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एआई नियमों को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपना सख्त रुख अपनाया है। इसके तहत ट्रम्प ने एक नया कार्यकारी आदेश भी जारी किया। इस आदेश का मकसद है कि अलग-अलग अमेरिकी राज्यों द्वारा अपने- अपने नियम बनाकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उद्योग की प्रगति न रोक दी जाए। मामले में ट्रम्प का कहना है कि अगर हर राज्य अपने नियम बनाएगा, तो कंपनियों को 50 जगह से मंजूरी लेनी पड़ेगी, जिससे अमेरिका चीन के खिलाफ एआई की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाएगा। अपने इस आदेश को लेकर ट्रम्प ने कहा कि एआई पर दुनिया में दौड़ लगी हुई है। ऐसे में चीन में कंपनियों को सिर्फ एक जगह से मंजूरी लेनी पड़ती है। लेकिन अमेरिका में अगर अलग-अलग राज्यों के 50 तरह के नियम हुए, तो उद्योग आगे नहीं बढ़ पाएगा।

# फैज हमीद को मिली सजा, तो बस शुरुआत

■ पाक सांसद फैसल वावड़ा का दावा, अभी कई जाएंगे जेल, 9 मई के दंगों से संबंधित आरोपों पर अभी फैसला होना बाकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस के पूर्व प्रमुख फैज हमीद को सेना के कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में एक सैन्य अदालत ने 14 साल जेल की सजा सुनाई है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आईएसआई चीफ फैज हमीद को दी गई सजा महज 'शुरुआत' हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक यह दो साल पहले सेना विरोधी दंगों में शामिल राजनेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ नए मामलों की बाढ़ आने का इशारा माना जा सकता है।

फैज हमीद को गुरुवार को एक सैन्य अदालत ने 14 साल जेल की सजा सुनाई, जिसने उन्हें आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने और राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने सहित कई आरोपों में दोषी पाया। डान की एक रिपोर्ट के मुताबिक अदालत के बयान में कहा गया है कि राजनीतिक तत्वों के साथ मिलीभगत करके निहित स्वार्थों से प्रेरित राजनीतिक आंदोलन और अस्थिरता फैलाने में दोषी की संलिप्तता और कुछ अन्य मामलों से अलग से निपटा जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार इस भाषा से फैज हमीद और कुछ अज्ञात राजनेताओं को अशांति फैलाने के व्यापक प्रयास से जोड़ने का इशारा मिलता है। इसके अनुसार यह संदर्भ पिछले साल से जारी सैन्य बयानों की श्रृंखला में नवीनतम है, जो शक का संकेत देता है और सरकार विरोधी राजनीतिक तत्वों के साथ उनके कथित सांठगांठ की ओर इशारा करता है। पाकिस्तानी सांसद फैसल वावड़ा ने गुरुवार के फैसले की तारीफ करते हुए कहा कि यह तो सिर्फ शुरुआत है, क्योंकि 9 मई के दंगों से संबंधित आरोपों पर अभी फैसला होना बाकी है। जियो न्यूज से बात करते हुए फैसल ने चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को अपने संस्थान से गंदगी हटाने के लिए धन्यवाद दिया। इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सत्ता में रहने के दौरान हमीद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री के करीबी लोगों में जल्दी ही अपनी जगह बना ली थी।

## टीपीपी के आतंकवादियों ने पुलिस चौकी पर किया हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में गुरुवार रात को तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने एक पुलिस चौकी पर हमला कर दिया। इस हमले में कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए।

हमलावरों और पुलिस के बीच तीन घंटे तक गोलीबारी जारी रही। आतंकवादियों ने बन्नू जिले के हावैद पुलिस क्षेत्राधिकार में स्थित शेख लैंडक पुलिस चौकी को निशाना बनाया। पुलिस के बयान के अनुसार कई आतंकवादी मारे गए और कई घायल हुए। प्रवक्ता द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि फितना अल ख्वारिज के आतंकवादियों ने गुरुवार देर रात चौकी पर हमला किया। फितना अल ख्वारिज वह शब्द है जिसका इस्तेमाल सरकार प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े आतंकवादियों के लिए करती है। बयान में कहा गया है कि पुलिसकर्मियों ने साहस और बहादुरी का परिचय दिया और समय रहते कार्रवाई करते हुए हमले को विफल करने में सफलता प्राप्त की। गोलीबारी के दौरान पांच पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आईं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। बयान में कहा गया है कि बन्नू के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सज्जाद खान के निर्देश पर अतिरिक्त कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और इलाके को घेर लिया।

# ऑस्ट्रेलिया-पैराडाइवर प्लेन के विंग में फंसा

## विमान 15000 फीट की ऊंचाई पर था, रिजर्व पैराशूट को काटा

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया क्वींसलैंड में 15000 फीट की ऊंचाई पर स्काईडाइवर का इमरजेंसी (रिजर्व) पैराशूट अचानक खुलकर प्लेन के पिछले विंग में फंस गया। यह घटना स्काईडाइवर के प्लेन से कूदने से ठीक पहले हुई। आस्ट्रेलिया की ट्रांसपोर्ट सेफ्टी एजेंसी ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें स्काईडाइवर काफी देर तक हवा में लटका नजर आ रहा है।

इसके बाद वह पैराशूट की सभी 11 रस्सियां काटकर खुद को आजाद कराता है। इसके बाद स्काईड्राइवर मेन पैराशूट खोलकर लैंडिंग करता है। यह 20 सितम्बर की घटना है, जिसका वीडियो अब जारी हुआ है। ट्रांसपोर्ट सेफ्टी एजेंसी की रिपोर्ट में इस स्काइडाइवर को 'पी-1' कहा गया है। उन्होंने अपने पास रखे एक खास टूल, हुक नाइफ, की मदद से खुद को मुश्किल से छुड़ाया और हल्की चोटों के साथ नीचे उतरने में कामयाब रहे। 'मिड वेज एट द बीच' कार्यक्रम के दौरान स्टंट में 16 स्काई डाइवरों को 15000 फीट (4600 मीटर) की ऊंचाई से छलांग लगानी थी और फिर अपने पैराशूट खोलकर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर एक चेन बनानी थी पूरे कार्यक्रम को एक पैराशूटिंग कैमरा आपरेटर शूट कर रहा था। लेकिन जैसे ही पहला स्काई डाइवर विमान से बाहर निकला, कुछ ही सेकंड में पूरी योजना गड़बड़ा गई। रिपोर्ट के अनुसार, स्काइडाइवर लगभग 15000 फीट कीऊंचाई पर क्वींसलैंड के ऊपर था। प्लेन में कुल 17 स्काइडाइवर थे। जैसे ही वह कूदने के लिए आगे बढ़ा, उसके रिजर्व पैराशूट का हैंडल विमान के विंग फ्लैप में फंस गया और घूम गया। पैराशूट तुरंत खुल गया और हवा लगते ही वह पीछे की ओर तेजी से खिंच गया। इससे पास बैठे एक स्काइडाइवर का संतुलन बिगड़ा और वह हवा में गिर गया। नारंगी रंग का पैराशूट विमान की पूंछ में लिपट गया और पी1 नीचे की ओर लटक गया। इस दौरान पायलट को अचानक महसूस हुआ कि विमान ऊपर उठ रहा है और उसकी रफ्तार कम हो गई है। तब पायलट ने मेडे काल किया और खुद कूदने की तैयारी करने लगा। हालांकि जब उसे बताया गया कि एक स्काइडाइवर विंग में फंस गया है, तो उसने इंजन की पावर घटा दी।



■ मेन पैराशूट खोलकर जमीन पर उतरा

## रूस ने सेवरस्क शहर पर कब्जा करने का किया दावा

**मास्को।** रूस ने यूक्रेन के सेवरस्क पर पूरी तरह से नियंत्रण स्थापित करने का दावा किया है, लेकिन यूक्रेन उसके दावे को खारिज किया है। गौरतलब है कि महीनों की जबरदस्त लड़ाई के बाद बुरी तरह तबाह हुआ यह शहर दोनों सेनाओं के लिए एक सामरिक मुद्दा बना हुआ है। रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक की रिपोर्ट के मुताबिक जनरल स्टाफ चीफ वालेरी गेरासिमोव ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बताया कि सेना ने सेवरस्क पर कब्जा कर लिया है। यह शहर रूस की लुहान्स्क और डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के बॉर्डर वाले इलाकों पर पूरी तरह से नियंत्रण पाने की कोशिशों के लिए बहुत जरूरी माना जाता है।







## सोमालिया में विशेष सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 30 नागरिक मारे गए

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु से 40 किलोमीटर (24.8 मील) दूर अफगोए शहर के पास सोमाली विशेष बलों के एक अभियान के दौरान 30 से जयादा आम लोग मारे गए और 100 से जयादा घायल हुए हैं। सोमालिया के गारोवे अखबार ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि विशेष बलों ने मंगलवार शाम को आतंकवादियों को लक्षित करके एक अभियान चलाया था। लेकिन स्थानीय लोगों ने कहा कि इलाके में कोई आतंकवादी नहीं था। रिपोर्ट में कहा गया कि सुरक्षा बलों के अभियान में कुछ इमारतें तबाह हो गईं और सैकड़ों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े।

# व्हाइट हाउस ने ट्रम्प की बीमारी की अफवाह की खारिज

## कहाः हैंडशेक करने से निशान बने, ट्रम्प बोलेः मेरे जैसा मेहनती राष्ट्रपति कोई नहीं

■ डोनाल्ड ट्रम्प को फीफा शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया, इस दौरान उनके हाथ पर बैंडेज दिखा था

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को गंभीर बीमारी होने की अफवाह फिर से तेज हो गई हैं। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से बार-बार ट्रम्प के दाहिने हाथ पर बैंडेज और नीले-लाल निशान दिखाई दिए।

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि ट्रम्प किसी बीमारी से जूझ रहे हैं या तो उन्हें हाथ में कोई इंजेक्शन लग रहा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलाइन लेविट ने गुरुवार को प्रेस कान्फ्रेंस में इन सभी अफवाहों को खारिज कर दिया। उन्होंने बताया कि ये निशान सिर्फ ज्यादा हैंडशेक करने की वजह से हैं। ट्रम्प हर दिन सैकड़ों-हजारों लोगों से हाथ मिलाते हैं, जिससे ऐसे निशान बन जाते हैं। इसके अलावा बढ़ती उम्र के कारण त्वचा पतली हो जाती है, जिससे मामूली दबाव या रगड़ से भी आसानी से नीला निशान पड़ जाता है।

वहीं ट्रम्प ने अफवाहों को लेकर कहा कि वो पूरी तरह से परफेक्ट हैं। ये निशान ज्यादा काम करने और मेहनत करने के कारण बने हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को फीफा शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके हाथ पर बैंडेज दिखा था। यह पहली बार नहीं हुआ है। इसी साल 2025 के शुरुआती महीनों में भी (फरवरी-मार्च के आसपास) ट्रम्प के दाहिने हाथ पर बड़ा सा नीला-बैंगनी निशान दिखाई दिया था। उस समय भी फोटो वायरल हो गई थीं। तब भी व्हाइट हाउस ने यही स्पष्टीकरण दिया था कि राष्ट्रपति का रोज का रूटीन इतना व्यस्त होता है कि लगातार हैंडशेक करने से ऐसा हो जाता है। उस समय ट्रम्प ने खुद ट्रुथ सोशल पर लिखा था कि मैं बिल्कुल ठीक हूं, ये लोग बस मेरी उम्र और सेहत को लेकर झूठ फैला रहे हैं। इस बार भी ट्रम्प ने बुधवार रात को लंबा पोस्ट लिखकर सभी अफवाहों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वे शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से परफेक्ट स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि उनसे ज्यादा मेहनत करने वाला कोई राष्ट्रपति आज तक नहीं हुआ, और जो मीडिया उनके स्वास्थ्य पर सवाल उठा रहा है, वो फेक न्यूज फैला रहा है। ट्रम्प ने इसे डिशन (राजद्रोह) कहा। ट्रम्प ने आगे कहा कि मैं वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में डाक्टरों की देखरेख में लंबे, गहन और बेहद थकाने वाले टेस्ट करवाता हूं। मैं ये परीक्षण इसलिए करता हूँ क्योंकि यह हमारे देश के प्रति मेरा कर्तव्य है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि उन्होंने एमआरआई जांच में 100 प्रतिशत स्कोर किया है।